✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 14 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 10 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# मोदी सरकार के 12 वर्ष : विश्वास, विकास और बड़े फैसलों की कहानी

## कामयाब रहा मोदी का महामंत्र 'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास'

– कमल किशोर –

**नई दिल्ली।** भारतीय राजनीति के समकालीन इतिहास में पिछले 12 वर्ष एक ऐसे दौर के रूप में दर्ज किए जाएंगे, जिसमें सत्ता, शासन, विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक सुधार और तकनीकी परिवर्तन के अनेक अध्याय एक साथ लिखे गए। 26 मई 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अपने शासन के 12 वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, अश्विनी वैष्णव, जेपी नड्डा और पीयूष गोयल ने देशभर से आए वरिष्ठ पत्रकारों और संपादकों के समक्ष सरकार की उपलब्धियों और प्रमुख नीतिगत निर्णयों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सरकार ने इन 12 वर्षों को विश्वास, विकास और जनकल्याण के नए युग के रूप में रेखांकित किया। भारत मंडपम में आयोजित संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल योजनाओं और निर्णयों का लेखा-जोखा नहीं हैं बल्कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते राष्ट्र की यात्रा का दस्तावेज हैं। हालांकि इन निर्णयों को लेकर राजनीतिक मतभेद और आलोचनाएं भी लगातार सामने आती रही हैं, लेकिन यह निर्विवाद है कि पिछले 12 वर्षों में लिए गए अनेक फैसलों ने देश की राजनीति, अर्थव्यवस्था, समाज और शासन व्यवस्था को व्यापक रूप से प्रभावित किया है। सरकार की ओर से बताया गया कि बीते एक दशक से अधिक समय में कई ऐसे निर्णय लिए गए, जिन्हें राजनीतिक रूप से साहसिक और ऐतिहासिक माना गया। इनमें जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, महिला आरक्षण कानून, तीन तलाक पर रोक, नागरिकता संशोधन कानून, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण, नई शिक्षा नीति और आतंकवाद के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई जैसे कदम प्रमुख रहे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य मंत्रियों ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह महामंत्र



कामयाब साबित हुआ है जिसमें उन्होंने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास तथा सबका प्रयास की बात कही. आज इसी मंत्र के सहारे पूरा भारत एक साथ विकास कर रहा है और आधारभूत संरचनाओं पर विशेष फोकस किया गया है. शौचालय, एक्सप्रेस वे नेटवर्क, वंदे भारत नेटवर्क से लेकर आधारभूत संरचना के लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं और न केवल विकास कार्य हो रहे हैं बल्कि इन विकास कार्यों को भारतीयता के साथ जोड़ा गया है। आज हमारे कानून, हमारे महत्वपूर्ण स्मारक भारतीयता का पुट लिए हुए हैं। योग, लोकल फॉर वोकल तथा वन जिला वन प्रोडक्ट जैसे प्रयासों ने भारतीयता को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि उग्रवाद पर नियंत्रण के साथ-साथ नॉर्थ ईस्ट से लेकर वनवासी क्षेत्रों तक विकास की किरणे पहुंची, युवाओं महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं बनाकर उन्हें लाभान्वित किया गया। 5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त कर दिया। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया। सरकार ने इसे राष्ट्रीय एकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित कर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया गया, जिसे लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने वाला ऐतिहासिक सुधार माना गया। इसी क्रम में 1 जुलाई 2017 को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू कर देश में एकीकृत कर प्रणाली की शुरुआत की गई। सरकार का दावा है कि इससे कर व्यवस्था अधिक पारदर्शी और संगठित बनी। सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में सरकार ने मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम लागू कर तीन तलाक की प्रथा को गैरकानूनी घोषित किया। इसे मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। वहीं सेना में भर्ती प्रक्रिया में बदलाव करते हुए अग्निपथ योजना लागू की गई, जिसके तहत युवाओं को चार वर्षों के लिए अग्निवीर के रूप में सेवा का अवसर दिया गया। इस योजना पर व्यापक बहस और विरोध भी देखने को मिला, लेकिन सरकार इसे सैन्य सुधारों का महत्वपूर्ण हिस्सा मानती है। नागरिकता संशोधन कानून भी सरकार के सबसे चर्चित निर्णयों में शामिल रहा। इस कानून के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान किया गया। कानून को लेकर देशभर में व्यापक बहस और विरोध प्रदर्शन हुए, लेकिन सरकार अपने निर्णय पर कायम रही। डिजिटल इंडिया अभियान और जनधन योजना को भी सरकार ने अपनी (शेष पृष्ठ 11 पर)

# बिहार में सिर्फ 30 दिनों में मिलेगी उद्योग लगाने की मंजूरी : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल एवं तेज बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बिहार में सिर्फ 30 दिनों में उद्योग स्थापना की मंजूरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि अब बिहार में नए उद्योगों की स्थापना के लिए आवश्यक स्वीकृतियों के लिए 30 दिनों की समय सीमा तय कर दी है। अगर 30 दिनों के भीतर मंजूरी नहीं मिली तो निवेशकों का काम में नहीं रुकेगा। राज्य सरकार निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और



उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में सिंगल विंडो प्रणाली को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद (एसआईपीबी) सचिवालय को एकल नोडल एजेंसी के रूप में अधिकृत किया गया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि नई व्यवस्था के तहत उद्योग स्थापना से संबंधित विभिन्न विभागों से मिलने वाली स्वीकृतियों और अनुमोदनों की प्रक्रिया एक ही मंच के माध्यम से पूरी की जाएगी। इससे निवेशकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और सभी आवश्यक मंजूरियां तय समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराई जा सकेंगी। राज्य सरकार निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में सिंगल विंडो प्रणाली को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद सचिवालय को एकल नोडल एजेंसी के रूप में अधिकृत किया गया है। एसआईपीबी सचिवालय को नोडल एजेंसी बनाए जाने से विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बेहतर होगा। साथ ही अनुमोदन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध बनेगी। सरकार का लक्ष्य है कि निवेशकों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराकर बिहार को उद्योगों के लिए एक आकर्षक स्थान बनाया जाए। उन्होंने कहा कि इस फैसले से राज्य में नए निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी। नए उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अवसरों का सृजन होगा, जिससे युवाओं को अपने ही राज्य में रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी। इसके साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# काल बनकर गिरा पीपल का पेड़, पांच लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीतामढ़ी।** जिले के रीगा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। रेवासी धनुषी टोला वार्ड संख्या-01 में एक विशाल पीपल का पेड़ अचानक कच्चे मकान पर गिर पड़ा, जिससे एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है और हर आंख नम दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार, हादसा रात करीब 11 बजे हुआ। उस समय सिकंदर सहनी का परिवार घर के अंदर सो रहा था। अचानक घर के पास स्थित पुराना पीपल का पेड़ जड़ से उखड़कर मकान पर गिर गया। पेड़ का वजन इतना अधिक था कि मिट्टी और फूस से बना कच्चा घर पूरी तरह ढह गया। इस हादसे में सिकंदर सहनी की पत्नी पूजा देवी (28), पुत्र राजकुमार (7), पुत्री शिवानी (5) और एक माह के मासूम बेटे लाइगर कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो वर्षीय पुत्र वीरभद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों और परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक चार लोगों की मौत हो चुकी थी। बाद में अस्पताल में घायल बच्चे की भी जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह, रीगा थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी और बीडीओ संजय पाठक घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने हालात का जायजा लिया और राहत कार्यों की निगरानी की। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ से टकराई बोलेरो, मां-बेटे की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा पटना-बख्तियारपुर फोरलेन पर महाविहार होटल के समीप हुआ जहां तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले निवासी उपेंद्र सिंह और फूलमती देवी के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में मां और बेटा बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### जेल में बंद कैदी की मौत पर बवाल

**मधेपुरा (नबिटा ब्यूरो)।** मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने जेल के अंदर कैदी के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। मृतक की पहचान मधेपुरा नगर परिषद क्षेत्र के भीरखी वार्ड-24 निवासी रंजन पासवान के 27 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है।

### बिना वीजा-पासपोर्ट भारत में घुसते धरे गए दो विदेशी

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रक्सौल बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता दिखाते हुए दो विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। दोनों पर बिना वैध वीजा और पासपोर्ट के भारत में प्रवेश करने का प्रयास करने का आरोप है। घटना के बाद सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है तथा विभिन्न एजेंसियां मामले की गहन जांच में जुट गई हैं। गिरफ्तार विदेशी नागरिकों की पहचान म्यांमार के आंग निक लैट और स्विट्जरलैंड की महिला नागरिक जुनिला बेक श्रेष्ठा के रूप में हुई है।

# बंधक बनाकर बालू चालान सेंटर से आठ लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** खैरा थाना क्षेत्र के भौंड बालू घाट स्थित चालान सेंटर पर सोमवार देर रात हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोलकर आठ लाख रुपये लूट लिए। लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने सेंटर पर मौजूद दो कर्मचारियों पर चाकू से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार, देर रात लगभग आधा दर्जन अपराधी बाइक से चालान सेंटर पहुंचे। उन्होंने सेंटर में घुसकर कर्मचारियों को हथियार के बल पर अपने कब्जे में ले लिया और नकदी लूटने लगे। कर्मचारियों द्वारा विरोध किए जाने पर अपराधियों ने चाकू और पिस्टल से हमला किया। इस हमले में गिद्धौर थाना क्षेत्र निवासी शिवशक्ति कुमार और छपरा जिले के आमीन निजुआरा निवासी अनिल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही खैरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान मौके से एक मैगजीन भी बरामद हुई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मंगलवार की सुबह जमुई एसपी विश्वजीत दयाल और एडीपीओ सतीश सुमन पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की। जमुई एसपी विश्वजीत दयाल ने कहा कि घटना सोमवार की देर रात की है। बालू बंदोबस्ती के ऑफिस में बीती रात कुछ अपराधी तत्वों के द्वारा हमला किया गया है। इस हमले में दो व्यक्ति जख्मी हुए हैं। उन्होंने बताया कि करीब आठ लाख रुपये अपराधियों ने लूट लिया है। मौके पर एफएसएल की टीम पहुंच कर साक्ष्य जुटा रही है। एसडीपीओ सतीश सुमन के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है जल्द ही इस कांड का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# राज्य के हर घर तक पाइपलाइन से पहुंचाएं शुद्ध पेयजल : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कामकाज की उच्च स्तरीय समीक्षा की। बैठक में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में चल रही योजनाओं की प्रगति और 2026-27 की कार्य योजना पर अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल की उपलब्धता जनजीवन से जुड़ा बेहद अहम विषय है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के तहत राज्य के हर घर तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम समय पर पूरा किया जाए। जहां भी पेयजल संकट की संभावना हो, उन इलाकों को चिन्हित कर वहां त्वरित कार्रवाई की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने जल सहियाओं की भूमिका को लेकर भी अहम



निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल सहियाओं को आईटीआई के जरिए प्लंबर का वोकेशनल प्रशिक्षण दिलाया जाए और उन्हें चापाकलों की मरम्मत और सौर ऊर्जा वाटर सप्लाई की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी जाए। अच्छा काम करने वाली जल सहियाओं को पुरस्कृत भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी योजनाओं के ठेकेदारों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर रोज की काम की प्रगति अपडेट कराई जाए और उसकी लगातार निगरानी हो। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि जल जीवन मिशन के तहत दिसंबर 2028 तक राज्य के शत प्रतिशत ग्रामीण घरों तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। भू-जल स्तर को लेकर भी मुख्यमंत्री ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जो चापाकल भू-जल स्तर गिरने के कारण बेकार हो चुके हैं उनके बोरिंग का इस्तेमाल रिचार्ज पीट के रूप में किया जाए ताकि बारिश का पानी जमीन में उतर सके। इसके अलावा लोगों को शॉक पीट बनाने के लिए भी जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाई जाए और जो गांव प्लास्टिक मुक्त बनें, उन्हें सरकार की तरफ से पुरस्कृत किया जाए। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# नीट री-एग्जाम को लेकर बिहार में हाई अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीट यूजी 2026 री-एग्जाम को लेकर बिहार सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड में है। परीक्षा को निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की गई हैं। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और डीजीपी विनय कुमार ने संयुक्त समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। सरकार का कहना है कि परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पहले ही परीक्षा तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा कर चुके हैं। सरकार का लक्ष्य है कि परीक्षा बिना किसी विवाद और परेशानी के संपन्न हो। इस बार प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को लेकर खास व्यवस्था की गई है। भारतीय वायु सेना और डाक विभाग मिलकर प्रश्न पत्रों को राज्य के विभिन्न हब तक पहुंचाएंगे। सरकार का दावा है कि इससे प्रश्न पत्रों की ढुलाई का समय काफी कम हो जाएगा। अंतिम केंद्र तक पेपर सिर्फ 2 से 3 घंटे में पहुंच जाएगा। बिहार के 34 जिलों और 35 शहरों में कुल 331 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में 1 लाख 56 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। सबसे ज्यादा 46,029 परीक्षार्थी पटना में परीक्षा देंगे। इसके लिए जिले में 95 केंद्र बनाए गए हैं। पेपर लीक या फर्जी सवाल पत्र से जुड़ी अफवाहों को रोकने के लिए पुलिस को विशेष निर्देश दिए गए हैं। डीजीपी ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर फर्जी पेपर वायरल करता है या झूठी जानकारी फैलाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ने पर गिरफ्तारी भी की जाएगी। राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों की निगरानी की जाएगी। जिन संस्थानों का नाम पहले किसी विवाद में आया है, उन्हें विशेष निगरानी सूची में रखा गया है। खुफिया एजेंसियां भी ऐसे संस्थानों पर नजर रखेंगी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की तैनाती होगी। अभ्यर्थियों की जांच के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। महिला अभ्यर्थियों की जांच केवल महिला सुरक्षाकर्मी करेंगी।





EST: 2022

R.P. INTERNATIONAL SCHOOL

MATUK BIGHA, HISUA (NAWADA)

www.rpinternationalschool.in, rpish22@gmail.com

Reg. No.: 23715202022917191616

UDISE Code: 10360303407

Mob.: 8340164989

Applications are invited Post-Graduate/Graduate, Fluent in English, Trained and Experienced Teachers for following posts:

- PGT's: All Subjects (Science/Commerce/ Humanities)
- TGT's: Hindi, English, Maths, Science, S.St., Art & Computer Science
- PRT's: All Subjects
- PTI/Physical Education
- Teacher/ Coordinator

Eligible and interested candidates can send their CV on rpish22@gmail.com within 15 days from the date of Advertisement

Secretary

मिशन 'नीट 2026': मुख्यमंत्री की समीक्षा के बाद एक्शन में मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक

# नीट पुनर्परीक्षा को पूर्णतः कदाचार-मुक्त कराने के लिए बिहार सरकार मुस्तैद

## परीक्षार्थियों को बीएसआरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट 2026 पुनर्परीक्षा को पूर्णतः कदाचार-मुक्त, पारदर्शी और अभेद्य सुरक्षा माहौल में संपन्न कराने के लिए बिहार सरकार पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी सिलसिले में आज मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें परीक्षा के सफल संचालन हेतु 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में मुख्य सचिव ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इस महत्वपूर्ण विषय पर मुख्यमंत्री द्वारा पहले ही उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया जा चुका है। राज्य सरकार हर हाल में इस परीक्षा को बिना किसी त्रुटि या विफलता के सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूरी तरह आश्वस्त और दृढ़ संकल्पित है। नीट 2026 पुनर्परीक्षा की गोपनीयता और अभेद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डाक विभाग के समन्वय से भारतीय वायु सेना के विशेष विमानों द्वारा प्रश्न-पत्रों को सीधे स्टेट हब्स तक सुरक्षित एयरलिफ्ट किया जाएगा। इस ऐतिहासिक तकनीकी एवं रणनीतिक बदलाव से परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न-पत्र पहुंचाने की अवधि घटकर मात्र 2 से 3 घंटे रह जाएगी।

**परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े:** राज्य के 34 जिलों के 35 शहरों में कुल 331 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं जिसमें कुल 1,56,061 परीक्षार्थी (छात्रः 81,165 और छात्राएं: 74,896) सम्मिलित होंगे।

**शीर्ष परीक्षार्थी वाले मुख्य जिले:** सर्वाधिक 95 परीक्षा केंद्र पटना जिले में बनाए गए हैं जहां सबसे अधिक 46,029 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके बाद दरभंगा में 16 केंद्रों पर 8,633 अभ्यर्थी, मुजफ्फरपुर में 13 केंद्रों पर 8,126 अभ्यर्थी, गया में 12 केंद्रों पर 6,894 अभ्यर्थी, सीवान में 12 केंद्रों पर 6,517 अभ्यर्थी और मोतिहारी में 13 केंद्रों पर 6,320 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

**अन्य प्रमुख जिले:** भागलपुर (15 केंद्र, 5,892 अभ्यर्थी), पूर्णिया (12 केंद्र, 4,880 अभ्यर्थी), बेतिया (8 केंद्र, 4,819 अभ्यर्थी), समस्तीपुर (7 केंद्र, 4,407 अभ्यर्थी), गोपालगंज (7 केंद्र, 3,906 अभ्यर्थी), हाजीपुर/वैशाली (11 केंद्र, 4,145 अभ्यर्थी), बेगूसराय (8 केंद्र, 3,868 अभ्यर्थी), नालंदा (7 केंद्र, 3,804 अभ्यर्थी), सासाराम/रोहतास (7 केंद्र, 3,598 अभ्यर्थी), सीतामढ़ी (6 केंद्र, 3,524 अभ्यर्थी) और मधुबनी (8 केंद्र, 3,314 अभ्यर्थी) में भी व्यापक व्यवस्था की गई है।

**सोशल मीडिया की चौबीसों घंटे मॉनिटरिंग और प्रिवेंटिव अरेस्ट:** पुलिस महानिदेशक ने निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया के सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर लगातार पैनी नजर रखी जाए। यदि कोई भी असामाजिक तत्व प्रश्न-पत्र लीक का झूठा दावा करता है, फर्जी पेपर वायरल करता है या किसी भी तरह की अफवाह फैलाता है तो उसके खिलाफ तुरंत अरेस्ट की कार्रवाई की जाएगी।

**कोचिंग सेंटरों पर सख्त पहरा:** राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाएगा और अतीत में संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रहे संस्थानों को आईबी और एलआईयू के इनपुट्स के आधार पर चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी में रखा जाएगा।

**हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट और पुलिस टीम लीडर**

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर जिला प्रशासन द्वारा 1 ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन द्वारा 1 पुलिस टीम लीडर की तैनाती अनिवार्य रूप से की जाएगी। अभ्यर्थियों की संख्या के अनुपात में प्रति केंद्र 3 से 14 होमगार्ड/पुलिस कर्मियों को फ्रिस्किंग ड्यूटी में लगाया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग के लिए बंद घेरे में केवल महिला सुरक्षाकर्मियों की प्रतिनियुक्ति होगी।

**मुफ्त परिवहन सेवा:** राज्य सरकार के विशेष आदेशानुसार, नीट 2026 की परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में मुफ्त टिकट की सुविधा प्रदान की जाएगी।

**सत्तू, ओआरएस और मेडिकल मोबाइल यूनिट**

जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के समन्वय से सभी केंद्रों पर शुद्ध पेयजल और सत्तू की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही हर केंद्र पर ओआरएस के पैकेट और मेडिकल मोबाइल यूनिट की मुस्तैदी रहेगी।

## पीएम मोदी के 12 वर्ष 'सबका साथ, सबका विकास' की अनोखी मिसाल : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पण और सेवाभाव पीएम मोदी के नेतृत्व की अमूल्य पूंजी रही है। यह बीते 12 वर्षों का जमीनी सच है। उन्होंने कहा कि 2014 से 2026 तक का सफर भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' की नीति पर चलकर पीएम मोदी ने देश को नई दिशा दी है। उनके कुशल नेतृत्व में गरीब कल्याण, अन्नदाता समृद्धि, नारी सशक्तीकरण, युवाओं के लिए अवसर, स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास, डिजिटल परिवर्तन और आधारभूत संरचना को नई गति मिली है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण व सनातन सांस्कृतिक विरासत के पुनर्स्थापन ने राष्ट्र की अस्मिता, आत्मगौरव को नई ऊर्जा प्रदान की है। श्री पांडेय ने कहा कि आज भारत केवल आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हुआ है, बल्कि आत्मनिर्भरता की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। रक्षा, डिजिटल, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर - हर क्षेत्र में भारत ने वैश्विक पहचान बनाई है। स्वास्थ्य क्षेत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिला। कोरोना काल में 'मेड इन इंडिया' वैक्सीन बनाकर हमने दुनिया को बचाया। बिहार में भी एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित होना 'विकसित भारत' की सोच का ही परिणाम है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति 'शक्तिशाली और सम्मानजनक' हुई है। पुलवामा हो या गलवान, देश ने दुनिया को दिखाया कि नया भारत अब आंख नहीं झुकाता। पीएम मोदी जी ने राजनीति को 'सत्ता' से निकालकर 'सेवा' बना दिया।

## देश को हॉकी में स्वर्ण दिलाने वाली टीम में बिहार के लाल को मंत्री ने किया सम्मानित

### जापान में आयोजित एशियन हॉकी टूर्नामेंट में भरत ने जीता था गोल्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** हाल में जापान में आयोजित एशियन हॉकी टूर्नामेंट (अंडर-18) में भारत की टीम ने स्वर्ण पदक जीता है। इस विजयी टीम में गोलकीपर की अहम भूमिका निभाने वाले सावन कुमार बिहार के रहने वाले हैं। इस बड़ी उपलब्धि पर सूचना एवं जन सम्पर्क, ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री, जदयू विधायक दल के नेता सह बिहार हॉकी संघ के अध्यक्ष मंत्री श्रवण कुमार ने गोलकीपर सावन कुमार को सम्मानित किया। मंगलवार को सूचना भवन में आयोजित सम्मान समारोह में मंत्री ने कहा कि बिहार ने हॉकी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। यह बिहार के लिए पहला मौका है जब किसी हॉकी खिलाड़ी ने अंडर-18 प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। सावन कुमार ने न सिर्फ बिहार बल्कि पूरे देश का नाम रौशन किया है। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि राज्य में सरकार के सहयोग से हॉकी में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। अनुभवी कोच और बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जिससे खिलाड़ी भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे। बिहार में खेलों को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। सावन की इस जीत से राज्य के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी हॉकी खेलने के लिए प्रेरणा मिलेगी। सावन कुमार जैसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि से लेकर सालाना छात्रवृति देने की योजना भी है। मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि राज्य सरकार सावन कुमार को लगभग 16 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देगी। साथ ही उन्हें छात्रवृत्ति योजना के तहत सालाना 20 लाख रुपये की सहायता भी दी जाएगी। अंत में कहा कि हमें अपने राज्य की प्रतिभाओं पर पूरा भरोसा है वे जिस क्षेत्र में कदम रखेंगे सफलता मिलेगी। इस दौरान गोलकीपर सावन कुमार ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2018 में हॉकी खेलना शुरू किया था। शुरुआती दिनों में सुबह की ट्रेनिंग और खाली जगहों पर अभ्यास से शुरुआत की। पहला राष्ट्रीय स्तर का मैच 2023 में खेला।

## शाओमी इंडिया ने लांच किया शाओमी 17टी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शाओमी इंडिया ने शाओमी 17टी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह शानदार फ्लैगशिप डिजाइन में बेहतरीन इमेजिंग, शानदार एंटरटेनमेंट, जबरदस्त परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ का मेल है। शाओमी 17टी में लाइका लाइव मोमेंट भी पेश किया गया है। शाओमी 17टी के फोक्स में लाइका-पावर्ड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है जिसमें 50एमपी का मेन कैमरा और शाओमी टी सीरीज में पहली बार लाइका 5एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा दिया गया है। शाओमी 17टी में शाओमी विजन केयर है जो एक स्मार्ट आई-केयर सिस्टम है। यह आसपास के माहौल के हिसाब से अपने-आप एडजस्ट हो जाता है और ब्लू लाइट एक्सपोजर, फ्लिकर और आंखों की थकान को कम करने में मदद करता है।

## थैलेसीमिया पीड़ित पांच बच्चों का नया बैच बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए भेजा गया वेल्लोर : निशांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गंभीर एवं दुर्लभ बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और स्वस्थ भविष्य प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के अंतर्गत थैलेसीमिया (मेजर) से पीड़ित 5 बच्चों के नए बैच को आज तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) में बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) के लिए भेजा गया। यह योजना के तहत भेजा जाने वाला आठवां बैच है। इससे पूर्व सात बैचों में कुल 43 बच्चों का सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जा चुका है जिससे उनके जीवन में नई आशा का संचार हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एनडीए के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 6 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना को मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस योजना का उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को स्थायी उपचार उपलब्ध कराकर उन्हें सामान्य एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार थैलेसीमिया, हीमोफिलिया और सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं देखभाल के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में राज्य में 6 एकीकृत डे-केयर केंद्र स्थापित किए गए हैं जहां मरीजों को जांच, रक्ताधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन), आयरन चेलेटिंग दवाएं तथा एंटी हेमोफिलिक फैक्टर (एएचएफ) सहित आवश्यक चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। श्री निशांत ने कहा कि 12 वर्ष से कम आयु के पात्र बच्चों के लिए संचालित इस योजना के तहत बिहार सरकार ने सीएमसी वेल्लोर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। ऐसे बच्चों जिनका भाई या बहन एचएलए मैच करता है, उनका सीएमसी वेल्लोर में पूर्णतः निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जाता है।

## आरओबी टूटने पर तीन इंजीनियर निलंबित, वेतन से वसूला जाएगा क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का खर्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के बक्सर में आरओबी क्षतिग्रस्त हो गया। उद्घाटन के महज 96 घंटे बाद इटाढ़ी रेलवे गुमटी के पास 26 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से रेल ओवरब्रिज का स्लैब खिसक गया। अब इस मामले में सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेन्द्र के निर्देश पर विभाग ने तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत इन अभियंताओं के वेतन से कराई जाएगी। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है और अब पूरे मामले में जवाबदेही तय होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि एलसी-70ए आरओबी संरचना पूरी तरह सुरक्षित है। तकनीकी निरीक्षण और मरम्मत कार्य जारी है। परियोजना से जुड़े तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है और अन्य संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। सड़क निर्माण विभाग जन सुरक्षा को प्राथमिकता देता है और परियोजना की गुणवत्ता और संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मामले को लेकर पथ निर्माण मंत्री के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मंत्री के निर्देश पर तीन अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। बताया गया कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई हो सकती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का खर्च निलंबित अभियंताओं के वेतन से वसूला जाएगा जो विभागीय कार्रवाई के लिहाज से बेहद सख्त कदम माना जा रहा है। सरकारी कार्रवाई के बाद अब विभाग के भीतर भी खलबली मची हुई है। चर्चा इस बात की है कि यदि जांच में और गंभीर लापरवाही सामने आती है तो कई अन्य अभियंताओं और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। विभागीय सूत्रों के अनुसार पूरे निर्माण कार्य, गुणवत्ता नियंत्रण और तकनीकी निरीक्षण से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

## 10 जून को प्रधानमंत्री मोदी रचेंगे इतिहास : संजय सरावगी

### 12 वर्ष 15 दिन का ऐतिहासिक कार्यकाल, प्रधानमंत्री मोदी ने रचा नया कीर्तिमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2014 से प्रारंभ हुई यह विकास यात्रा आज भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली ऐतिहासिक यात्रा बन चुकी है। बीते 12 वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 13 मई 1952 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। नेहरू लगातार 4397 दिन यानी 12 साल 14 दिन तक प्रधानमंत्री रहे थे। पीएम मोदी ने 9 जून को सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री का नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने 4398 दिन यानी 12 साल 15 दिन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं बल्कि जनसेवा का साधन बनाया है। उनकी दूरदर्शी सोच, निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्र प्रथम की भावना ने भारत को नई पहचान प्रदान की है। आज भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ राष्ट्र है जो विश्व के सामने मजबूती से अपनी बात रखता है और वैश्विक निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। श्री सरावगी ने कहा कि मोदी सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को आधार बनाकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर मिला, उज्ज्वला योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने करोड़ों परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि जनधन खाते, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, डिजिटल भुगतान और आधार आधारित व्यवस्था ने भ्रष्टाचार एवं बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करते हुए पारदर्शी शासन की नई मिसाल स्थापित की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, पीएम गति शक्ति, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। विदेशी निवेश के नए रिकॉर्ड स्थापित हुए हैं, बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है तथा युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। भारत आज नवाचार, तकनीक और उद्यमिता का वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है।

## राजस्व सेवा के 10 अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने मंगलवार को बिहार राजस्व सेवा के 10 अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाईकी स्वीकृति दी है। इनमें समस्तीपुर की सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी अंजली कुमारी आनंद की सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा भी शामिल है। इसके अलावा कुमारी आंचल (अंचल अधिकारी, छपरा सदर), अविनाश कुमार (तत्कालीन अंचल अधिकारी, बोधगया), रविन्द्र कुमार चौपाल (अंचल अधिकारी, अस्थावां), राकेश कुमार (अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण), ज्ञानीन्द्र (तत्कालीन अंचल अधिकारी, मोकामा) के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। वहीं, कौशिका कुमारी (अंचल अधिकारी, मधेपुर), नारायण राजा (अंचल अधिकारी, हथुआ), राम कुमार रमन (राजस्व अधिकारी, गया सदर) एवं संजीव कुमार (सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, गया) के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार कुमारी आंचल, रविन्द्र कुमार चौपाल और राकेश कुमार को निन्दन की सजा दी गई है। अविनाश कुमार की एक वेतन वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोकने का दंड दिया गया है। कौशिका कुमारी को चेतावनी दी गई है। वहीं, ज्ञानीन्द्र, नारायण राजा और संजीव कुमार के विरुद्ध आरोप पत्र गठित किए गए हैं। राम कुमार रमन के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया है। मंत्री ने कहा कि आम जनता के हितों से जुड़े मामलों में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इससे पहले भी विभाग द्वारा 32 अंचल अधिकारियों एवं राजस्व पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। राजस्व अधिकारी सोनी कुमारी की बर्खास्तगी की अनुशंसा की गई थी। विभाग द्वारा कार्रवाई का सामना करने वाले अधिकारियों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है।

## शिक्षकों की समस्या के समाधान के लिए लगेगा जनता दरबार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में अब शिक्षकों के समस्या के समाधान के लिए जनता दरबार लगेगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। शिक्षा विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने शिक्षकों की शिकायतों के जल्द और प्रभावी निपटारे के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जाये, ताकि उन्हें बार-बार राज्य मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े और स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित न हो। एसओपी में जिला और प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले जनता दरबार को शिकायत निवारण की प्रमुख व्यवस्था बताई गई है। विभाग के सचिव ने कहा है कि निर्धारित तारीखों पर आयोजित जनता दरबार में शिक्षकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर किया जाना चाहिए। बड़ी संख्या में शिक्षक अपनी शिकायतों के साथ राज्य मुख्यालय पहुंच रहे हैं, जिससे न केवल शिक्षकों को व्यक्तिगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बल्कि विभाग से जुड़े काम भी प्रभावित होते हैं। विभाग ने जिलों को निर्देश दिया है कि जनता दरबार, ई-शिक्षाकोष पोर्टल और स्थानीय प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से शिक्षकों की शिकायतों का जल्द समाधान सुनिश्चित करें। ताकि शिकायतों के समाधान के लिए राज्य मुख्यालय पर निर्भरता कम हो और शिक्षा व्यवस्था अधिक सुचारु रूप से संचालित हो सके।

## डिजिटल और क्लासरूम शिक्षा का संगम बना सफलता की कुंजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** जेईई एडवांस्ड 2026 के परिणामों में इन्फिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। संस्थान के ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों शिक्षण मॉडल से जुड़े विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट रैंक हासिल कर सफलता की नई मिसाल कायम की है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से तैयारी करने वाले छात्र जय सोमानी ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 377 प्राप्त की। वहीं श्री चैतन्या अकादमी वाराणसी के छात्र शशांक मौर्य ने एआईआर 500 और बेंगलुरु केंद्र के छात्र निशांक व्यास ने एआईआर 769 हासिल कर संस्थान की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। इस अवसर पर इन्फिनिटी लर्न की संस्थापक एवं सीईओ सुषमा बोप्पना ने कहा कि छात्रों की यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी फैकल्टी और तकनीक आधारित शिक्षण प्रणाली का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन्फिनिटी लर्न लगातार छात्रों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान के फाउंडिंग सीईओ उज्ज्वल सिंह ने कहा कि छात्रों की उपलब्धियां यह साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पित प्रयासों से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन्फिनिटी लर्न भविष्य में भी छात्रों को बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराता रहेगा, ताकि वे देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश पा सकें।

## ग्रामीण इलाकों में वित्तीय जागरूकता और डिजिटल साक्षरता के लिए चल रही अनोखी मुहिम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के ग्रामीण इलाकों में वित्तीय जागरूकता और डिजिटल साक्षरता के लिए एक अनोखी मुहिम चल रही है। बिहार राज्य सहकारी बैंक की ओर से इसको लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बैंक के कर्मी ग्रामीण इलाकों में जागरूकता के लिए वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित करते हैं और ग्रामीणों को बैंकिंग से जुड़ी जानकारी दी जाती है। उन्हें साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बचाने के लिए जागरूक किया जाता है। इन शिविरों में सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभ एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। बिहार राज्य सहकारी बैंक न सिर्फ राज्य के ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग की बेहतर सुविधाएं मुहैया करवा रहा है, बल्कि ग्रामीणों में वित्तीय जागरूकता फैलाकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भी बखूबी निभा रहा है। बैंक की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 में 600 वित्तीय समावेशन शिविरों का आयोजन किया जाना है। इन शिविरों की श्रृंखला की शुरुआत बीते 2 जून को सारण जिले से हो चुकी है। इस दिन जिले के हसनपुर पीडीसीएस परिसर में वित्तीय समावेशन शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया था। विभिन्न ग्रामीण इलाकों में लगाए जा रहे ऐसे शिविरों में बैंक द्वारा लोगों के नए बचत बैंक खाते भी खोले जा रहे हैं।

## 52 जिलों और 1420 मंडलों में डेढ़ लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का लिया गया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश कार्यालय में आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत मंडल एवं जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण वर्गों के सफल समापन के बाद एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूरे अभियान की विस्तृत समीक्षा करते हुए आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में प्रशिक्षण अभियान के केंद्रीय प्रभारी एवं सांसद अमरपाल मौर्य, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, बिहार प्रशिक्षण अभियान के संयोजक मृत्युंजय झा, सदस्य विकास ओझा सहित प्रशिक्षण अभियान से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्य और प्रशिक्षण टोली के सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, धनराज शर्मा, डॉ. प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक तथा राजेश झा भी बैठक में मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेशभर में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों की उपलब्धियों, सहभागिता और संगठनात्मक प्रभाव का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। साथ ही सांसदों, प्रदेश पदाधिकारियों तथा अन्य संगठनात्मक दायित्वों से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित होने वाले आगामी प्रशिक्षण वर्गों की कार्ययोजना पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक प्रशिक्षण के महत्वों को रेखांकित किया गया तथा संगठन में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक में प्रशिक्षण अभियान की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी गई। बैठक में बताया गया कि बिहार भाजपा द्वारा राज्य के सभी 52 संगठनात्मक जिलों में जिला प्रशिक्षण वर्गों का सफल आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से लगभग 20 हजार कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक, वैचारिक, राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं प्रदेश के 1420 मंडलों में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों के जरिए 1.50 लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान भाजपा की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति, जनसंपर्क, सोशल मीडिया, चुनाव प्रबंधन तथा सेवा कार्यों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में इस बात पर भी विशेष जोर दिया गया कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और गरीब कल्याण की उपलब्धियों को कार्यकर्ता प्रभावी ढंग से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। इसके लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने तथा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान किया गया।

## नीट परीक्षा को लेकर इओयू ने जारी की एडवाइजरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-2026 की लिखित पुनर्परीक्षा को लेकर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने अभ्यर्थियों और आम लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि असामाजिक तत्व और साइबर ठग परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने, फर्जी प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने तथा नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का प्रयास कर सकते हैं। आर्थिक अपराध इकाई ने कहा है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट-2026 पुनर्परीक्षा राज्य के विभिन्न जिलों में 21 जून को आयोजित की जानी है। ऐसे में साइबर अपराधियों द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, व्हाट्सएप, एक्स (पूर्व में ट्विटर) समेत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और डिजिटल माध्यमों का दुरुपयोग कर परीक्षा संबंधी भ्रामक सूचनाएं फैलाए जाने की आशंका है। ईओयू ने अभ्यर्थियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रश्नपत्र या उत्तरपत्र उपलब्ध कराने के नाम पर फोन, सोशल मीडिया या ई-मेल के माध्यम से संपर्क कर पैसे की मांग करता है तो तत्काल सतर्क हो जाएं और इसकी सूचना नजदीकी थाना या साइबर थाना को दें। साथ ही किसी भी अफवाहपूर्ण या भ्रामक संदेश को आगे फॉरवर्ड नहीं करने की अपील की गई है। ईओयू ने चेतावनी दी है कि सार्वजनिक परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए दोषियों को 10 वर्ष तक के कारावास और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता, 2023 में भी परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए कड़े दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं।

# अधिनायक लिपिक भर्ती परीक्षा की तैयारी पूरी

## कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना द्वारा गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में 'अधिनायक लिपिक' पद पर चयन हेतु लिखित परीक्षा 10 जून 2026 को सासाराम के 17 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 12 बजे तक संचालित होगी तथा अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग समय पूर्वाह्न 8:30 बजे निर्धारित किया गया है। परीक्षा में कुल 9360 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर आज समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में केन्द्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त



दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। बैठक में अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक रोहतास द्वारा जारी संयुक्तादेश का सभी अधिकारियों को आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति में कदाचार, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा सुरक्षा मानकों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी केन्द्राधीक्षकों एवं दण्डाधिकारियों को परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर अथवा किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री एवं लिखित सामग्री ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की सघन जांच की जाएगी। बैठक में बताया गया कि परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व अर्थात पूर्वाह्न 09:30 बजे परीक्षा केन्द्रों का प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश के लिए ई-प्रवेश पत्र एवं वैध फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा केन्द्रों पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा एवं कदाचारमुक्त वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से विद्यालय भवनों की छतों से भी सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी बाहरी तत्व की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके तथा परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता अक्षुण्ण बनी रहे।

# 60 हजार रुपये उधार लेकर हड़पने की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के मांगी लाल गली निवासी दिलीप कुमार गुप्ता ने एक महिला पर 60 हजार रुपये उधार लेकर हड़पने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए नगर थाना में प्राथमिकी कराई है। पुलिस के अनुसार दिलीप ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया है कि दरिहट थाना के भुसहुला गांव निवासी दौलती देवी ने गत 22 अगस्त को उनसे यह कहकर 60 हजार रुपये उधार लिए कि एक माह के अंदर वापस कर देगी। पैसा लेने के बाद स्टांप पर एग्रीमेंट भी बनाया। आरोप है कि एक माह बीत जाने के बाद जब दिलीप ने पैसे मांगे तो उसने राशि लौटाने से इनकार कर दिया। मांगने पर गाली-गलौज, अश्लील शब्दों का प्रयोग और धमकी देने लगी। पीड़ित का कहना है कि काफी प्रयास के बाद भी महिला ने अभी तक राशि नहीं लौटाई और तरह-तरह की धमकी दे रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम ने की जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद का बैठक आहूत की गयी जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जिला माप एवं तौल पदाधिकारी, प्रबंधक जिला लीड बैंक एवं बिन्दु कुमारी नामित सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक में जिलाधिकारी, रोहतास द्वारा उपभोक्ता मामलों से संबंधित विषयों की समीक्षा की गयी। उनके द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में वर्णित सभी नियमों / दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निदेश सभी विभागों एवं पदाधिकारियों को दिया गया।

# डिहरी बीएसएपी-2 में हीट स्ट्रोक से पांच प्रशिक्षु जवान बेहोश, एक की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के डिहरी स्थित बीएसएपी-2 प्रशिक्षण केंद्र में मंगलवार सुबह आयोजित लंबी दूरी की दौड़ के दौरान तेज गर्मी और लू के चलते बड़ा हादसा हो गया। 16 किलोमीटर की प्रशिक्षण दौड़ के दौरान 5 से अधिक प्रशिक्षु जवान हीट स्ट्रोक का शिकार होकर बेहोश हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद प्रशिक्षकों में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत सभी प्रभावित जवानों को एंबुलेंस की मदद से डिहरी अनुमंडलीय अस्पताल और सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सासाराम एसडीपीओ विप्लव कुमार के अनुसार गंभीर रूप से प्रभावित एक प्रशिक्षु जवान श्री राम कुमार की स्थिति नाजुक बनी हुई है जिसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है। सुबह से ही जिले में भीषण गर्मी और तीखी धूप के कारण हालात बेहद कठिन बने हुए थे। दौड़ के दौरान कई जवान अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े। समय रहते ट्रेनिंग स्टाफ ने स्थिति को संभाला और सभी को तत्काल इलाज के लिए भेजा गया। फिलहाल तीन जवानों का इलाज सासाराम सदर अस्पताल में चल रहा है जबकि अन्य का इलाज डिहरी अस्पताल में किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही सभी जवानों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल तीन जवान सदर अस्पताल में भर्ती हैं और एक को वाराणसी रेफर कर दिया गया है। स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

# महिला से चेन की छिनतई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के चौधरी मुहल्ला में एक महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार राजपुतान मुहल्ला निवासी जय प्रकाश सिंह की पत्नी सुबह एनिकट से टहल कर अपने घर लौट रही थी। चौधरी मुहल्ला में लालाजी बाबू के मकान के पास काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली। खींचतान में महिला गिर पड़ीं और चेन टूटकर एक हिस्सा उनके पास रह गया जबकि दूसरा हिस्सा बदमाश लेकर फरार हो गए। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से बदमाशों की पहचान में जुटी है।

# महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का प्रदर्शन

## बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी : गुड्डू चन्द्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय जनता दल ने मंगलवार को डिहरी प्रखंड कार्यालय परिसर में महंगाई, बेरोजगारी, बदहाल शिक्षा व्यवस्था, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। धरना का नेतृत्व डिहरी विधानसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। धरना को संबोधित करते हुए गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का जीवन संकट में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी की बढ़ती समस्या से युवाओं में निराशा का माहौल है और उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में संसाधनों की भारी कमी है तथा शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार गिरावट आ रही है। इससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने अपराध की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि पात्र लोगों को बिना किसी बाधा के योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के कारण गरीब और जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। धरना के दौरान राजद नेताओं ने सरकार से जनहित के मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन और तेज करेगी। राजद के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य नथुनी पासवान ने आरोप लगाया कि बिहार सरकार द्वारा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है तथा उनसे संबंधित सुविधाओं को वापस लिया जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य और देश में महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं में वृद्धि हुई है, लेकिन सरकार इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने में विफल साबित हो रही है। राजद चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. ओपी आनंद ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बिहार में पेट्रोल की कीमत उत्तर प्रदेश की तुलना में अधिक है जबकि दोनों राज्यों में एक ही दल की सरकार है। उन्होंने इसे बिहार के लोगों के साथ भेदभाव करार देते हुए सरकार से जवाब मांगा।

# अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन-सोन ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 29 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 26,590 रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जून 2026 को आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान आरक्षी देवलास राम, प्रधान आरक्षी सर्वोदय पासवान तथा आरक्षी शाहजहां खान डिहरी ऑन-सोन स्टेशन क्षेत्र में गश्त एवं चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान सोननगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 29 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की, 20 बोतल डार्क ब्लू व्हिस्की तथा 18 बोतल 8 पीएम व्हिस्की



बरामद की गई। कुल मिलाकर करीब 29 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान राजा कुमार भारती (26 वर्ष), पिता स्वर्गीय संजय पासवान, निवासी ढढना बिगहा, थाना-जम्हौर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह शराब को बिहार में ऊंचे दामों पर बेचने के उद्देश्य से लेकर आ रहा था। आरपीएफ ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जब्त शराब सहित आगे की कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना (जीआरपी) सोननगर को सुपुर्द कर दिया है।

# ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और सरकारी योजनाओं की जानकारी हेतु कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिले के कोनकी पंचायत के कर्मा गांव में मंगलवार को जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ विमेन के द्वारा 181 महिला हेल्पलाइन, बाल विवाह रोकथाम, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या इत्यादि के साथ-साथ सरकार द्वारा दी जा रही अन्य योजनाओं के लाभ जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, आधार पंजीकरण, शिक्षा, रोजगार, जीविका इत्यादि को लेकर एक व्यापक सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। जागरूकता कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं और संदेश रहा कि



जिला हब फॉर एपावरमेंट ऑफ वीमेन के कर्मियों द्वारा बाल विवाह के कानूनी परिणामों और कम उम्र में शादी से बेटियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर खतरों की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को जागरूक किया गया कि वे किसी भी गुप्त सूचना या सहायता के लिए सरकार के 24 घंटे चालू रहने वाले टोल-फ्री नंबर 181 (महिला हेल्पलाइन) पर कॉल कर सकते हैं। इस नंबर पर शिकायत करने वाले व्यक्ति की पहचान को पूरी तरह गुप्त रखा जाता है ताकि सुरक्षा बनी रहे। ग्रामीण बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने, समाज में लिंग भेदभाव को पूरी तरह समाप्त करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास निगम रोहतास के जिला परियोजना प्रबंधक, मो. शमीम अंसारी ने मिशन शक्ति अंतर्गत दोनों उपयोजना संबल एवं सामर्थ्य की पूरी जानकारी देते हुए महिलाओं को अपने घर से बाहर निकल कर अपने अधिकार हेतु आगे बढ़ने को प्रेरित किया। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लैंगिक हिंसा जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि वे बेटियों को उच्च शिक्षा दें और समाज से लिंग भेदभाव को पूरी तरह समाप्त करें। जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ विमेन कार्यालय से डिस्ट्रिक्ट मिशन कॉर्डिनेटर, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, मल्टी टास्किंग स्टाफ की उपस्थिति में कर्मा गांव के बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं और किशोरियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस पर डीडीयू मंडल में व्यापक जनजागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में रेलवे समपार फाटकों पर संरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। मंडल रेल प्रबंधक, डीडीयू उदय सिंह मीना के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान का उद्देश्य समपार फाटकों को सुरक्षित ढंग से पार करने के संबंध में जनजागरूकता बढ़ाना तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना था। अभियान की शुरुआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर नुक्कड़ नाटक के मंचन के साथ हुई जिसमें समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त मंडल के विभिन्न महत्वपूर्ण समपार फाटकों पर बैनर प्रदर्शित किए गए तथा पम्पलेट वितरित कर सड़क उपयोगकर्ताओं को संरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता, अनुभाग अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, यातायात निरीक्षक एवं संरक्षा सलाहकारों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मंडल के अंतर्गत डीडीयू-डिहरी ऑन सोन-गया, सासाराम-आरा, सोननगर-गढ़वा रेलखंडों में स्थित कुल 52 समपार फाटकों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पतंजलि की तैयारी तेज, 10 से 21 जून तक चलेगा योग शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को धूमधाम से मनाने की तैयारी को लेकर पतंजलि आदर्श योग केंद्र, कझा एनिकट, डिहरी में योगाभ्यास के उपरांत बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने बताया कि 10 जून से 21 जून तक लगातार विशेष योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन दर्शन, आत्मानुशासन और जीवन पद्धति है। योग न केवल



शारीरिक रोगों से मुक्ति दिलाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। उन्होंने लोगों से नियमित योग अपनाने और स्वस्थ जीवन जीने का आह्वान करते हुए कहा 'रोज योग करें, निरोग रहें।' बैठक में योग दिवस समारोह को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने योग शिविर के आयोजन का समर्थन करते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद, योग प्रशिक्षक राजेश्वर जी, योग शिक्षक प्रभूनारायण शर्मा, ददन राय, मनोज कुमार कश्यप, ललन शर्मा, राजेश कुमार, विशिष्ट मुरारी जी, प्रदीप कुमार, योगेन्द्र पाल, शशि भूषण, विटू कुमार, संजय कुमार सहित कई योग साधक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजद का बिहारव्यापी प्रदर्शन, जनविरोधी नीतियों के खिलाफ खोला मोर्चा

## महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ बड़े आंदोलन की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर कैमूर जिले के भभुआ में सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में कैमूर जिले के भभुआ प्रखंड में राजद के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर आवाज बुलंद की। धरना को संबोधित करते हुए राजद नेता वीरेंद्र कुशवाहा ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता महंगाई, भ्रष्टाचार, बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा की बदहाल स्थिति से त्रस्त है। सरकार ने चुनाव के समय जनता से जो भी वादे किए थे, वे सभी खोखले साबित हुए। आज आम जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है, लेकिन सरकार उनकी सुध लेने के बजाय मूकदर्शक बनी हुई है। कुशवाहा ने आगे कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के निर्देश पर यह धरना सिर्फ एक सांकेतिक विरोध है। अगर सरकार ने समय रहते अपने वादों को पूरा नहीं किया और जनता के ज्वलंत मुद्दों का समाधान नहीं निकाला तो आने वाले समय में राष्ट्रीय जनता दल पूरे बिहार में एक बड़ा और निर्णायक जन आंदोलन खड़ा करेगा। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष प्रणय कुमार उर्फ पप्पू कुशवाहा सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता हरी टोपी और गमछे के साथ मौजूद रहे।

# बाइक चोरी रोकने को बढ़ेगी गश्त, सीसीटीवी और पार्किंग पर विचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** नगर परिषद क्षेत्र बिक्रमगंज में बढ़ती मोटरसाइकिल चोरी, छिनतई और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों से सुझाव लिए गए। सदस्यों ने बताया कि बाइक चोरी की घटनाओं से लोगों में डर का माहौल है। इस पर रोक के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने और संवेदनशील इलाकों में खास निगरानी रखने की जरूरत बताई गई। चौक-चौराहों और सार्वजनिक जगहों पर रोशनी की बेहतर व्यवस्था और नए सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी चर्चा हुई। तय हुआ कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जरूरत के हिसाब से अतिरिक्त सीसीटीवी लगवाएंगे। साथ ही



खराब स्ट्रीट लाइट और कैमरों को जल्दी ठीक कराया जाएगा। बैठक में अतिक्रमण का मुद्दा भी उठा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि यातायात और सुरक्षा में बाधा बन रहे अतिक्रमण को चिन्हित जगहों से हटाने की कार्रवाई की जाए। वाहन पार्किंग की समस्या पर भी विस्तार से बात हुई। अनियंत्रित पार्किंग से जाम लगता है, इसलिए तीन जगहों पर व्यवस्थित पार्किंग बनाने का फैसला लिया गया। पहला, तेलनूनी चौक सब्जी बाजार के वाटर एटीएम से सड़क किनारे पार्किंग बनेगी। दूसरा रजिस्ट्री कार्यालय के सामने सरकारी भवन की दीवार के किनारे जगह दी जाएगी। तीसरा नए अनुमंडल कार्यालय के सामने भी उपयुक्त स्थान चिन्हित कर पार्किंग की व्यवस्था होगी। इन तीनों योजनाओं का विस्तृत प्रस्ताव दो दिन में तैयार करने को कहा गया है। अंत में अपराध नियंत्रण के लिए नियमित गश्त, जन-जागरूकता अभियान चलाने और पुलिस-जन सहयोग बढ़ाने का सुझाव दिया गया। बैठक में सभी बिंदुओं पर अनुपालन का जिम्मा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बिक्रमगंज को सौंपा गया।

# खान सर के समर्थन में उतरे जदयू प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह, ज्ञान और कार्य के आधार पर हो मूल्यांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जदयू प्रवक्ता एवं अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने प्रसिद्ध शिक्षक खान सर के समर्थन में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि खान सर को लेकर चल रहे विवादों के बीच समाज को उनके कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को देखना चाहिए, न कि जाति और धर्म के आधार पर उनका मूल्यांकन करना चाहिए। बैरिस्टर सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ ऐसे लोग और समूह सक्रिय हैं जो नहीं चाहते कि देश और बिहार के छात्र-युवा शिक्षित और जागरूक बनें। उन्होंने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति व्यवस्था में सुधार, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, शिक्षा या जनहित से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखता है तो उसे बदनाम करने और घेरने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि खान सर ने कम शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर लाखों छात्रों को लाभ पहुंचाया है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के कारण अनेक छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर रोजगार और नौकरी प्राप्त कर चुके हैं। यही कारण है कि छात्रों और अभिभावकों का व्यापक समर्थन उन्हें प्राप्त है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि यदि खान सर को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाएगा तो छात्रों और अभिभावकों का समर्थन उनके साथ और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि खान सर ने शिक्षा के साथ-साथ गौवध, पेपर लीक, भ्रष्टाचार तथा अन्य जनसरोकार के मुद्दों पर भी अपनी स्पष्ट राय रखी है और समाज को जागरूक करने का कार्य किया है।

# शतचंडी महायज्ञ और भागवत कथा हवन-पूजन के साथ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड के नोनहर गांव स्थित ऐतिहासिक मां काली मंदिर प्रांगण में चल रहे शतचंडी महायज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का मंगलवार को हवन पूजन के साथ समापन हो गया। समापन के दिन सुबह चार बजे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महिला और पुरुष भक्तों ने यज्ञ मंडप की फेरी लगाई और विधि-विधान से पूजा अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार और ढोल नगाड़ों की गूंज से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। यह आयोजन काशी से पधारे बबलू जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान आचार्य गौरीश जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि इस यज्ञ के लिए किसी भी भक्त से चंदा नहीं मांगा गया। श्रद्धालु स्वेच्छा से जो अंशदान देते हैं, उसी से सारा आयोजन किया जाता है। मंगलवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ कमाया। यज्ञ समिति की ओर से भक्तों के लिए पानी, बैठने और प्रसाद की पूरी व्यवस्था की गई थी। समिति के उमेश सिंह, डॉ. रविंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह ने बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद 10 जून को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में 5 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।


**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), गढ़वा**

**आदेश**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), गढ़वा के अधीन प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR 367820Agriculture (25-26).D एवं लेखापाल–सह–लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR 367823Agriculture (25-26)*D प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से उक्त पदों के लिए दिनांक 20.12.2025 तक आवेदन पत्र प्राप्त किया गया था। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर कम्प्युटर में विहित प्रपत्र में की गई प्रविष्टि की सूची को गढ़वा जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in तथा atmagarhwa.org.in पर जारी कर दिया गया है। यदि जारी की गई सूची में किसी अभ्यर्थी को उनके द्वारा भरे गये आवेदन एवं आवेदन के साथ संलग्न प्रमाण पत्र के अनुसार कोई अंकनीय एवं टंकनीय त्रुटि हो, तो वैसे अभ्यर्थी अंकनीय एवं टंकनीय सुधार हेतु दिनांक 09.06.2026 से 17.06.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित दावा आपत्ति कर सकते हैं। दावा आपत्ति e-mail ID (atmagarhwa78@gmail.com) के माध्यम से विहत प्रपत्र Annexure-A में पदवार प्राप्त किया जाएगा। e-mail ID की विवरणी गढ़वा जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in तथा atmagarhwa.org.in पर उपलब्ध है।

अंतिम तिथि के पश्चात किसी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। दिये गये e-mail ID के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। दावा आपत्ति में वैसे कोई भी प्रमाण पत्र/कागजात जो आवेदन के साथ संलग्न नहीं है, अलग से किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा,गढ़वा

PR 381888 Agriculture(26-27).D

# डीएम ने कई अपील मामलों का किया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। डीएम रवि प्रकाश ने अपीलवादों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कुल नौ परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से सात मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। सुनवाई के दौरान परिमार्जन, जमाबंदी में खेसरा संख्या दर्ज करने एवं भूमि मापी, गलत प्राक्कलन, उपार्जित अवकाश स्वीकृति, अतिक्रमण हटाने, पुरानी जमाबंदी की नकल उपलब्ध कराने तथा नल-जल योजना से संबंधित मामलों पर विचार किया गया। संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराए जाने के उपरांत शिकायतों का निष्पादन किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। बिहार



लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समयबद्ध समाधान का प्रभावी माध्यम प्रदान करता है। इस अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों एवं अपीलों का नियमानुसार सुनवाई कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाता है। पंचायत एवं प्रखंड स्तर की समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में शिकायत एवं अपील दायर की जा सकती है। वहीं जिला स्तरीय मामलों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय परिसर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। लोक शिकायत निवारण व्यवस्था के अंतर्गत शिकायत दर्ज कराने, सुनवाई कराने अथवा अपील दायर करने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायतों एवं अपीलों की निःशुल्क सुनवाई की जाती है तथा दोनों पक्षों को सुनने के बाद निष्पक्ष निर्णय दिया जाता है। वर्तमान में नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं, जिससे शिकायत निवारण प्रक्रिया और अधिक सरल एवं सुलभ हो गई है।

# महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को हिलसा प्रखंड कार्यालय के समक्ष महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार तथा विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। धरना की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नवल यादव ने की, जबकि संचालन नगर अध्यक्ष मोहम्मद परवेज ने किया। वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्यान्न, दाल और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों से गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवार सबसे अधिक प्रभावित हैं। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई चरम पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और भूमि सुधार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सरकार अपेक्षित परिणाम देने में विफल रही है। वक्ताओं ने किसानों और गरीबों की समस्याओं की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया तथा बुलडोजर कार्रवाई के नाम पर गरीब परिवारों को उजाड़ने की भी आलोचना की। धरना के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई पर नियंत्रण, युवाओं को रोजगार, किसानों को राहत और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की। नेताओं ने कहा कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## एक नजर

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल, पटना रेफर

**हिलसा (नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। हिलसा-दनियावां मुख्य मार्ग पर लोहंडा के समीप बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान करायपरसुराय थाना क्षेत्र के काली स्थान निवासी उपेंद्र कुमार के लगभग 25 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रितेश कुमार किसी कार्य से हिलसा बाजार आया था। घर लौटने के दौरान लोहंडा के पास उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल उसका इलाज पटना के एक अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

### बर्तन दुकान में चोरी, सीसीटीवी में वारदात कैद

**हिलसा (नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। हिलसा शहर के बरुन तल स्थित एक बर्तन दुकान में खरीदारी के बहाने पहुंची महिलाओं द्वारा कांसा के बर्तन चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद दुकानदारों में चिंता का माहौल है। दुकान संचालक मनजीत कुमार ने बताया कि तीन महिलाएं उनकी दुकान पर बर्तन खरीदने के लिए आई थीं। काफी देर तक वे विभिन्न बर्तनों को देखती रहीं और खरीदारी को लेकर बातचीत करती रहीं। इसी दौरान एक महिला ने मौका पाकर कांसा का बर्तन अपनी साड़ी में छिपा ली और बिना किसी को भनक लगे दुकान से बाहर निकल गई। महिलाओं की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में एक महिला स्पष्ट रूप से बर्तन चोरी करते हुए दिखाई दे रही है। दुकानदार के अनुसार चोरी गए कांसा के बर्तनों की कीमत लगभग 14 से 15 हजार रुपये है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद कार्यकर्ताओं का धरना

**नगरनौसा(नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। धरने का उद्देश्य बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, किसानों की समस्याओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर सरकार के खिलाफ आवाज उठाना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष श्रवण यादव ने की। नेताओं ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता महंगाई से त्रस्त है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ गया है। खाद्यान्न, सब्जी, दाल और तेल सहित आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से लोगों का जीवन कठिन हो रहा है। इस मौके पर राकेश कुमार उर्फ़ जज साहब, राजनीति शर्मा,विजय कुमार, मुकेश कुमार, रंजीत कुमार, अशोक कुमार, रामबालक सिंह यादव, दीपक कुमार, शैलू यादव, अखिलेश यादव, रमेश यादव, ओमप्रकाश कुमार, पिंटू कुमार, कुणाल कुमार, कृष्णदेव प्रसाद, जितेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय पासी महासभा में विकास कुमार प्रभाकर को बड़ी जिम्मेदारी

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। अखिल भारतीय पासी महासभा द्वारा जारी पदाधिकारी मनोनयन प्रमाण-पत्र के अनुसार नवादा निवासी विकास कुमार प्रभाकर (विकास चौधरी) को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ बिहार पद पर मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जवाहर लाल चौधरी की स्वीकृति से किया गया। महासभा ने आशा व्यक्त की है कि विकास कुमार प्रभाकर संगठन की नीतियों एवं नियमावली का पालन करते हुए समाज के उत्थान, युवाओं के सशक्तिकरण तथा संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके मनोनयन पर समाज के लोगों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

### जाम की समस्या से निजात के लिए कौआकोल बाजार में चला बुलडोजर

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। बाजार में लगातार लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान जेपी चौक से आश्रम मोड़ तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। अभियान का नेतृत्व अंचलाधिकारी (सीओ) मनीष कुमार ने किया। उनके साथ पुलिस बल की टीम,बीपीआरओ शमा वानो,थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह तथा अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार भी मौजूद रहे। प्रशासनिक टीम को बाजार में पहुंचते ही दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रशासन ने बताया कि अतिक्रमित स्थलों को पहले ही चिन्हित कर लिया गया था तथा कई बार माइकिंग के माध्यम से दुकानदारों और लोगों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके कई लोगों ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया, जिसके बाद प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। जेसीबी के साथ प्रशासनिक टीम को देखकर कई दुकानदार स्वयं ही अपनी दुकानों के बाहर रखे सामान को हटाकर अंदर रखने लगे। वहीं सड़क किनारे अवैध रूप से किए गए कब्जे को हटाते हुए प्रशासन ने बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में कार्रवाई की। सीओ मनीष कुमार ने कहा कि बाजार में जाम की समस्या का मुख्य कारण सड़क पर किया गया अतिक्रमण है।

### किऊल-गया रेलखंड पर 9 जून को आठ घंटे का मेगा ब्लॉक

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। किऊल-गया रेलखंड पर यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को 9 जून को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे द्वारा एलएचएस (लेवल क्रॉसिंग सबवे) निर्माण कार्य के लिए आठ घंटे का मेगा ब्लॉक घोषित किया गया है। इस दौरान कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है।


**NAME CHANGE**

I hitherto known as Punit Kumar Mishra S/o Chandeshwar Mishra, via Chaknoor, PO- Dighwara, Distt. - Saran, Bihar, PIN- 841207 have changed my name and I shall hereafter be known as Abhishek Kumar Mishra. Affidavit no. 894/ 30.05.26


# खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। खरीफ महाअभियान 2026-27 के अंतर्गत आत्मा नालंदा द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय टाउन हॉल में किया गया। जिसका शुभारंभ अस्थावां विधायक जितेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में प्राचार्य, नालंदा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय, वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र, हरनौत, जिला कृषि पदाधिकारी, नालंदा, उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जिला उद्यान पदाधिकारी, सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण), सहायक निदेशक, रसायन, जिला मिट्टी जांच प्रयोगशाला, नालन्दा सहित कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण में विधायक जितेन्द्र कुमार ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे फार्मर आईडी, डीसीएस आधारित योजनाएं) एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों से किसानों तक योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आग्रह किया। जिला कृषि पदाधिकारी नालंदा द्वारा सर्वप्रथम वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 में निदेशालय से प्राप्त लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु किसान सलाहकारों, कृषि समन्वयकों, सहायक तकनीकी प्रबंधकों तथा प्रखंड तकनीकी प्रबंधकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद दिया।




# नालंदा विश्वविद्यालय और मंगोलियाई संस्थानों के बीच शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा विश्वविद्यालय ने 8–9 जून 2026 को मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में आयोजित उच्चस्तरीय शैक्षणिक कार्यक्रमों के दौरान दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर कर भारत और मंगोलिया के मध्य सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक संबंधों को नई दिशा प्रदान की है। पहला समझौता ज्ञापन 8 जून को उलानबटार स्थित ऐतिहासिक गंदनतेगचिनलेन मठ (गंदन मठ) में नालंदा विश्वविद्यालय और गंदन मठ के बीच संपन्न हुआ, जिस पर प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, कुलपति, नालंदा विश्वविद्यालय, तथा गेशे ल्हारम्बा जावखंडेरेग दुलमरागचा, खाम्बा नोमुन खान, सर्वोच्च धर्माध्यक्ष और गंदनतेगचिनलेन मठ के प्रमुख ने हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मंगोलिया में भारत के राजदूत अतुल मल्हारी गोटसुरवे, अरखंगाई प्रांत के गवर्नर बी. त्सेरेननादमिद, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और भारत के विभिन्न मठों से आए भिक्षु उपस्थित थे। यह साझेदारी सदियों पुरानी साझा बौद्ध विरासत पर आधारित है और संयुक्त अनुसंधान, शैक्षणिक आदान-प्रदान, संयुक्त प्रकाशन एवं सम्मेलनों को बढ़ावा देगी। साथ ही, दुर्लभ बौद्ध पांडुलिपियों के अध्ययन, संरक्षण और प्रसार के माध्यम से प्राचीन नालंदा की ज्ञानपरंपरा को भावी पीढ़ियों तक संरक्षित रखने में भी योगदान देगी। इसके पश्चात, 9 जून को उलानबटार स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ मंगोलिया (एनयूएम) के परिसर में नालंदा विश्वविद्यालय और एनयूएम के बीच एक और महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, कुलपति, नालंदा विश्वविद्यालय और प्रोफेसर बातारचुलून त्सेरमा, उपाध्यक्ष (अनुसंधान एवं सहयोग), नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ मंगोलिया ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह शैक्षणिक साझेदारी धर्म अध्ययन, बौद्ध दर्शन, संस्कृति एवं कला, इतिहास, पारिस्थितिकी, संस्कृत व तिब्बती भाषा, व्यापार और आर्थिक इतिहास सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के नए आयाम खोलेगी। इसके तहत संकाय व छात्र आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, शैक्षणिक कार्यक्रम और ज्ञान-साझाकरण की पहलें संचालित की जाएंगी।



# परवलपुर में भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार का स्वागत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजय कुमार उर्फ मुन्ना जी के परवलपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा नेता अमित कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री संजय कुमार उर्फ मुन्ना ने कहा कि भले ही वे नवादा जिले के निवासी हैं, लेकिन उनका अधिकांश राजनीतिक और संगठनात्मक कार्य नालंदा जिले में ही हुआ है। उन्होंने कहा कि वे कई बार नवादा भाजपा के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं, लेकिन नालंदा जिला प्रभारी बनने के बाद यहां के कार्यकर्ताओं के साथ लगातार जुड़कर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "नालंदा से मेरा विशेष लगाव है और मैं इस जिले को कभी नहीं भूल सकता। भाजपा का मुख्य लक्ष्य बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। इसके लिए सभी मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर संगठन को और सशक्त बनाया जा रहा है।




# महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से परवलपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष बढ़ती महंगाई, बदहाल शिक्षा व्यवस्था, ध्वस्त कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया।धरना को संबोधित करते हुए राजद के युवाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार की मांग करने वाले छात्रों और युवाओं की आवाज सुनने के बजाय सरकार उन पर लाठीचार्ज कर रही है, जिससे युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। मनोज यादव ने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर केंद्र एवं राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यदि इन समस्याओं पर शीघ्र नियंत्रण नहीं किया गया तो राजद आने वाले दिनों में व्यापक आंदोलन चलाएगा।

# 'फरवरी' की शूटिंग जारी, स्थानीय कलाकारों को मिला बड़ा अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राहुल वर्मा फिल्म प्रोडक्शन और कैसलर प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फीचर फिल्म "फरवरी" की शूटिंग इन दिनों जोर-शोर से जारी है। यह फिल्म साइबर क्राइम पर आधारित है और वर्तमान समय में बढ़ते ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अपराध तथा साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेगी। फिल्म का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना भी है। फिल्म में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और बिहार के स्थानीय कलाकारों को अभिनय का बड़ा अवसर मिला है। कहानी में साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों, उनके जाल में फंसने वाले लोगों की परेशानियों तथा कानून-व्यवस्था द्वारा अपराधियों तक पहुंचने की रोमांचक यात्रा को दर्शाया गया है। फिल्म का निर्देशन राहुल वर्मा द्वारा किया जा रहा है और फिल्म के मुख्य प्रोड्यूसर में राहुल वर्मा और ओडेड केसलर है वहीं सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी रंजन उपाध्याय निभा रहे हैं। मुख्य कलाकार में राहुल वर्मा और तीव्रता तिवारी हैं एवं अन्य कलाकार में आर्यन, हाजिक मलिक, अमित कुमार, आशीष चक्रबोर्टी, उर्मिला सिंह, अभय, विमलेंदु सिंह, अभिषेक प्रजापति, रंजन, मुन्ना सिंह, स्वास्तिक, डॉलर, नैना सिंह, अनिषकांत आदि है। फिल्म के डायरेक्टर राहुल वर्मा ने बताया कि फिल्म फरवरी के लिए लोगो का प्यार काफी मिल रहा है, यह हिंदी फिल्म फुल लेंथ पिक्चर है जिसमें तीन-तीन गाने हैं और यह फिल्म हिंदी में लिखी गई है और इस फिल्म को बड़े पर्दे पर लाने की कोशिश होगी या फिर किसी बड़े ओ टी टी प्लेटफॉर्म पर ।




# गायन, नृत्य एवं वादन की निःशुल्क शिक्षा देगा आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कला एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन तथा युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा नवादा में आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है। इस केंद्र के माध्यम से जिले के बच्चों एवं युवाओं को भारतीय शास्त्रीय कला की विभिन्न विधाओं में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र नवादा शहर के प्रसाद विगहा, जेल रोड, दुर्गा मंदिर के निकट अवस्थित है। केंद्र में शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य (कथक एवं भरतनाट्यम) तथा वाद्ययंत्र (हारमोनियम एवं तबला/ढोलक) का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले की उभरती हुई प्रतिभाओं को उचित मंच उपलब्ध कराना तथा भारतीय कला एवं संस्कृति के प्रति युवाओं में रुचि विकसित करना है। नामांकन "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक विधा में अधिकतम 40 छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु न्यूनतम आयु छह वर्ष निर्धारित की गई है। नामांकन के लिए अभ्यर्थियों को जन्म तिथि प्रमाण-पत्र अथवा आधार कार्ड की छायाप्रति तथा तीन पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ जमा करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगा तथा इसके लिए किसी प्रकार का मासिक शुल्क देय नहीं होगा। प्रशिक्षण केंद्र सप्ताह में मंगलवार से रविवार तक संचालित होगा। विद्यार्थियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। नृत्य प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को घुंघरू एवं आवश्यक परिधान स्वयं उपलब्ध कराने होंगे।




# जदयू में शामिल हुईं प्रोफेसर बिन्नी प्रसाद व काजल कुमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के जिला कार्यालय महावीर मार्केट, नवादा में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अखिलेश कुमार मोहन की पत्नी प्रोफेसर बिन्नी प्रसाद एवं काजल कुमारी ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। नवादा जदयू के जिलाध्यक्ष राज किशोर प्रसाद दांगी ने दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में नए लोगों के जुड़ने से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों नई सदस्य पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। सदस्यता ग्रहण समारोह के दौरान जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में हरि कृपाल, किशोरी सिंह, जीवन लाल चंद्रवंशी, निजाम खान, बिंदु कुमारी, मोहम्मद राजा, वरुण वर्मा, मनोरंजन कुमार, विजय कुमार, विनोद कुमार, मिथलेश कुमार, संजय चौधरी, ओम प्रकाश सहित सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नई सदस्याओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।




# नवादा रेलवे स्टेशन परिसर में जलजमाव से यात्री परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवादा रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का दावा किया जा रहा है, लेकिन स्टेशन परिसर की जमीनी हकीकत इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। स्टेशन के मुख्य परिसर में पानी जमा रहने से यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन परिसर की हालिया तस्वीरें बताती हैं कि मुख्य मार्ग पर लगातार पानी बहने और जलजमाव की समस्या बनी हुई है।



रात के समय स्टेशन भवन रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता जरूर दिखता है, लेकिन परिसर में फैला पानी और कीचड़ यात्रियों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है। खासकर बुजुर्ग, महिला एवं दिव्यांग यात्रियों को स्टेशन आने-जाने में काफी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्टेशन परिसर में नियमित रूप से पानी बहता रहता है, जिससे सड़क पर गड्ढे बनने लगे हैं और आसपास गंदगी का माहौल बना रहता है। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर संबंधित अधिकारी पानी की निकासी और मोटर संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाले कर्मी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। हालांकि समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है। यात्रियों का कहना है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी समझ से परे है। उनका सवाल है कि जब स्टेशन परिसर की सड़कें ही जलजमाव से प्रभावित होंगी तो यात्रियों को बेहतर सुविधा कैसे मिल पाएगी। स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन परिसर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। लोगों का कहना है कि केवल भवन को आकर्षक रोशनी से सजाने से स्टेशन आधुनिक नहीं बन जाता, बल्कि यात्रियों की सुविधाओं और साफ-सफाई पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। अब देखना यह है कि अमृत भारत स्टेशन का दर्जा प्राप्त नवादा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की इस समस्या का समाधान कब तक हो पाता है और रेलवे प्रशासन इस दिशा में क्या ठोस कदम उठाता है।


**कार्यालय : जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा (झारखण्ड)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा इच्छुक एवं योग्य फर्म/एजेंसी/संस्था से हाईटेक सरकारी नर्सरी के विकास एवं प्रबंधन हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :
हाईटेक सरकारी नर्सरी का विकास एवं प्रबंधन, गढ़वा जिला।
अनुमानित लागत : 46.50 लाख
निविदा शुल्क : 2000/–
निविदा का प्रकार : खुली निविदा
कार्य अवधि : 12 माह
ईएमडी : 1,00,000/–
चयन प्रक्रिया : QCBS (गुणवत्ता सह लागत आधारित चयन प्रणाली)

- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 24/06/2026 (11:00 पूर्वाह्न)
- निविदा खोलने की तिथि : 24/06/2026 (11:30 पूर्वाह्न)
- निविदा उपलब्धता :
  जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा एवं वेबसाईट atmagarhwa.org.in and garhwa.nic.in

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय निविदा दस्तावेज में वर्णित हैं।
विभाग को किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

**जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा**

PR 381947 Agriculture (26-27)_D

# बिरसा मुंडा के आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** महान स्वतंत्रता सेनानी, जननायक और आदिवासी समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन साहस, स्वाभिमान, सामाजिक न्याय और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए आदिवासी समाज के अधिकारों, संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही समाज को संगठित कर अन्याय, शोषण और दमन के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया। उनका 'उलगुलान' केवल एक विद्रोह नहीं था, बल्कि स्वाभिमान, स्वतंत्रता और सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त अभियान था। उन्होंने आदिवासी समुदाय को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता का संदेश देकर समाज में नई चेतना का संचार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लेकर बिरसा मुंडा के योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्रदान किया है। इस पहल से देश की नई पीढ़ी जनजातीय परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समाज के योगदान के प्रति अधिक जागरूक हो रही है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बिरसा मुंडा के आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और आत्मगौरव की प्रेरणा प्रदान करते हैं। उनका संघर्ष और त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलना समय की आवश्यकता है। डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे भगवान बिरसा मुंडा के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर समतामूलक, समरस और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के विचार और आदर्श आज भी समाज को एकजुट करने तथा न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना के लिए प्रासंगिक और प्रेरणादायी हैं।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ युवक गिरफ्तार, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के सिमरहुआ गांव के समीप पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा वाहन रोककर चालान एवं संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई, लेकिन ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर के साथ मौजूद एक युवक को हिरासत में लेते हुए वाहन को थाना लाया। जांच के दौरान ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू लदा पाया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान गौतम कुमार (पिता धर्मेंद्र दास), निवासी कोंच डीह, थाना कोंच के रूप में हुई है। इस मामले में फरार चालक विकास कुमार (पिता बिनोद यादव), निवासी बहादुरपुर तथा ट्रैक्टर मालिक शैलेन्द्र कुमार (पिता विजय दास), निवासी घोरहा, दोनों थाना कोंच के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# राष्ट्रपति ने कोंच के मेजर आशीष कुमार को शौर्य चक्र से नवाजा, क्षेत्र में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** गया जिले के कोंच बाजार निवासी मेजर आशीष कुमार को उनकी वीरता, साहस और उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता के लिए देश के प्रतिष्ठित वीरता पुरस्कार शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 8 जून 2026 को शाम 5 बजे नई दिल्ली में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह-2026 (फेज-1) में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। 29 वर्षीय मेजर आशीष कुमार भारतीय सेना की 7 पैरा (स्पेशल फोर्सेस) में तैनात हैं। नवंबर 2024 में जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान उन्होंने असाधारण साहस और नेतृत्व का परिचय दिया था। अभियान के दौरान उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना पूरे दस्ते, सहायक हथियारों और स्नाइपर टीमों की कार्रवाई का प्रभावी समन्वय किया जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मार गिराए गए और मिशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ। मेजर आशीष कुमार के पिता देव शंकर प्रसाद हैं। शौर्य चक्र मिलने के बाद उनके घर और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मेजर के छोटे भाई आकाश कुमार ने बताया कि पुरस्कार मिलने की खबर से परिवार में खुशी और उल्लास का वातावरण है तथा लगातार लोग बधाई देने पहुंच रहे हैं। आकाश कुमार ने बताया कि उनके बड़े भाई में बचपन से ही देशसेवा की भावना थी। वे अनुशासित, शांत और मेहनती स्वभाव के थे।

# दीर्घकालीन प्रधानमंत्री बनने पर डॉ. प्रेम कुमार ने नरेंद्र मोदी को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 10 जून 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्र भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री का कीर्तिमान स्थापित करने पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक राजनीतिक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में लगातार प्रचंड बहुमत हासिल कर देश का नेतृत्व किया है। जवाहरलाल नेहरू के बाद वे पहले ऐसे नेता हैं जिन्होंने लगातार तीन पूर्ण कार्यकाल तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने देश के विकास को नई गति दी है। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और जी-20 की सफल अध्यक्षता को उन्होंने ऐतिहासिक उपलब्धियां बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी विदेश नीति के कारण भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा मजबूत हुई है और आज दुनिया भारत को एक प्रभावशाली तथा निर्णायक राष्ट्र के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि गुजरात के एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने की उनकी यात्रा लोकतंत्र की शक्ति और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने उनके दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

## बोधगया में युवक पर ताबड़तोड़ 6 राउंड फायरिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** बोधगया थाना क्षेत्र के हथियार गांव में मंगलवार को दिनदहाड़े एक युवक पर फायरिंग कर दी गई। घात लगाए बैठे अज्ञात बदमाशों ने युवक को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। बदमाशों ने एक के बाद एक करीब छह राउंड फायरिंग की। हालांकि इस हमले में युवक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार हथिया गांव निवासी राम पुकार चौधरी के बेटे मुकेश कुमार को निशाना बनाकर इस घटना को अंजाम दिया गया।

# बोधगया प्रखंड कार्यालय पर राजद का एकदिवसीय धरना, सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** जिले के बोधगया प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह धरना पूरे बिहार के सभी प्रखंड कार्यालयों में आयोजित किए जा रहे राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत किया गया। धरना में सैकड़ों की संख्या में राजद कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं, महंगाई, बेरोजगारी तथा विकास से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की। नेताओं ने कहा कि आम जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। धरना में मौजूद युवा राजद जिलाध्यक्ष प्रभात रंजन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने तथा जनता की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पूरे बिहार में हत्या, लूट, दुष्कर्म, फिरौती जैसी घटनाएं हो रही है। सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाने में बुरी तरह से विफल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। इन तमान मुद्दों को लेकर आज राजव्यापी धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, अगर शीघ्र ही इन चीजों को रोक नहीं लगाया तो और भी व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मनमानी करने पर उतारू है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और लालू प्रसाद यादव के सुरक्षा को हटा दिया गया है। यह कहीं से सही नहीं है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पूरी तरह से निरंकुश हो चुके हैं। आने वाले समय में इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा।

# महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का प्रखंड मुख्यालय पर धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कोंच (गया)।** राष्ट्रीय जनता दल के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय कोंच परिसर में जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव ने की जबकि संचालन प्रखंड प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार ने किया। धरना को संबोधित करते हुए टिकारी विधायक अजय दांगी ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान है तथा सरकार जनसमस्याओं के समाधान में विफल साबित हो रही है। जिलाध्यक्ष सुभाष यादव ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। पूर्व विधायक शिव बच्चन यादव ने कहा कि किसानों, मजदूरों और गरीब तबकों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। जिला पार्षद शरीफा देवी ने महिलाओं से जुड़े मुद्दों और विकास योजनाओं में पारदर्शिता की मांग उठाई। वहीं युवा जिला प्रभारी सुजीत यादव एवं दारा सिंह ने कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। धरना के माध्यम से राजद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बदहाल शिक्षा व्यवस्था तथा कमजोर कानून-व्यवस्था के खिलाफ अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। कार्यक्रम में मो. इंतेशाब, आकिब आलम, शंभूनाथ यादव, मोहन यादव, द्वारिका चंद्रवंशी, दिलीप कुमार दिलेर, उमेश यादव, लालू यादव, सनोज चंद्रवंशी, वीरेंद्र यादव, प्रेम शर्मा, मनोज यादव, अरुण कुमार, गोरेलाल, मो. सरफराज समेत बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देवगांव में निर्माणाधीन एमएसएमइ टेक्नोलॉजी सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** देवगांव में निर्माणाधीन एमएसएमइ टेक्नोलॉजी सेंटर का मंगलवार को जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने निरीक्षण किया। उन्होंने 15 जून को होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग, वीआईपी मार्ग एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश की संभावना को देखते हुए 90 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में मैट बिछाने, साफ-सफाई, पानी के छिड़काव तथा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद नीमचक बथानी अनुमंडल कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था एवं कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। मौके पर एडीएम प्रस्तुत कुमार, एसडीएम केशव आनंद, बीडीओ कुमारी सुमन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध के खिलाफ इंडिया गठबंधन का धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल एवं इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न जनहित मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया तथा सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। साथ ही बेरोजगारी की समस्या भी गंभीर होती जा रही है जिससे युवाओं में निराशा बढ़ रही है। वक्ताओं ने प्रदेश में बढ़ती लूट, हत्या और अन्य आपराधिक घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब हो रही है। उन्होंने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण करने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा अपराध पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की। धरना कार्यक्रम के दौरान कृष्णा यादव, अजित सिंह, प्रवेश यादव, चंद्रशेखर यादव सहित राजद एवं इंडिया गठबंधन के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में नेताओं ने कहा कि यदि जनता से जुड़े मुद्दों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

**सं. डब्लयु 584/ई–टेंडरिग/83, 84, 85, 86-DHN-26-27**

**धनबाद, दिनांक 05/06/2026**

(1) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 83-DHN-2026-27 और 86-DHN-2026-27 दिनांक 21.05.2026 में **ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख** को क्रमशः 15.06.2026 को 12:00 बजे तक एवं 15.06.2026 को 12:30 बजे से के बदले में **16.06.2026 को 12:00 बजे तक एवं 16.06.2026 को 12:30 बजे से** पढ़ा जाये।

(2) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 84-DHN-2026-27 और 85-DHN-2026-27 दिनांक 21.05.2026 में **ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख** को क्रमशः 15.06.2026 को 12:00 बजे तक एवं 15.06.2026 को 12:30 बजे से के बदले में **17.06.2026 को 12:00 बजे तक एवं 17.06.2026 को 12:30 बजे से** पढ़ा जाये।

ई–निविदा सं. 83-DHN-2026-27, 84-DHN-2026-27, 85-DHN-2026-27 और 86-DHN-2026-27 दिनांक 21.05.2026 में दर्शायी गयी अन्य विवरण, नियम एवं शर्तो में कोई बदलाव नहीं होगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/0372/डीएचएन/ईएनजीजी/कोरिजेंडम/26–27/32

## महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नौकरशाही सारी सीमाएं पार, आज 1974 से ज्यादा भयावह स्थिति




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नौकरशाही सारी सीमाएं पार कर रहा है। 1974 से आज भयावह स्थिति है। सरकारों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। उक्त बातें बोधगया प्रखंड स्थित सिलौंजा के लॉड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन के सभागार में लोक समिति, मजदूर-किसान समिति और जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जेपी ने संपूर्ण क्रांति की उद्घोषणा 5 जून 1974 को पटना के गांधी मैदान में थी। 1990 के दशक से अभी तक बिहार के सत्ता पर जेपी के आंदोलन में शामिल लोगों का कब्जा है फिर भी नौकरशाही और भ्रष्टाचार की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती है। ऑफिसर, कर्मचारी बेखौफ और बेलगाम हो गये हैं। किसान, मजदूर बेहाल है। उन्होंने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि युवा आगे आएं और आंदोलन करें।

# महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद ने दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**टिकारी।** महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का हल्ला बोल धरना मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष हुआ। धरना में उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बिहार सरकार की जनविरोधी नीतियों, आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी और प्रशासनिक भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित टिकारी विधायक अजय कुमार दांगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुए कहा कि आज आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल से लेकर रोजमर्रा की खाद्य सामग्रियां आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ जनता महंगाई से त्रस्त है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है। भ्रष्टाचार का जाल फैला हुआ है जिस पर सरकार की कोई लगाम नहीं है। विधायक ने आगे कहा कि युवाओं को रोजगार देने के बजाय सरकार केवल खोखले वादे कर रही है। जब युवा और छात्र अपने अधिकारों की मांग करते हैं तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरकार इन मूल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए केवल जुमलेबाजी का सहारा ले रही है। वहीं राजद नेताओं ने चेतावनी दी कि यह तो बस शुरुआत है। यह जन-आंदोलन तब तक नहीं थमेगा जब तक सरकार महंगाई और भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगाती। धरना को पूर्व विधायक शिवबचन यादव, पूर्व सांसद प्रत्याशी अशोक आजाद, सुभाष यादव, बीरेंद्र गोप, जिला पार्षद सुरेश यादव, शरीफा देवी, भोला ठाकुर, अवधेश यादव, बिनोद शर्मा, रामबाबू यादव आदि कई पार्टी नेताओं ने संबोधित किया।

# चेक डैम निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** टिकारी के पचमहला गांव के समीप मोरहर नदी पर 22 करोड़ से अधिक की लागत से बन रहे चेक डैम निर्माण कार्य में कथित अनियमितता को लेकर जिला पार्षद सुरेश यादव सहित अन्य सामाजिक संगठन ने मुख्यमंत्री व जल संसाधन विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि चेक डैम निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री एवं कार्य की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। शिकायत के अनुसार निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है तथा स्थल पर पर्याप्त तकनीकी निगरानी का अभाव है। श्री यादव ने कहा है कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री ईंट, सीमेंट, गिट्टी व बालू की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत हो रही है। साथ ही श्री यादव ने निर्माण कार्य में पारदर्शिता की कमी और गुणवत्ता नियंत्रण के मानकों की अनदेखी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। श्री यादव ने मंत्री से मांग की है कि चेक डैम निर्माण की तकनीकी जांच कराई जाए तथा निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता का स्वतंत्र मूल्यांकन कराया जाए। जांच में दोषी पाए जाने वाले संवेदक, कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी और विभागीय कार्रवाई करने की भी मांग की गई है। रोटी बचाओ संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने यह भी कहा है कि सरकारी राशि से हो रहे इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य में अनियमितता से न केवल सरकारी धन की हानि होगी, बल्कि आम जनता का विश्वास भी प्रभावित होगा। इसलिए जनहित और सरकारी संसाधनों की सुरक्षा को देखते हुए मामले में शीघ्र एवं उचित कार्रवाई आवश्यक है। चेकडैम का निर्माण मानक व नियम के अनुसार ही हो रहा है। निर्माण कार्य में प्रयुक्त सभी सामग्री क्वालिटी के अनुरूप है और विभाग के तकनीकी पदाधिकारी के मौजूदगी में कार्य कराए जा रहे हैं।

**आदित्य राज**
**एसडीओ, सिंचाई विभाग, कुर्था**

# खिजरसराय में राजद का एक दिवसीय धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले मंगलवार को खिजरसराय प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था, आवास योजना में कथित अनियमितताएं तथा पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की सुरक्षा में कटौती के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामय राम ने की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है जिससे आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। साथ ही भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों के लिए संचालित योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की सुरक्षा में कटौती को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। धरना में डॉ. अर्जुन प्रसाद, रोशन कुमार, विनोद कुमार, डीलर साहब सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

**पूर्व रेलवे**

विस्तृत निविदा सं. 01डब्ल्यूटीसीएओसीईआर 2026-27 (खुली निविदा) (दो पैकेट प्रणाली)

**ई-निविदा, दिनांक 05.06.26;** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे/कोलकाता, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** मुख्य अभियंता/निर्माण-III, पूर्व रेलवे, कोलकाता के अधीन आसनसोल मंडल के विभिन्न निर्माण स्थलों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाओं के प्रावधान हेतु परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति। **अनुमानित मूल्य:** रु. 28,78,58,082.31; **बयाना राशि:** रु. 15,89,300; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य; **समापन अवधि :** 48 महीने। **बंद होने की तारीख :** 17.07.2026 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (CON-14/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एनआईटी/02/26/31, दिनांक 08.06.2026;** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक, निविदा सं., भंडार का विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं:- **(क) निविदा खुलने की तारीख: 03.07.2026, समय: 13.30 बजे:** (1) 10262561, डब्ल्यूएपी5 के लिए सेकेंडरी सस्पेंशन स्प्रिंग, रु. 2,16,630/-। (2) 10262197, टीएम ब्लोअर के लिए एम.एस. फैब्रिकेटेड इम्पेलर, रु. 1,97,700/-। (3) 10252239, ड्राइवर्स डॉयरेक्ट ब्रेक वॉल्व, रु. 1,03,660/-। **निविदा खुलने की तारीख: 23.06.2026, समय: 13.30 बजे:** (4) 08261036, सिलिकॉन रबड़ कम्पाउंड (लाल), रु. 4,83,980/-। **निविदा खुलने की तारीख: 06.07.2026, समय: 13.30 बजे:** (5) 19261668, फिल्टर एलीमेंट, स्पिन-ऑन फुएल फिल्टर इत्यादि, रु. 1,03,770/-। **निविदा खुलने की तारीख: 22.06.2026, समय: 13.30 बजे:** (6) 11251025ए, प्राइमरी वर्टिकल डम्पर, रु. 6,63,940/-। **निविदा खुलने की तारीख: 02.07.2026, समय: 13.30 बजे:** (7) 01251237बी, अपेंडेड इनसर्ट न्यूट्रल आईएसओ डिजाइन एलएनयूएक्स-301940 इत्यादि की खरीददारी, रु. 1,19,750/-। **निविदा खुलने की तारीख: 25.06.2026, समय: 13.30 बजे:** (8) 08265024, कलर एलसीडी टच डिस्प्ले थर्मल इमेजर इत्यादि की खरीददारी, रु. 3,67,630/-। **निविदा खुलने की तारीख: 01.07.2026, समय: 13.30 बजे:** (9) 11251014ए, वर्द्धित क्षमता के साइड बफर इत्यादि की खरीददारी, रु. 8,20,320/-। (10) 11261178, नॉन-एस्बेस्टर आधारित 'के' टाइप हाई फ्रिक्शन कम्पोजिट ब्रेक ब्लॉक इत्यादि की खरीददारी, रु. 10,98,040/-। **निविदा खुलने की तारीख: 29.06.2026, समय: 13.30 बजे:** (11) 20263071, कैरियर सब अस्ले., रु. 3,03,380/-। (12) 20261087, एम/कोच के एक्सल बॉक्स गाइड अरेंजमेंट के लिए लोअर रबड़ वाशर, रु. 2,26,650/-। **निविदा खुलने की तारीख: 07.07.2026, समय: 13.30 बजे:** (13) 10261802, सब किट आईओएच-1, रु. 3,05,740/-। **निविदा खुलने की तारीख: 12.06.2026, समय: 13.30 बजे:** (14) 12261049, आरडीएसओ आरेख सं. टी-8747 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ प्रयोग के लिए 10 मिमी मोटी कम्पोजिट ग्रुव्ड रबड़ सोल प्लेटों (सीजीआरएसपी) का निर्माण एवं आपूर्ति, रु. 20,00,000/-। (15) 12261034, आरडीएसओ आरेख सं. टी-3740, अल्ट-7 के अनुसार 60 किग्रा (यूआईसी) रेलों के लिए कंक्रीट स्लीपरों पर इलास्टिक रेल क्लिप फ्लैट टो के साथ प्रयोग के लिए मेटल लाइनरों का निर्माण एवं आपूर्ति, रु. 20,00,000/-। (16) 1226_ओब्ट्यूजक्रॉसिंग_6495, आरडीएसओ आरेख सं.-6495 के अनुसार 60 किग्रा रेलों के लिए 1 इन 8.5 सीएमएस ओब्ट्यूज एंगल क्रॉसिंग के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू अनुबंध, रु. 3,22,920/-। **निविदा खुलने की तारीख: 22.06.2026, समय: 13.30 बजे:** (17) 1226_एसपीसीएल_स्लीपर, स्पेशल टाइप पीएससी स्लीपरों की खरीददारी के लिए चालू अनुबंध, रु. 0/-। **निविदा खुलने की तारीख: 19.06.2026, समय: 13.30 बजे:** (18) 12261036, आरडीएसओ आरेख सं. टी-8746 के अनुसार पीएससी चौड़े स्लीपर के साथ प्रयोग के लिए आरडीएसओ आरेख सं. टी-8748 (अल्ट. 1) के अनुसार मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूर्ति, रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख: 16.06.2026, समय: 13.30 बजे:** (19) 22265369, इंट्रावाइट्रियल इंजेक्शन के लिए फैरिसिमैब 6एमजी/0.05 एमएल सोलूशन, रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख: 10.06.2026, समय: 13.30 बजे:** (20) 22265429, इंजेक्शन लुसपैटरसेप्ट 25 एमजी (उत्पाद रेलवे बोर्ड के निर्माता फर्म के अनुमोदित उत्पाद की सूची में उपलब्ध होना चाहिए) मद कोड सं. एम251033, ऑल 26-27, रु. 0/-। **निविदा की लागत :** सभी के लिए रु. 0/-। **(बी) क्रम सं. 1, निविदा सं.:** 52266479. **संक्षिप्त विवरण :** एनोडाइज्ड अल्यूमीनियम ब्रेल स्क्रिप्ट। **निविदा बंद होने की तारीख:** 09.07.2026। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रु. 2,36,21,735.60। **क्रम सं. 2, निविदा सं.:** 52265422ए. **संक्षिप्त विवरण :** मोड्युलर टाइप मेजनाइन अवसंरचना। **निविदा बंद होने की तारीख :** 06.07.2026। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रु. 52,62,225। **टिप्पणी:** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (STORES-17/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# क्या योगी सरकार पर असर होगा?

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में आए दिन होने वाले पुलिस एनकाउंटर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेहद तल्ख टिप्पणी की है। यह टिप्पणी सीधे सीधे राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार के खिलाफ है, जिसने पुलिस एनकाउंडर और बुलडोजर को ही अपनी पहचान बना लिया है। हालांकि कोर्ट की कड़ी टिप्पणी का योगी सरकार पर कितना असर होगा, कहना मुश्किल है। एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि यूपी पुलिस के लिए संविधान नहीं, राजनीतिक आकाओं की खुशी बड़ी है। मलाईदार तैनाती के लिए उन्हें खुश करना ही उनका मकसद है। भले ही इसके लिए उन्हें किसी की अवैध गिरफ्तारी करनी पड़े या फर्जी मुठभेड़, वे करने से नहीं घबराते। उन्हें भरोसा है कि उन्हें उनके आका बचा लेंगे। यही कारण है कि यूपी में कानून का राज नहीं, बल्कि अफसरों की सनक और राजनीतिक आकाओं को खुश करने का खेल अपने चरम पर हैं। इस तल्ख टिप्पणी के साथ साथ न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने गाजियाबाद के नंदग्राम थाने में एक ही परिवार के पिता - पुत्र और बहू के ख़िलाफ़ गैंगस्टर अधिनियम के तहत लंबित अपराधिक कार्यवाही रद्द कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि 35 वर्षीय गृहिणी ललिता त्यागी को एफआईआर दर्ज होने के अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उनके खिलाफ गिरफ्तारी को उचित ठहराने वाला कोई ठोस आधार अभिलेखों पर मौजूद नहीं था। कोर्ट ने गाजियाबाद के तत्कालीन पुलिस आयुक्त और वर्तमान में प्रयागराज जोन के आईजी अजय कुमार मिश्रा की भूमिका पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों पर पर्याप्त पर्यवेक्षण नहीं रखा और गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही को स्वीकृति देने में आवश्यक सावधानी नहीं बरती। यह सचाई है कि पुलिस के ऐसे कथित एनकाउंटर और अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई को राज्य सरकार बढ़ावा देती रही है। कुछ मामलों में यह सही भी हो, लेकिन अधिकांश मामलों में तो 'जो हम करें से कायदा' वाली मानसिकता है। कोर्ट ने साफ कहा कि राज्य में अफसरों की निष्पक्षता खत्म हो चुकी है और वे अपनी कुर्सियां बचाने के लिए लक्षित अभियोजन चला रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यूपी में एनकाउंटरो और बुलडोजर पर भी जातीय और साम्प्रदायिक राजनीति हो रही है। विपक्ष इसे जाति और धर्म के चश्मे से देख रहा है। जबकि सरकार इसे अपराध और माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति बता रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 31 मार्च 2017 से 5 सितंबर 2024 तक कुल 207 अपराधी मुठभेड़ में ढेर हुए हैं। इसमें 67 मुस्लिम, 20 ब्राह्मण, 18 ठाकुर, 16 यादव, 17 गुर्जर-जाट, 14 एससी, 3 एसटी, 2 सिख, 8 अन्य ओबीसी और 42 अन्य जाति और धर्म के लोगों का यूपी पुलिस ने एनकाउंटर किया। जा चुका है. यह आंकड़ा 2017 से 5 सितंबर 2024 तक का है। इस तरह कुल 138 हिंदू और 67 मुस्लिमों के एनकाउंटर किए गए हैं। इसी तरह सपा नेता अखिलेश यादव ने आरोप लगाया? कि राज्य बुलडोजर कार्रवाई के नाम पर दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जाता है, जबकि ऊंची जाति के अपराधियों पर वैसी सख्ती नहीं होती। अखिलेश ने तो यहां तक आरोप लगाया कि यूपी में अपराध नियंत्रण अब खुद अपराधियों के हाथों में पहुंच गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'भाजपा राज में महाभ्रष्ट शासन-प्रशासन ने जनता का विश्वास खो दिया है। हत्याओं और एनकाउंटर ने उप्र की छवि को पूरी तरह नकारात्मक बना दिया है। भाजपा खुद अपराधी है।' उधर योगी सरकार का मानना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाइयां उसकी यूसपी हैं। जनता के बड़े वर्ग का समर्थन उसे प्राप्त है। ऐसे में कोर्ट की टिप्पणियों का उस पर कुछ भी असर होना असंभव है।

# स्कूली शिक्षा की जिम्मेदारी से दूर भागती सरकार

**मई के प्रथम सप्ताह में भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये जिनकी विवेचना जरूरी है। सरकार ने तय किया है कि अब देश के 15 लाख सरकारी स्कूलों का संचालन एक समिति करेगी। जिसमें प्राचार्य शिक्षकों के अलावा 75 प्रतिशत सदस्य छात्रों के अभिभावक याने तीन चौथाई सदस्य अभिभावक होंगे। यह भी निर्णय किया कि 30 लाख रुपये तक के जो स्कूल-भवन में सार्वजनिक कार्य होंगे वह कार्य यह समिति ही करायेगी, किसी अनुमति की ऊपर से आवश्यकता नहीं होगी। तथा अब ये शिक्षण संस्थायें सीएसआर से याने कारपोरेट सोशल रिस्पान्सबिलिटी के तहत सार्वजनिक या निजी उद्योगों से मदद ले सकते हैं। ऊपरी तौर पर यह निर्णय सत्ता के विकेन्द्रीकरण का लगता है और शालाओं के संचालन की कुंजी की चाबी मुख्यत अभिभावकों की समिति को देते हैं। यह भी निर्णय हुआ है कि धन संबंधित चौक आदि पर प्राचार्य के साथ-साथ अभिभावक समिति के अध्यक्ष के भी हस्ताक्षर होंगे। निसंदेह यह निर्णय छात्रों के सबसे शुभचिंतक उनके अभिभावकों को अधिकार देते हैं। परंतु शिक्षा क्षेत्र की जो वास्तविकतायें हैं उनके आधार पर भी सोचना होगा। क्योंकि सरकार का कार्य जमीन पर कम प्रचार पर अधिक चलता है।**

**रघु ठाकुर**

जैसे कुछ दिनों पहले यह कहा गया था कि नई शिक्षा नीति में प्रति छात्र बजट में 130 प्रतिशत की वृद्धि की गई, याने लगभग सवा गुना परंतु सरकारी शिक्षण संस्थाओं में नई शिक्षा नीति के बाद कितने स्कूल बंद हुए और कितने छात्रों की संख्या घटी है इसका उल्लेख नहीं किया गया। जबकि तथ्य यह है कि देश में लगभग डेढ़ से दो लाख स्कूल बंद कर दिये और छात्रों की संख्या बहुत घट गई। राज्य सरकारों ने यह तर्क दिया है कि स्कूलों में छात्र नहीं थे या नगण्य थे इसलिये बंद कर दिये गये, तब इस पर भी विचार होना चाहिए कि स्कूलों में छात्र कम हुए तो इसमें किसकी जवाबदेही है। क्या यह तथ्य नहीं है कि देश के 1 लाख स्कूलों में अपर्याप्त शिक्षक, यहां तक की सैकड़ों हजारों स्कूलों में मात्र एक-एक शिक्षक से स्कूल चलता था और शिक्षक गाँव की जगह दूर शहर में रहते थे। इस प्रकार के हालातों के चलते लाचार होकर अभिभावकों को निजी शिक्षण, दुकानों में शरण लेनी पड़ी और जिनकी आर्थिक क्षमता अच्छी नहीं थी उनके बच्चे शिक्षा से वंचित हो गये। 2020 में नई शिक्षा नीति आने के बाद सत्ता के प्रचारकों ने यह लिखना शुरू कर दिया कि शिक्षा में बहुत विकास हो रहा और अब सरकार के समक्ष शिक्षा को अंतरराष्ट्रीयकरण की चुनौती है। अब यह भी लिखा जा रहा है कि नई शिक्षा नीति के आने के बाद पहले के मुकाबले इन स्कूलों में खेलों के मैदान की सुविधा हो गई जबकि यह पूर्णतरू झूठ है। नई शिक्षा नीति में यह प्रावधान किया गया कि खेल मैदानों व जिम आदि की साझेदारी की व्यवस्था हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप जिन स्कूलों में खेल मैदान नहीं हैं उन्होंने दूसरे स्कूलों के साथ खेल मैदान की साझेदारी दिखा दी तथा सरकारी आंकड़ा संतुष्ट हो गया। सच्चाई यह है कि इस शेयरिंग के नाम पर सरकार ने सरकारी और निजी शिक्षण संस्थाओं को छात्रों की उस मौलिक जरूरत से वंचित कर दिया है याने खेल कूद जो उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिये आवश्यक है। यही स्थिति पुस्तकालयों की है।



मैं कितने ही स्कूलों को देख रहा हूँ कि बच्चों को खेलने की 1 फुट जमीन नहीं है और स्कूलों को इस शेयरिंग के नाम पर सरकार की अनुमति प्राप्त है, तथा यह मनमाना पैसा लूट रहे है। शिक्षा के अंतराष्ट्रीयकरण की चुनौती नहीं है बल्कि चुनौती शिक्षा के स्वदेशीकरण की है। भारत सरकार ने बाकायदा घोषित कर 100 विदेशी विश्वविद्यालयों को देश में आने की अनुमति दी है। पूर्व से ही विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अब सरकारी विवि और निजी विवि लगभग बराबर ही है। या हो सकता है कि निजी विवि कुछ ज्यादा हो।

आज देश में लाखों सरकारी स्कूलों के शाला भवन संख्या में अपर्याप्त है और जो हैं उनमें आवश्यक सुविधायें नहीं हैं। हजारों तो खंडहर में बदल गये। पिछले साल बरसात में मप्र के सागर जिले के शाहपुर कस्बे में एक क्षतिग्रस्त शाला भवन की दीवार गिरने से कई छात्रों की मौत हो गई और सरकार ने अपनी कार्यवाही बताने के लिये आदेश जारी कर दिया कि जो क्षतिग्रस्त शाला भवन हैं उन्हें गिरा दिया जाये। परंतु यह नहीं सोचा कि अब इन शालाओं के विद्यार्थी कहां जायेंगे। और ये शाला भवन कब बनेंगे। मप्र के सागर जिले के सानौधा गांव में मैं पिछले साल दौरे पर गया था, सानौधा गांव सागर जिले का एक बहुत बड़ा गांव है और उस गांव की शाला में आसपास के कई गांव के विद्यार्थियों जिनकी संख्या लगभग 3000 थी पढ़ते थे। वह शाला भवन तो टूट गया, नया बना नहीं, सरकार ने धन राशि दी नहीं और अब बच्चे खुले मैदान में पढ़ रहे हैं।

यह तो मैंने एक घटना उद्धृत की है, न जाने इस प्रकार के कितने स्कूल मप्र व देश में होंगे। मप्र में सरकारी स्कूलों में 52 हजार शिक्षक के पद खाली हैं। प्राथमिक शिक्षा के स्कूलों में 47 हजार शिक्षक के पद खाली हैं और 7 हजार स्कूल ऐसे हैं जिसमें केवल एक शिक्षक है। ऐसी स्थिति अन्य राज्यों की भी है। बिहार में 2.75 लाख, झारखंड में लगभग 1 लाख, प.बंगाल में 77000, शिक्षकों के पद खाली हैं। मप्र के जिन 7 हजार स्कूलों में मात्र एक शिक्षक है, उनमें 2 लाख से अधिक छात्र पढ़ते हैं, कल्पना कीजिये कि इन बच्चों की पढ़ाई कैसे होती होगी? मजेदार बात यह है कि, 463 ऐसे भी स्कूल हैं जिनमें एक भी छात्र नहीं पढ़ता है, परंतु सरकार के अनुसार इनमें 223 शिक्षक पदस्थ हैं। याने बगैर किसी पढ़ाई के शिक्षक वेतन ले रहे हैं। यह स्थिति अकेले मप्र की नहीं है बल्कि लगभग देश के उत्तर भारत के अधिकांश हिस्से की है। अब यह समितियां बन जायेंगी जिनमें 75 प्रतिशत अभिभावक समिति में सदस्य होंगे परंतु जब स्कूल के भवन के लिये सरकार ने बजट ही नहीं दिया तब यह स्कूल कैसे बनेंगे? कहां से 30 लाख रुपये खर्च करेंगे, (जब पैसा ही नहीं होगा) कुल मिलाकर सरकार को एक बहाना अवश्य मिल जायेगा कि अब जवाबदार हम नहीं हैं बल्कि यह समितियां हैं। 31 मई के अखबारों में खरगोन जिले की खबर छपी है जहां अनेक स्कूलों के भवन जर्जर हैं या गिर गये हैं। नये भवन बनाने का सरकार ने जो पैसे की घोषणा की वह नहीं पहुंचा, जबकि जून माह शुरू हो रहा है याने बारिश सिर पर है, क्या ये भवन बन सकेंगे? इनमें प्रवेश लेने वाले छात्र वहाँ पढ़ेंगे? यही स्थिति शिक्षकों के बारे में होगी। क्योंकि शिक्षकों की नियुक्ति और वेतन आदि सरकार देती है परंतु अब सरकार कहेगी कि स्कूलों में बगैर शिक्षक या शिक्षकों की कमी या अन्य कारणों से जो गिरावट होगी उसकी जवाबदारी हमारी नही है बल्कि इन समितियों की जवाबदारी है। याने अपराधी सरकार बच जायेगी तथा निर्दोष प्राचार्य व समितियों के सदस्य गुनाहगार बन जायेंगे। नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया है कि प्राथमिक शिक्षा में ड्राप आउट बहुत घट चुका है लगभग शून्य के बराबर है। क्या कभी सरकार ने इसके बारे में सोचा कि ऐसा क्यों है? जो थोड़े भी समर्थ हैं, वे अपने बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के लिये निजी शिक्षण संस्थाओं में भेज रहे जो समर्थ नहीं हैं, वे लाचार लोग सरकारी स्कूलों में भर्ती कर तथा उनके सामने छोड़कर जाने के अलावा उनके सामने कोई भी रास्ता नहीं है। अगर छोड़कर जाये तो कहां जाएं क्योंकि आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि वे न बाहर भेज सकते हैं, न निजी शिक्षण संस्थाओं में भेज सकते हैं। यही कारण है कि हाई स्कूल की शिक्षा में पहुंचते पहुंचते 55 प्रतिशत छात्र ड्राप आउट हो रहे हैं। जो शिक्षकों की शिक्षा का स्तर है उसे तो क्या कहा जाये। मप्र में नीति आयोग के अनुसार जो शिक्षकों की परीक्षायें हुई उसमें अधिकांश शिक्षक स्वत अपने विषय में 60 प्रतिशत अंक नहीं पा सके। क्या शिक्षा के इन हालात के चलते शिक्षा का कोई वास्तविक विकास हो सकेगा? मुझे लगता है कि भारत सरकार ने विकेन्द्रीकरण के नाम पर अपना बचाव भर कर लिया है। अब प्राथमिक व स्कूली शिक्षा की हर त्रुटि की जिम्मेदारी शिक्षक-अभिभावक कमेटी की होगी। अभिभावक-शिक्षक कमेटी गांव में गाली खायेंगे और सरकार दिल्ली में बैठकर अपनी पीठ थपथपायेगी। बड़े बड़े विज्ञापन छपवायेगी। शायद ऐसे दिन आने वाले हैं कि अब शिक्षा व शिक्षक का विकास सरकारी और निजी शिक्षण संस्थाओं के मालिकों के विज्ञापन में मिलेगा परंतु जमीन पर सूखा मैदान होगा।

अध्यात्म

## सच्ची सेवा - भावना!



एक संत ने एक विश्व-विद्यालय आरंभ किया।इस विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य था ऐसे संस्कारी युवक-युवतियों का निर्माण जो समाज के विकास में सहभागी बन सकें।

एक दिन उन्होंने अपने विद्यालय में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका विषय था - 'जीवों पर दया एवं प्राणिमात्र की सेवा। '

निर्धारित तिथि को तयशुदा वक्त पर विद्यालयके कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रतियोगिता आरंभ हुई।किसी छात्र ने सेवा के लिए संसाधनों की महत्तापर बल देते हुए कहा कि हम दूसरों की तभीसेवा कर सकते हैं जब हमारे पास उसके लिएपर्याप्त संसाधन हों। वहीं कुछ छात्रों की यह भीराय थी कि सेवा के लिए संसाधन नहीं, भावनाका होना जरूरी है।

इस तरह तमाम प्रतिभागियों ने सेवा के विषयमें शानदार भाषण दिए। आखिर में जबपुरस्कार देने का समय आया तो संत ने एकऐसे विद्यार्थी को चुना, जो मंच पर बोलने केलिए ही नहीं आया था।

यह देखकर अन्य विद्यार्थियों और कुछ शैक्षिकसदस्यों में रोष के स्वर उठने लगे। संत ने सबको शांत कराते हुए बोले, 'प्यारे मित्रो वविद्यार्थियो, आप सबको शिकायत है कि मैंनेऐसे विद्यार्थी को क्यों चुना, जो प्रतियोगिता मेंसम्मिलित ही नहीं हुआ था। दरअसल, मैंजानना चाहता था कि हमारे विद्यार्थियों में कौनसेवाभाव को सबसे बेहतर ढंग से समझता है।

इसीलिए मैंने प्रतियोगिता स्थल के द्वार पर एकघायल बिल्ली को रख दिया था। आप सब उसीद्वार से अंदर आए, पर किसी ने भी उस बिल्लीकी ओर आंख उठाकर नहीं देखा। यह अकेलाप्रतिभागी था, जिसने वहां रुक कर उसकाउपचार किया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़आया। सेवा-सहायता डिबेट का विषय नहीं, जीवन जीने की कला है।

जो अपने आचरण से शिक्षा देने का साहस नरखता हो, उसके वक्तव्य कितने भी प्रभावी क्योंन हों, वह पुरस्कार पाने के योग्य नहीं है।

# गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं सभी महासागर

**प्लास्टिक प्रदूषण के अलावा जलवायु परिवर्तन भी महासागरों के लिए खतरा बन चुका है। महासागरों का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण तूफानों की तीव्रता और संख्या में वृद्धि हो रही है। अरब सागर, जो पहले अपेक्षाकृत ठंडा क्षेत्र माना जाता था, अब गर्म हो चुका है। इससे मानसून के पूर्व सत्र में लगातार पांच वर्षों तक चक्रवातों की संख्या में तेजी आई है। आईपीसीसी की जलवायु वैज्ञानिक डॉ. रोक्सी कौल के अनुसार, यह स्थिति जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं और इससे समुद्री पारिस्थितिकी और मानव जीवन दोनों को खतरा है। बहरहाल, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों की राय में समुद्रों की निगरानी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक कठोर उपाय अपनाने होंगे। प्लास्टिक उत्पादन, खपत और निपटान को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति और जन-जागरूकता अभियान चलाना बेहद जरूरी हो गया है।**

**योगेश कुमार गोयल**

पृथ्वी पर मुख्यतः पांच प्रमुख महासागर हैं, प्रशांत महासागर, हिन्द महासागर, अटलांटिक महासागर, उत्तरी ध्रुव महासागर और दक्षिणी ध्रुव महासागर। ये सभी महासागर न केवल धरती के पारिस्थितिक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं बल्कि मानव जीवन के लिए अनेक प्रकार की सेवाएं भी प्रदान करते हैं लेकिन दुर्भाग्यवश आज ये सभी महासागर गंभीर प्रदूषण की चपेट में आ चुके हैं। हर साल 8 जून को 'विश्व महासागर दिवस' मनाया जाता है, जिससे मानव जीवन में समुद्रों की अहमियत, महासागरों की साफ-सफाई और उनकी सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाई जा सके लेकिन जिस रफ्तार से समुद्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे यह दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन बनकर रह गया है। 'विश्व महासागर दिवस' की वर्ष 2026 की थीम है 'पुनर्कल्पना- हमारी जानी-पहचानी दुनिया से परे, हमारे महासागर के साथ एक नया रिश्ता', जो हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि महासागर केवल जलराशि नहीं बल्कि पृथ्वी के जीवन, जलवायु और जैव विविधता के आधार हैं।

दुनियाभर के महासागर बढ़ते मानवीय क्रियाकलापों के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहे हैं। पर्यावरण वैज्ञानिकों के अनुसार, औसतन हर मिनट एक ट्रक प्लास्टिक कचरा समुद्रों में फैंका जा रहा है। इसके अलावा, भारी मात्रा में सीवेज, औद्योगिक रसायन और जहरीले तत्व भी समुद्रों में पहुंच रहे हैं। अरबों टन प्लास्टिक कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है, जो न तो आसानी से विघटित होता है और न ही पूरी तरह समाप्त होता है। यह वर्षों तक समुद्र में पड़ा रहकर समुद्री जीवन और पारिस्थितिकी को बुरी तरह प्रभावित करता है। समुद्रों में समाते इन प्लास्टिक कणों और रासायनिक तत्वों का समुद्री वनस्पतियों और जीव-जंतुओं पर बेहद घातक असर पड़ता है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के मुताबिक, महासागरों का तापमान बढ़ रहा है, जल का पीएच मान घट रहा है, पोषक तत्वों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और ऑक्सीजन की कमी भी स्पष्ट रूप से दर्ज की जा रही है। इन सभी प्रभावों का सीधा असर समुद्री पारिस्थितिकी पर पड़ता है। भारतीय उपमहाद्वीप से भी हर वर्ष करोड़ों टन भारी धातुएं और लवणीय तत्व हिन्द महासागर में प्रवाहित हो जाते हैं। समुद्रों में सबसे ज्यादा खतरा प्लास्टिक कचरे से है, जिसे समुद्री जीव भोजन समझकर निगल जाते हैं। कई बार व्हेल, समुद्री कछुए और डॉल्फिन जैसे जीव मछली पकड़ने वाले जाल या अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट को खा लेते हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि प्लास्टिक में मौजूद विषैले रसायन समुद्री जीवों के शरीर में चले जाते हैं। इन मछलियों और समुद्री जीवों को दुनिया भर में लगभग 3 अरब लोग भोजन के रूप में उपयोग करते हैं। इस प्रकार यह प्रदूषण मानव स्वास्थ्य को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहा है। नार्वे के पास



वैज्ञानिकों को 'किलर व्हेल' के चर्बी ऊतकों में पीसीबी जैसे विषैले रसायनों के उच्च स्तर मिले हैं, जो कई देशों में दशकों पहले ही प्रतिबंधित किए जा चुके हैं। साथ ही 'पीएफएएस' नामक रसायन भी इन जीवों में पाए गए हैं, जो हार्मोन संतुलन, प्रजनन क्षमता और जीवनचक्र पर बुरा असर डालते हैं। वैज्ञानिकों ने व्हेल्स के शरीर में 'ब्रॉमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स' भी खोजे हैं, जो पीढ़ियों में ट्रांसफर होकर अगली पीढ़ी तक जहरीले असर छोड़ते हैं। स्पेनिश नेशनल रिसर्च काउंसिल द्वारा किए गए एक शोध में समुद्री कछुओं के पेट और मांसपेशियों में प्लास्टिक यौगिकों के उच्च स्तर पाए गए हैं। पूर्वी स्पेन के कैटलन तट पर और बेलिएरिक द्वीपों में मृत पाए गए 'लॉगरहेड' प्रजाति के 44 समुद्री कछुओं के विश्लेषण में यह तथ्य सामने आए। इनके शरीर में मौजूद यौगिक हार्मोन सिस्टम, न्यूरोलॉजिकल और कैंसरजनक गतिविधियों को प्रभावित करते हैं।

महासागरों में प्लास्टिक पहुंचने का सबसे बड़ा जरिया नदियां हैं। हर साल लाखों टन प्लास्टिक कचरा नदियों के जरिए समुद्रों तक पहुंचता है। 'प्लास्टिक वेस्ट मेकर्स इंडेक्स' रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 में पूरी दुनिया में 130 मिलियन मीट्रिक टन एकल उपयोग वाला प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ। इसमें से केवल 35 प्रतिशत को ही जलाया गया, 31 प्रतिशत को जमीन में दबाया गया और 19 प्रतिशत को खुले में या समुद्रों में फैंक दिया गया। 'साइंस एडवांसेज' जर्नल में प्रकाशित 'ओशियन क्लीनअप' संगठन के अनुसार समुद्रों में प्लास्टिक प्रदूषण फैलाने वाली नदियों की संख्या हजारों में है लेकिन केवल एक हजार नदियां ही 80 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे के लिए जिम्मेदार मानी जाती हैं। इन नदियों में से अधिकांश छोटी और मध्यम आकार की ही हैं, न कि केवल विशाल नदियां, जैसा पहले माना जाता था। फिलीपींस, चीन, भारत और मलेशिया जैसी देशों की नदियां समुद्रों में प्लास्टिक पहुंचाने के मामले में अग्रणी हैं। अकेले फिलीपींस की 4800 नदियां हर साल 3.5 लाख मीट्रिक टन प्लास्टिक समुद्रों तक पहुंचाती हैं। भारत की 1100 से ज्यादा नदियां हर साल 1.25 लाख टन प्लास्टिक समुद्र में पहुंचाती हैं। प्लास्टिक प्रदूषण के अलावा जलवायु परिवर्तन भी महासागरों के लिए खतरा बन चुका है। महासागरों का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण तूफानों की तीव्रता और संख्या में वृद्धि हो रही है। अरब सागर, जो पहले अपेक्षाकृत ठंडा क्षेत्र माना जाता था, अब गर्म हो चुका है। इससे मानसून के पूर्व सत्र में लगातार पांच वर्षों तक चक्रवातों की संख्या में तेजी आई है। आईपीसीसी की जलवायु वैज्ञानिक डॉ. रोक्सी कौल के अनुसार, यह स्थिति जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं और इससे समुद्री पारिस्थितिकी और मानव जीवन दोनों को खतरा है। बहरहाल, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों की राय में समुद्रों की निगरानी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक कठोर उपाय अपनाने होंगे। प्लास्टिक उत्पादन, खपत और निपटान को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति और जन-जागरूकता अभियान चलाना बेहद जरूरी हो गया है। तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए समुद्रों को सुरक्षित और स्वच्छ बना पाएंगे।

## आज का कार्टून

टीएमसी में बड़ा फेरबदल: ममता ने कतरे अभिषेक बनर्जी के पर, पुराने वफादारों पर भरोसा




## राशिफल

**मेष**

ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं। पिता के प्रति मन में आदर का भाव बढ़ेगा। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

**वृषभ**

विधिक मामलों में सावधानी रखने की आवश्यकता है। आध्यात्मिक विषयों पर अध्ययन कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

**मिथुन**

जीवनसाथी के प्रति आपसी विश्वास में कमी हो सकती है। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य अटक सकते हैं। आलस्यपूर्ण व्यवहार करने से बचें।

**कर्क**

कार्यक्षेत्र में दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। अल्प प्रयासों से आपके कार्य सफल हो जायेंगे।

**सिंह**

जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या**

आपके मित्र या सम्बन्धी ही आपको अपमानित करने का प्रयास कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**तुला**

अपनी छवि की चिन्ता रहेगी। व्यवसाय में धन की कमी होने की आशंका है। आपके घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। घर में अचानक बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं।

**वृश्चिक**

समय का सदुपयोग अवश्य करें। घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा।

**धनु**

गरिष्ठ भोजन का सेवन करने से बचें। ऐसा भोजन कब्ज और माइग्रेन का कारण बन सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यन्त्र रच सकते हैं। कार्यक्षेत्र में तनाव बढ़ने की सम्भावना है।

**मकर**

यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं, तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर कार्य पूर्ण करें। जीवनसाथी का सहयोग अपने कार्य को लेकर ऊर्जा प्रदान करेगा।

**कुंभ**

उच्च अधिकारियों से असन्तुष्ट हो सकते हैं। आपकी राय लोगों के लिये अत्यधिक महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है। बहुमूल्य वस्तुओं को सम्भालकर रखें।

**मीन**

महिलायें अपनी साज-सज्जा पर अत्यधिक ध्यान देंगी। अपनी कल्पनाओं को साकार करने का अवसर मिलेगा। मन में नये कार्यों को लेकर उत्साह की भावना रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अपहरण के नामजद आरोपित अविनाश गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बाहर से दिनदहाड़े अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद अभियुक्त अविनाश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है दरअसल मामला पिता के पेंशन के पैसे को लेकर था, जिसको लेकर उसके बेटे ने उसे अपहरण किया है। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। पीड़ित संतोष कुमार, पिता सूबेदार पासवान, ग्राम नुरूद्दीनपुर, थाना परसा बाजार, ने पुनपुन थाने में आवेदन दिया था। शिकायत के अनुसार 13 जून 2026 को वह अपने पिता सूबेदार पासवान, मित्र बिट्टू कुमार और सूरज कुमार के साथ सेंट्रल बैंक पुनपुन से 1,56,000 रुपये निकालकर बाहर निकले थे। जहाँ बैंक के बाहर पहले से घात लगाए अविनाश कुमार, चंदन कुमार, पिंटू कुमार और 3-4 अज्ञात लोग जबरन उनके पिता सूबेदार पासवान को गाड़ी में बैठाने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने बिट्टू कुमार के गले से करीब 1,90,000 रुपये की सोने की चेन छीन ली। इसके बाद सभी बदमाश पिता को गाड़ी में बैठाकर अपहरण कर फरार हो गए थे। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर नामजद अभियुक्त अविनाश कुमार, पिता सूबेदार, को घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपी चंदन कुमार, पिंटू कुमार और अज्ञात बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### विदेशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के पत्थरहट गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक घर से नौ बोतल विदेशी शराब के साथ युवक प्रिंस कुमार को गिरफ्तार किया है। धनरुआ पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पत्थरहट गांव में एक घर में शराब रखी गई है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान विश्वनाथ प्रसाद के पुत्र प्रिंस कुमार को नौ बोतल विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने शराब जब्त कर ली है।पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवक प्रिंस कुमार ने बताया कि घर में शादी-विवाह का कार्यक्रम था। उसी में एंजॉय करने के लिए शराब मंगाई गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब जब्त कर युवक को जेल भेज दिया गया है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

### 127 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मसौढ़ी में मंगलवार को प्रसव पूर्व जांच यानी एएनसी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 127 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।शिविर में गर्भवती महिलाओं का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन जांच के साथ-साथ भ्रूण की स्थिति की भी जांच की गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं को आयरन-कैल्शियम की गोलियां दीं और पौष्टिक आहार, नियमित जांच व संस्थागत प्रसव के फायदे बताए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज ने बताया कि प्रसव पूर्व जांच से जच्चा-बच्चा दोनों को सुरक्षित रखा जा सकता है। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर समय पर इलाज संभव होता है। सभी गर्भवती महिलाओं से हर माह एएनसी जांच कराने की अपील की गई। पीएचसी में हर सप्ताह एएनसी दिवस पर जांच की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर इस विशेष शिविर में स्वास्थ्य प्रबंधक ललन सिंह बीएओ चंद्रभूषण प्रसाद समेत सभी कर्मचारी शामिल रहे।



### ट्रेन से 92 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा में नदी थाना पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। तस्करों द्वारा ट्रेन को "वैक्यूम" कर शराब उतारी जा रही थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गढ़ोंचक गांव में छापेमारी की। इस दौरान कुल 184 पीस अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसकी मात्रा लगभग 92 लीटर बताई जा रही है। हालांकि, पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गए। बरामद की गई शराब को जब्त कर थाने लाया गया है। नदी थाना प्रभारी सहाम हुसैन ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर आधारित थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और शराब की खेप लाने-ले जाने में शामिल तस्करों की पहचान की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।





### 5.42 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नदी थाना पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने जेठुली गांव से एक युवक को स्मैक जैसे मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से कुल 5.42 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नदी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि जेठुली गांव में एक युवक अवैध रूप से मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री में संलिप्त है। सूचना की सत्यता की जांच के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान जयमोद कुमार, पिता भोला प्रसाद, निवासी जेठुली गांव, थाना नदी, जिला पटना के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 15 डिब्बियों में रखा कुल 5.42 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया है। नदी थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है।



### महंगाई, भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का धरना

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा 9 जून राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं एवं कार्यकताओं ने महंगाई, भ्रष्टाचार तथा आम लोगों एवं राजद कार्यकताओं को कथित रूप से धमकाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। धरना कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, नगर राजद अध्यक्ष दयानंद सिंह यादव, प्रदेश महासचिव (राजद पंचायती राज) मनोज यदुवंशी, भोला सिंह, शिवपूजन, प्रशांत, श्यामनंदन यादव, नवल किशोर, सातों सिंह, अरुण कुमार यादव एवं फिरोज अख्तर सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा विपक्षी दलों के कार्यकताओं को भी दबाने का प्रयास किया जा रहा है। राजद नेताओं ने सरकार से जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करने, महंगाई पर नियंत्रण लगाने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



# मसौढी-धनरूआ में महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ राजद का प्रखंड मुख्यालयों पर धरना





## राजद नेताओं का आरोप- अपराध बढ़ा, शिक्षा बदहाल; कहा- जिला मुख्यालयों पर भी होगा महाधरना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल ने मंगलवार को सभी प्रखंड मुख्यालयों पर महाधरना दिया। मसौढी में प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार, धनरूआ मे कार्यकारी अध्यत्र संतोष कुमार, एवं पुनपुन में प्रखंड अध्यक्ष उदय यादव ने अध्यक्षता की। प्रदर्शनकारियों ने एनडीए सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए जनता के बीच सरकार की कार्यशैली को उजागर करने की बात कही। वहीं धनरूआ में आयोजित धरना कार्यक्रम में पूर्व विधायक रेखा देवी ने कहा कि आम लोगों को महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और बिगड़ी कानून-व्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बिहार में हत्या और लूट जैसी आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस धरने के जरिए एनडीए सरकार की नीतियों को जनता के सामने लाया जा रहा है। राजद इन मुद्दों पर जनता की आवाज बुलंद करता रहेगा। प्रखंड स्तर पर धरना-प्रदर्शन के बाद आगामी दिनों में सभी जिला मुख्यालयों पर भी महाधरना कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।राजद नेताओं ने कहा कि पार्टी जनता की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए लगातार संघर्षरत है और यह धरना कार्यक्रम उसी कड़ी का हिस्सा है। बहरहाल मसौढी मे आयोजित धरना कार्यक्रममें पालटन सिंह,प्रोफेसर ब्रजनंदन सहाय,मकबुल आलम,बिट्ठु, रामानुज यादव राजीव, राकेश,टनटन कमलेश आदि शामिल रहे वही धनरूआ प्रखंड में उपेंद्र यादव, धनंजय यादव, मेघन गोप, राजकुमार, बिजेंद्र यादव, संतोष यादव आदि शामिल रहे।

# बाढ़ से पहले तैयारी: डीएम के निर्देश पर धनरुआ में तटबंधों का निरीक्षण

## आठ पंचायतें होती हैं बाढ से प्रभावित

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरसात से पहले संभावित बाढ़ से निपटने के लिए जिलाधिकारी पटना के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अधीक्षण अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, आपदा प्रभारी पटना तथा संबंधित कार्यपालक अभियंताओं ने संयुक्त रूप से तटबंधों की स्थिति का जायजा लिया।: टीम ने पुनपुन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के अंतर्गत धनरुआ, प्रखंडों के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। इस दौरान तटबंधों/बांधों की मौजूदा स्थिति, उनके सुदृढ़ीकरण कार्यों और स्लूइस गेटों की परिचालन तत्परता की जांच की गई। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बरसात से पहले बाढ़ नियंत्रण से जुड़े सभी इंतजाम पुख्ता करना है। अधिकारियों ने तटबंधों की मजबूती, रेन कट व रैट होल की मरम्मत और स्लूइस गेटों के सुचारू संचालन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जिला प्रशासन का फोकस है कि मानसून से पहले सभी संवेदनशील स्थलों पर बचाव कार्य पूरा कर लिया जाए ताकि बाढ़ की स्थिति में जान-माल का नुकसान रोका जा सके। बाढ नियंत्रण के एसडीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि धनरूआ मे सात पंचायत में बाढ़ का संभावित खतरा रहता है जिसको लेकर भखरी,सेवधा,अन्य जगहों पर निरिक्षण करते हुए बालू बैग का कार्य शुरू कर दिया गया है।



# शादी समारोह में हुई चोरी का खुलासा, ज्वेलर्स समेत दो गिरफ्तार



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना पुलिस ने 16 मई 2026 को हुई चोरी की घटना का सफल उद्भेदन कर लिया है। वादी गांधी टोला मरांची निवासी सतीश कुमार के घर शादी समारोह के दौरान अज्ञात चोरों ने सोना-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया था। इस मामले में कांड संख्या 48/26, धारा 331(4), 305 इठर के तहत केस दर्ज किया गया।वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने एक विधि विरुद्ध बालक को पकड़ा। पूछताछ में बालक ने बताया कि चोरी का सामान उसने मोकामा के भारत पेट्रोल पंप के पास स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान में बेच दिया था।पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकानदार मनोज कुमार, उम्र 58 वर्ष, पिता स्व. बिन्देश्वरी ठाकुर, निवासी रंगु लाल टोला, वार्ड 14, मोकामा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर चोरी का सामान खरीदने का आरोप है। पुलिस ने ज्वेलर्स की दुकान से चोरी हुआ सोना जैसा पदार्थ का गले का हार,सोना जैसा पदार्थ की अंगूठी,सोना जैसा पदार्थ का लक्ष्मी हार,सोना जैसा पदार्थ की नथिया की लरी,चांदी जैसा पदार्थ का सिक्का और हाथ का पंजा बरामद कर लिया।

# ट्यूशन जा रही छात्रा को अज्ञात बस ने कुचला मौत, गुस्साए लोगों ने घंटों किया सड़क जाम





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया स्टेट हाईवे-1 पर धनरुआ थाना क्षेत्र के किशितपुर गांव के पास मंगलवार को सड़क हादसे में तीसरी कक्षा की मासूम छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। ट्यूशन पढ़ने जा रही बच्ची को अज्ञात बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे घंटों यातायात बाधित रहा।मृतका की पहचान सोनाली प्रिया(उम्र 07वर्ष) पिता अविनाश कुमार के रूप में हुई है। अविनाश मजदूरी का काम करते हैं जिसके तीन बच्चे हैं यह उसकी बड़ी बेटी थी मृतक की मां पुतुल देवी का रो-रो कर बुरा हाल है,बताया जा रहा है कि सोनाली घर से ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। इसी दौरान सड़क पार करते वक्त तेज रफ्तार अज्ञात बस ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने किशितपुर गांव के पास स्टेट हाईवे-1 जाम कर दिया। लोगों ने कहा कि गांव के पास सड़क पार करने के दौरान आए दिन हादसे हो रहे हैं। प्रशासन को इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। सूचना मिलते ही धनरुआ थानाध्यक्ष अमित कुमार और अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी दलबल के साथ पहुंचे। काफी समझाने-बुझाने के बाद लोगों को शांत कराया और जाम हटवाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात बस की तलाश जारी है।सूचना मिलते ही घटना स्थल पर मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार चौधरी उर्फ डब्ल्यू ने मृतक के परीजनो को तत्काल कबीर अंत्येष्टि के तहत ₹3000 दिया है। बहरहाल घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है।

# मसौढ़ी में कुट्टी कारोबारी की झोपड़ी में आगजनी

## 1.50 लाख का नुकसान; 10 लोगों पर एफआईआर



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जगपूरा मुशहरी के पास कुटी कारोबार करने वाले जितेन्द्र प्रसाद की झोपड़ी में आगजनी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर 7 लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। आग से करीब 1.50 लाख रुपये का नुकसान बताया गया है। इस मामले मे पिडित जितेन्द्र प्रसाद, उम्र 52 वर्ष,पिता स्व हरखु प्रसाद पकडी निवासी ने पुलिस को बताया कि वे जगपूरा मुशहरी के पास अपनी जमीन पर झोपड़ी में कुटी मशीन चलाते हैं। यहां करीब 65,000 रुपये की नेवारी रखी थी,की 8 जून की रात करीब 3:00 बजे जब वे झोपड़ी में ही थे तभी पकड़ी गांव के 10 लोग हथियार, लाठी-डंडे के साथ वहां पहुंचे।पीड़ित के अनुसार, (1) रामदेवन प्रसाद, सुरेश प्रसाद,कृष्णा प्रसाद, कपीला प्रसाद तीनों पिता दिपन प्रसाद,सोनू प्रसाद ,मोनू प्रसाद दोनों पिता नगीना प्रसाद,कांग्रेस प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, पिता राम भवन प्रसाद ने झोपड़ी को घेर लिया। आरोप है कि रामदेवन प्रसाद के आदेश पर राम भवन ने माचिस की तिल्ली से झोपड़ी में रखी नेवारी में आग लगा दी।देखते ही देखते पूरी झोपड़ी और नेवारी जलने लगी। सभी आरोपी वहां से भाग निकले। जितेन्द्र प्रसाद ने जान बचाकर बाहर निकलकर शोर मचाया। ग्रामीणों के जुटने और 112 पर कॉल करने के बाद दमकल व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित ने बताया कि आगजनी से करीब 1,50,000 रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने थानाध्यक्ष से मामले की जांच कर आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आवेदन के आधार पर जांच कर रही है।

# ग्राहकों को फोन खरीदना चाहिए या नहीं, फैसला करेंगे रिव्यूअर्स

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नया स्मार्टफोन लॉन्च होते ही आमतौर पर उसकी खूबियों के बड़े-बड़े दावे सुनने को मिलते हैं। लेकिन, एआई+ स्मार्टफोन ने इस बार थोड़ा अलग रास्ता चुना है। कंपनी ने फैसला किया है कि उसके नए नोवा2 नियो और नोवा2 प्रो स्मार्टफोन पहले रिव्यूअर्स, टेक एक्सपर्ट्स और कंटेंट क्रिएटर्स के हाथों में जाएँगे, उसके बाद ही बिक्री शुरू होगी। कंपनी का कहना है कि वह ग्राहकों को विज्ञापनों से नहीं, बल्कि असली अनुभव से फैसला लेने का मौका देना चाहती है। इसलिए न कोई तयशुदा बातें होंगी, न रिव्यू के लिए कोई गाइडलाइन और न ही कोई इन्फ्लुएंसर किट दी जाएगी। रिव्यूअर्स को फोन इस्तेमाल करने और अपनी राय खुलकर रखने की पूरी आजादी होगी। एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के संस्थापक माधव शेठ ने कहा कि कंपनी सिर्फ तारीफ नहीं, बल्कि ईमानदार फीडबैक चाहती है। उनका मानना है कि अगर किसी प्रोडक्ट में कोई कमी है, तो ग्राहकों से पहले कंपनी को उसके बारे में पता चलना चाहिए। सबसे खास बात यह है कि फोन मिलने के बाद रिव्यूअर्स को अपनी समीक्षा प्रकाशित करने के लिए सात दिन का समय दिया जाएगा और इस अवधि के पूरा होने से पहले स्मार्टफोन बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

### अतिक्रमणकारियों को एसडीएम ने दी दो दिन की मोहलत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में आरओबी निर्माण कार्य के दौरान पूर्वी भाग में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान में एसडीएम ने स्थाई अतिक्रमण करने वालों को दो दिनों की राहत दी है। सोमवार को अभियान के दौरान हुए हंगामे के बाद स्थानीय लोगों की मांग पर यह फैसला लिया गया।आरओबी निर्माण के दौरान सर्विस रोड बनाने में अतिक्रमण बाधा बन रहा था। इससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। इसे लेकर सोमवार को बिहार राज्य पुल निगम और नगर परिषद के दंडाधिकारी ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने हंगामा किया और खुद से अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन का समय मांगा।लोगों की गुजारिश पर बुधवार को स्थाई तौर पर बने पक्के मकानों को दो दिन की मोहलत दी गई है। कहा गया है कि दो दिनों के अंदर सभी लोग खुद से अतिक्रमण हटा लें। तीसरे दिन प्रशासन फिर से अभियान चलाएगा। हालांकि अस्थाई तौर पर बने झोपड़ी, टीन शेड जैसे आधारभूत ढांचों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि आरओबी निर्माण में देरी न हो और लोगों को जाम से राहत मिले, इसलिए अतिक्रमण हटाना जरूरी है।

# पाटलिपुत्र विवि के प्रथम सहायक कुलसचिव बने टी.पी.एस. कॉलेज के सहायक प्राध्यापक



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के प्राणी विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री नीरज कुमार रंजन को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना में सहायक कुलसचिव (अतिरिक्त प्रभार) के पद पर प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने मंगलवार को विश्वविद्यालय में अपने नए दायित्व का कार्यभार ग्रहण कर लिया।पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद श्री रंजन विश्वविद्यालय के प्रथम सहायक कुलसचिव बने हैं।

कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) उपेन्द्र प्रसाद सिंह एवं कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी प्रशासनिक दक्षता, कार्यनिष्ठा एवं अनुभव से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। टी.पी.एस. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

उन्होंने विश्वास जताया कि श्री रंजन अपने अनुभव एवं नेतृत्व क्षमता से विश्वविद्यालय प्रशासन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. विनय भूषण कुमार, डॉ. मुकुंद कुमार, डॉ. हंस कुमार सिंह, डॉ. सुनीता कुमारी उपस्थित थे।

# दनियावां में नवनियुक्त थानाध्यक्ष बमबम कुमार का भव्य स्वागत, शहीद विजय क्रिकेट क्लब ने किया सम्मानित

**दनियावां/पटना/नवबिहार टाइम्स/संवाददाता।** शाहजहांपुर थाना में पिछले सप्ताह नया थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने थानाध्यक्ष के रूप में योगदान दिया। पदभार संभालते ही उन्होंने थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और जनसंवाद को प्राथमिकता देने की बात कही। उनके स्वागत में शुक्रवार को शहीद विजय क्रिकेट क्लब, सरथुआ ने सम्मान समारोह आयोजित किया। क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं जीवन बीमा अभिकर्ता मुकेश कुमार तथा अम्बर पटेल ने थानाध्यक्ष बमबम कुमार को अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान क्लब के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। सम्मान स्वीकार करने के बाद थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने कहा कि शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में शांति और आपसी सद्भाव बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। अपराध पर नियंत्रण तभी संभव है जब पुलिस और जनता साथ मिलकर काम करें। अवैध शराब, बालू तस्करी और महिला उत्पीड़न जैसे मामलों पर जीरो टॉलरेंस रहेगा। आम लोगों से मेरी अपील है कि वे बेझिझक थाना आएं और अपनी समस्या बताएं, उन्होंने कहा क्लब सदस्य मुकेश कुमार ने उम्मीद जताई कि नए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नकेल कसेगी और क्षेत्र में अमन-चैन कायम होगा।



# पुलिस बल की कमी से जूझ रहा नदवां ओपी: 30 हजार की आबादी पर एक दारोगा, दो जमादार

## 2025 में हुआ था उद्घाटन, 7 पंचायतों की सुरक्षा का जिम्मा, गश्ती-ओडी ड्यूटी में आ रही परेशानी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के नदवां पुलिस आउटपोस्ट में पुलिस पदाधिकारियों की भारी कमी के कारण दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। 22 सितंबर 2025 को उद्घाटन के समय उम्मीद थी कि 7 पंचायतों के 35 गांवों में अपराध पर अंकुश लगेगा, लेकिन मौजूदा समय में महज दो पुलिस पदाधिकारी और कुछ सिपाहियों के भरोसे ओपी का संचालन हो रहा है। नदवां ओपी बनने से नदवां सहित आसपास की 7 पंचायतों के करीब 30 हजार लोगों को स्थानीय स्तर पर पुलिस सहायता मिलने की सुविधा मिली थी। इसका उद्देश्य पुलिस व्यवस्था का विकेंद्रीकरण कर अपराध नियंत्रण और विवादों पर तुरंत कार्रवाई करना था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में ओपी में केवल दो पुलिस पदाधिकारी तैनात हैं। स्थिति यह है कि यदि एक पदाधिकारी ओडी ड्यूटी पर हैं और दूसरे गश्ती दल में, तो अन्य आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखना मुश्किल हो जाता है।वहीं पटना-गया फोरलेन पर नियमित वीआईपी मूवमेंट की स्कॉर्ट ड्यूटी भी नदवां ओपी को करनी पड़ती है। इसके अलावा रोजाना घटित होने वाली घटनाओं, आवेदन लेने और प्राथमिकी दर्ज करने जैसे कार्यों में भी स्टाफ की कमी आड़े आ रही है। नदवां पंचायत के मुखिया शंकर कुमार सिंह समेत कई सामाजिक कार्यकताओं ने पुलिस के वरीय अधिकारियों से ओपी में पदाधिकारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि पर्याप्त संख्या बल नहीं होने से ओपी स्थापना का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जब 7 पंचायतों की जिम्मेदारी है तो दो पदाधिकारियों से काम कैसे चलेगा। स्टाफ की कमी दूर नहीं हुई तो अपराध नियंत्रण की मंशा अधूरी रह जाएगी।



# राजद का प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर मंगलवार को बनकटवा प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम प्रसाद यादव ने की, जबकि मंच संचालन पंचायत अध्यक्ष ऋषि यादव ने किया। धरना के माध्यम से क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं मांगों को लेकर प्रखंड प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। धरना में बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण, युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर सरकारी बहाली, संविदा कर्मियों के हितों की रक्षा तथा बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है तथा सरकार को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए। राजद नेताओं ने किसानों को समय पर खाद, बीज एवं सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने तथा फसलों का उचित मूल्य सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही गरीबों को आवास, राशन, पेंशन एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। धरना के दौरान शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों और चिकित्सकों की कमी दूर करने, बिजली एवं पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा जनवितरण प्रणाली में व्याप्त अनियमितताओं को समाप्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में बनकटवा एवं नरकटिया विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों के निर्माण और मरम्मत, बाढ़ एवं जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि तथा युवाओं के पलायन को रोकने के लिए उद्योग एवं रोजगार के नए अवसर सृजित करने की मांग भी शामिल रही। धरना कार्यक्रम में युवा प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर यादव, आपदा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रमोद यादव, जिला छात्र अध्यक्ष राकेश यादव, बच्चा यादव, शैलेश्वर यादव, संजय यादव, राम पुकार यादव, राम पुकार शाह, सजावल यादव, मंटू कुमार यादव, अजय यादव, राम विश्वास यादव, अजय कुमार, कुणाल यादव, राहुल यादव, राम किशोर सिंह,परवेज आलम, दीपक कुमार गुप्ता, सुबोध यादव सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड प्रशासन को सौंपा गया।

## महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ राजद का प्रखंड मुख्यालय पर धरना

### जनसमस्याओं के विरोध में राजद कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन




**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को एकमा प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राजद प्रखंड अध्यक्ष वकील यादव ने किया। धरना में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भाग लेकर केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। धरना को संबोधित करते हुए राजद नेताओं व वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी की समस्या भी गंभीर होती जा रही है और युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार जनहित के मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने महंगाई पर नियंत्रण, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने, किसानों को राहत देने तथा आम लोगों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो राजद आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज करेगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में राजद नेता अवधेश यादव, विक्रमा यादव, जगमोहन प्रसाद, सुरेंद्र यादव, दीपक प्रसाद, कुमार यादव, बोधा यादव, राजेश्वर यादव, नारद यादव, रमाशंकर महतो, राजेश्वर मांझी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ तथा अंत में नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### राजद का एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन

**चिरैया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजद द्वारा मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना को संबोधित करते हुए चिरैया एवं घोड़ासहन के पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती विधि-व्यवस्था तथा गरीबी आम लोगों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इन समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने चिरैया विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है।

## मोटरसाइकिल के विवाद में हुई थी नितिन की हत्या

### 12 घंटे के अन्दर घटना में संलिप्त 12 अभियुक्तों गिरफ्तार, पिस्टल, गोली व मोटरसाइकिल बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार रात्रि दानापुर थाना के ताराचक में आपसी विवाद में गोली बारी की हुई घटना में एक किशोर की गोली लगने से मृत्यु एवं दो व्यक्ति जख्मी होने के मामले में स्थानीय पुलिस ने 12 घंटे के अन्दर घटना में संलिप्त 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि इस घटना के बाद एफएसएल टीम को घटनास्थल का निरीक्षण करने हेतु बुलाया गया था। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर मृतक का शव परिवार वालों को सुपूर्द किया गया है। मृतक के परिवार के आवेदन के आधार पर दानापुर थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारभ किया गया। अग्रतर अनुसंधान के क्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक, दानापुर एवं थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। जो त्वरित कार्रवाई करते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर महज 12 घंटे के अन्दर घटना में शामिल 12 मुख्य अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त मोरीयावों, बिक्रम का उत्कर्श कुमार, दल्लुचक, खगौल का दीपक कुमार, हर्ष कुमार, ताराचक दानापुर का जयन्त कुमार उर्फ जानू, रिशु कुमार, प्रिंस कुमार, गर्दनीबाग का शान्तनु कुमार, मिथिला कॉलोनी, दानापुर का शिवरंजन कुमार, शुभम कुमार, सगुना ड्राईलेन का आशुतोष कुमार, नया टोला, दानापुर का बादल कुमार एवं फुलवारी शरीफ का रहने वाला सोनू कुमार है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना कारित करने में प्रयुक्त 1 एक देशी पिस्टल, 5 गोली, 3 तीन मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि रविवार की दो लड़कों में मोटरसाइकिल को लेकर सैनिक चौक के आसपास विवाद हुआ था। एक पक्ष के द्वारा मारपीट की गई थी, जिसका बदला लेने के लिए दूसरे पर द्वारा फायरिंग की गई जिसमें स्वर्गीय विद्यानंद राय के पुत्र नितिन कुमार की गोली लगने मौत हो एवं दो लोग जख्मी हो गए थे।

## महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का धरना




**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय पर राष्ट्रीय जनता दल के कर्मठ कार्यकर्ताओं ने देश और प्रदेश में व्याप्त समस्याओं के खिलाफ मोर्चा को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष सत्यानंद यादव ने करते हुए कहा कि महंगाई कम हुई है का दावा करने वालों को असलियत दिखनी चाहिए। आज आम आदमी महंगाई, चरम पर पहुंची बेरोजगारी, और प्रशासनिक भ्रष्टाचार से त्रस्त है। साथ ही, समाज में बढ़ते अत्याचार पर सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। राजद का यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक जनता को उनके अधिकार और सम्मान नहीं मिल जाते। हम झुकने और रुकने वाले नहीं हैं, हमारी लड़ाई जारी रहेगी। पूरे बिहार में राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आहूत प्रखंड स्तरीय धरना के अवसर पर दानापुर प्रखंड परिसर में केंद्र एवं राज्य सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकदिवसीय धरना दिया गया। इस धरना के माध्यम से वर्तमान के ज्वलंत मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बढ़ता हुआ अपराध और लाचार शिक्षा व्यवस्था सरकार को घेरने का काम किया गया। इस धरना का संचालन नगर अध्यक्ष अर्जुन पासवान ने किया। इस एकदिवसीय धरना में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव राजेश पाल, मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, पटना जिला के प्रधान महासचिव अफरोज आलम, पटना जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मास्टर मुस्ताक अहमद ने संबोधित किया। इस कार्यक्रम में रंजीत कुमार उर्फ गुड्डू, पप्पू यादव, राजकुमार यादव सहिपत प्रसाद यादव, मंगल सिंह, संजय कुमार,लालदेव सिंह,राहुल कुमार, निरंजन कुमार राजकुमार सिंह,मौलवी हसन माखन,अजय कुमार,बबलू कुमार, राजू कुमार,उपेंद्र यादव अरुण यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्र निर्माण में बिरसा मुंडा की भूमिका से नहीं किया जा सकता इनकार

### एससीएसटी एसोसिएशन में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑल इंडिया एससीएसटी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन कारखाना शाखा जमालपुर के द्वारा एसोसिएशन कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई।सर्वप्रथम कार्यालय परिसर में अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा जी के मूर्ति पर माल्यार्पण पुष्पांजलि किया गया। तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनेश्वर टुडू ने किया। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष राम रतन सिंह मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जन जागरण का कार्य किया और समाज मेंआत्म सम्मान, एकता का सामाजिक सुधार का संदेश दिया। शाखा सचिव सतीश भारती ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में चलाए गए आंदोलन ने आदिवासी समुदाय में नई चेतना का संचार किया और स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा प्रदान की।आज भी उनके विचार सामाजिक न्याय, समानता और जनकल्याण के लिए मार्गदर्शक हैं। राष्ट्र निर्माण में युवाओं के भागीदारी और सामाजिक समरसता को मजबूत करना ही भगवान बिरसा मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर पूर्व अध्यक्ष टुड़ा मुर्मू, शिवसागर सोरेन, महेंद्र कुमार, रत्नेश्वर पासवान, राकेश कुमार, हेमंत परते, अरुण कुमार, गौतम दास, बैजनाथ टुडू, राजेंद्र बलदेव उरांव, आनंद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## सारण जिले में पिकअप वैन पलटनें से 13 मजदूर घायल

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र में आज मंगलवार की सुबह में एक पिकअप वैन के पलटनें से 13 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिघवारा थाना क्षेत्र से काम कर कर 13 मजदूर पिकअप वैन पर सवार होकर अपने घर रसूलपुर थाना क्षेत्र जा रहे थे। इसी दौरान बेलदारी मोड़ के समीप पिकअप का अगला चक्का बर्स्ट कर गया। जिसके कारण पिकअप वैन मुख्य पथ पर ही पलट गई। पिकअप वैन पर सवार सभी 13 मजदूर घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि उक्त रास्ते से गुजर रहे लोगों ने मामले की सूचना डायल 112 टीम को दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची डायल 112 और स्थानीय थाना पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद 10 मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस पिकअप वैन जब्त कर थाना ले आयी है। जहां प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## अंग्रेजी शराब के साथ बेगूसराय और लखीसराय के तस्कर गिरफ्तार

### आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त कार्रवाई ● मालदा-अनंद विहार एक्सप्रेस से पहुंचे थे दोनों तस्कर



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरपीएफ एवं सीआईबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों के पास से कुल 19.36 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।जिसकी अनुमानित कीमत करीब 14,500 रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्कर लखीसराय जिले के बलजी थाना क्षेत्र निवासी पवन कुमार तथा बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के धीरज कुमार के रूप में हुई है।आरपीएफ यार्ड पोस्ट इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट के एसआई जेआर मीणा और सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा अपनी टीम के साथ स्टेशन परिसर में सघन जांच और निगरानी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान ट्रेन मालदा टाउन-आनंद विहार एक्सप्रेस के एसी कोच से दो युवक पिट्ठू बैग लेकर प्लेटफॉर्म संख्या-1 से फुटओवर ब्रिज की ओर तेजी से जाते दिखाई दिए। संदेह होने पर आरपीएफ जवानों ने दोनों को रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। इसके बाद जवानों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को फुटओवर ब्रिज पर ही दबोच लिया। पूछताछ में उनकी पहचान लखीसराय जिले के बलजी थाना क्षेत्र निवासी पवन कुमार तथा बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के धीरज कुमार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पवन कुमार के बैग से ऑफिसर्स चॉइस एलीट व्हिस्की की 180 एमएल की 54 बोतलें बरामद हुई। वहीं धीरज कुमार के बैग से इसी ब्रांड की 48 बोतलें तथा हेवर्ड्स 5000 स्ट्रॉन्ग बीयर के 500 एमएल के दो कैन बरामद किए गए। सभी शराब की बोतलों पर फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल ओनली अंकित था। उन्होंने बताया कि बरामद शराब को नियमानुसार जब्त कर दोनों आरोपियों को आरपीएफ पोस्ट जमालपुर लाया गया।


बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल,औरंगाबाद।**

**Email Id – eemechabad18@gmail.com**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2026–2027**

1 विज्ञापन निर्गत की तिथि : 04.06.2026
2. विज्ञापन दाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता (यॉं0), सिंचाई यांत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद।
3. निविदा संलेख की बिक्री की तिथि : 13.06.2026 से 16.06.2026
4. तकनीकी एंव वित्तीय निविदा संलेख प्राप्ति की तिथि एंव समय : 18.06.2026 को 3:00 बजे अपराहन तक।
5. तकनीकी निविदा संलेख खोलने की तिथि एंव समय : 18.06.2026 को 3:30 बजे अपराहन में।
6. वित्तीय निविदा संलेख खोलने की तिथि एंव समय : तकनीकी निविदा की स्वीकृति के पश्चात् सूचित किया जायेगा।
7. निविदा संलेख बिक्री का स्थान : 1. मुख्य अभियंता,(यॉं0), जल संसाधन विभाग बिहार, पटना का कार्यालय।
2. अधी० अभियंता,(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक अचंल, गया शिविर डिहरी का कार्यालय।
3. कार्यपालक अभियंता,(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद का कार्यालय।
8. निविदा संलेख प्राप्ति एंव खोलने का स्थान : क्रमांक 7 के वर्णित कार्यालय में।
9. वित्तीय निविदा संलेख खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता,(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद का कार्यालय।

| क0 | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि (रू०) में | निविदा संलेख का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Annual maintenance of gates with hoisting arrangement and its allied parts during kharif season of north koel main canal under irrigation mechanical sub-division , Amba for the year 2026-2027. | 723441.00 | 1250.00 | 14500.00 | 31.10.2026 तक | – |
| 02 | Annual maintenance or runnning maintenance of gates with hoisting arrangement and its allied parts during kharif season of medium irrigation canal scheme under irrigation mechanical sub-division , Amba for the year 2026-2027. | 563102.00 | 1250.00 | 11500.00 | 05 Days | – |
| 03 | Annual maintenance or runnning maintenance of gates with hoisting arrangement and its allied parts during kharif season of work head division Batane under irrigation mechanical sub-division , Amba for the year 2026-27. | 154653.00 | 500.00 | 3100.00 | 05 Days | – |
| 04 | Oiling greasing of mechanical gates of Eastern sone high level main canal and its distributary system for Kharif irrigation from R.D 0.00 to R.D 133.40 under Irrigation Mechanical Sub-division,Aurangabad for the year 2026-27. | 380808.00 | 750.00 | 7700.00 | 05 Days | – |
| 05 | Oiling greasing of mechanical gates of H/R, C/R, E/R and lock gate of Patna main Canal and its distributary system for Kharif irrigation from 33.00km to 57.600km under Irrigation mechanical subdivision Aurangabad for the year 2026-27. | 335290.00 | 750.00 | 6800.00 | 05 Days | – |
| 06 | Oiling and greasing of H/R, C/R, E/R & Lock gate of Patna main canal and its distributary system for Kharif irrigation from 2.40 km to 31.50 km along with running maintenance of canal gate of Patna main canal and its distributary ( 0.00km to 57.60 km) and Eastern Sone High Level Main Canal and its distributary (0.00 RD to 268.40 RD) under Irrigation Mechanical Sub-division, Aurangabad for the year 2026-27. | 735890.00 | 1250.00 | 15000.00 | 31.10.2026 तक | – |
| 07 | Oiling greasing of mechanical gates of Eastern sone high level main canal and its distributary system for Kharif irrigation from R.D 145.00 to R.D 268.40 under Irrigation Mechanical Sub-division Navinagar,Camp -Aurangabad for the year 2026-27 | 145062.00 | 500.00 | 3000.00 | 05 Days | – |
| 08 | Oiling greasing of mechanical gates of medium irrigation scheme and its distributary system under Irrigation Mechanical Sub-division, Aurangabad for the year 2026-27 | 147632.00 | 500.00 | 3000.00 | 05 Days | – |
| 09 | Oiling and greasing of 36 nos. Spillway, 04 nos. U/s, 03 h/r gates of bhim barrage Mohammadganj before kharif irrigation for the year 2026-27 | 804355.00 | 1250.00 | 16100.00 | 10 Days | – |
| 10 | Oiling and greasing of mechanical gates of north koel canal and its distributary system for kharif irrigation from km 9.14 to km 31.29 under irrigation mechanicalsubdivision-Panki (camp-Mohammadganj) for the year 2026-27 and replacement/s/f/f of worm gear | 879743.00 | 1250.00 | 17600.00 | 10 Days | – |
| 11 | Operation of Mechanical Components Like 16 Nos. Barrage Gates with their Hoisting System, Gantry Crane, Stop Logs and other allied Components along with Electrical/ Automation/ SCADA System work at Barrage Control Room and For monitoring of data through SCADA Control Room Situated in Anishabad, Patna including other miscellaneous work at Punpun Barrage (Goh, Hamidnagar), District Aurangabad (Bihar) Under Irrigation Mechanical Division, Aurangabad for 4 Month during flood Period(July 2026 to October 2026). | 1238144.00 | 2500.00 | 24800.00 | 31.10.2026 तक | – |
| 12 | Repairing and maintenance of e/r gate-04nos, size-(3450x3900)mm embedding with hoisting system at km-31.40 of north koel main canal under north koel canal division Navinagar for the year 2026-27 | 1486496.00 | 2500.00 | 29800.00 | 15 Days | – |
| 13 | Repairing and maintenance of e/r gate-03nos size-(3450x3600)mm embedding with hoisting system at km-55.50 of north koel main canal under north koel canal division Amba for the year 2026-27. | 1116417.00 | 2500.00 | 22400.00 | 15 Days | – |
| 14 | Fabrication erection and renovation of 08 Nos falling shutter ,30 Nos tie rod and Painting work of 2 Nos U/S gate,01Nos H/R gate, 28Nos falling shutter, hoisting system and platform with railing of Vishnu medium Irrigation scheme under Batane head work Division, Amba for the year 2026-2027. | 297573.00 | 750.00 | 6000.00 | 15 Days | – |
| 15 | Repair & renovation of 2 nos. H/r gate size (2.44 m x 1.68 m) , fabrication erection and renovation of 2 nos. Of falling shutter size (2.45 m x 1.2 m) at Keshar medium irrigation scheme under north koel canal division , Aurangabad for the year 2026-27 | 409117.00 | 750.00 | 8200.00 | 15 Days | – |
| 16 | Fabrication erection and renovation of 1 nos H/R gate , side embedding hoisting arrangement plateform with railing at 46.64 km ,and plateform and stair with railing for 06 nos C/R gate at 48.47km of of eastern sone high level main canal division Tekari for the year 2026-27. | 594899.00 | 1250.00 | 12000.00 | 10 Days | – |
| 17 | "Fabrication erection and rennovation of 1 nos of HR gate, side embedding, hoisting arrangement, platform with railing at 2.3170km (7.60rd) of Sonebersa distributary of Eastern Sone High Level Main Canal under Sone High Level Canal Division Aurangabad for the year2026-27. | 258303.00 | 750.00 | 5200.00 | 10Days | – |
| 18 | Fabrication erection & renovation of 01 nos. H/R gate embedding, hosting arrangement of faridpur distribtory at 81.219km of sone high level canal division Kurtha for the year 2026-2027. | 357209.00 | 750.00 | 7200.00 | 10 Days | – |
| 19 | "Fabrication erection and installation of 2 nos of HR gate, side embedding, hoisting arrangement, platform with railing at 9.84km and 9.78 km (32 RD) of Simra distributary of Eastern Sone High Level Main Canal under Sone High Level Canal Division Aurangabad for theyear 2026-27." | 340889.00 | 750.00 | 6900.00 | 10 Days | – |
| 20 | Fabrication erection and rennovation of 2 nos of HR gate, side embedding, hoisting arrangement at 0.899km (2.950R rd) and 0.915km ( 3L rd ) of Mirzapur minor of Eastern Sone High Level Main Canal under Sone High Level Canal Division Aurangabad for the year 2026-27 | 182849.00 | 500.00 | 3700.00 | 10 Days | – |
| 21 | Fabrication erection and rennovation of 3 nos of HR gate, side embedding, hoisting arrangement at 0.7621km (2.500R rd), 1.2195km (4.00R rd) and 1.524km (5L rd) of Mirzapur minor of Eastern Sone High Level Main Canal under Sone High Level Canal Division Aurangabad for the year 2026-27. | 310259.00 | 750.00 | 6300.00 | 10 Days | – |
| 22 | Fabrication erection and renovation of 1 No. H/R gate, side embedding, hoisting arrangement platform with railing at karamdih minor (R.D. 26.50) of Eastern Link Canal (ELC) under Eastern Sone High level main Canal Division Aurangabad for the year 2026-2027. | 200931.00 | 500.00 | 4100.00 | 10 Days | – |
| 23 | Fabrication erection of 02 nos. HR gate, embedding, hosting arrangement, platform with railing at km- 9.70 and km- 13.90 of Patna main canal under Irrigation Division, Daudnagar for the year 2026-27. | 378526.00 | 750.00 | 7600.00 | 10 Days | – |
| 24 | Fabrication erection of 02 nos. M. E. canal H/R gate, embedding, hosting arrangement, platform, railing with stair at km- 6.01 of Patna main canal under Irrigation Division, Daudnagar for the year 2026-27. | 900004.00 | 1250.00 | 18000.00 | 10 Days | – |
| 25 | Fabrication erection and rennovation of 1 nos ER gate, side embedding, hoisting arrangement and installation work of platform with railing of all 5 ER gates at 38.30 km of PMC under Irrigation Division Daudnagar for the year 2026-27. | 566696.00 | 1250.00 | 11400.00 | 10 Days | – |
| 26 | "Fabrication erection and installation of gate,embedding, hoisting arrangement, platform with railing of 02 nos Kharsa outlet at km9.00 of Amra distributary, 1 nos Nawada outlet at 6.00 km of Amra distributary of PMC under Irrigation Division Daudnagar forthe year 2026-27." | 537095.00 | 1250.00 | 10800.00 | 10 Days | – |
| 27 | fabrication erection and renovation of 2 Nos. C/R gate, side embedding, hoisting arrangement at 3.96 km (R.D. 13.00) of Eastern Sone High Level Main Canal (ESHLMC) under Sone High Level Canal Division Aurangabad for the year 2026-2027. | 810945.00 | 1250.00 | 16300.00 | 10 Days | – |
| 28 | Fabrication erection and installation of 1 nos of HR gate, side embedding, hoisting arrangement, platform at 7.85km (25.76rd) of Sonebersa distributary of Eastern Sone High Level Main Canal under Sone High Level Canal Division Aurangabad for the year 2026-27. | 96230.00 | 500.00 | 2000.00 | 05 Days | – |
| 29 | Fabrication erection and installation of gate, hoisting arrangement, platform with railing of 01 nos Muhmmadpur HR gate at 1.72km of Amra distributary and fabrication installation of platform with railing of 02 Nos HR gate at 38.80km of PMC under Irrigation Division Daudnagar for the year 2026-27. | 345638.00 | 750.00 | 7000.00 | 10 Days | – |

संपर्क मोबाईल नं0:–8377937610 है।
विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 005164 ( W R D ) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता (यॉं0)
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद।

# 118 गर्भवती महिलाओं की जांच

## 45 'हाई रिस्क' में चिह्नित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' (पासमा) के 10 वर्ष पूरे होने पर अनुमंडल अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं उत्सव का आयोजन किया गया। अस्पताल परिसर को सजाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ मरीजों के बीच भी भारी उत्साह का माहौल रहा। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित मातृत्व को सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के गहन स्वास्थ्य परीक्षण और उन्हें जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. शांता कुमारी ने बताया कि ओपीडी में कुल 321 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुल 118 गर्भवती महिलाओं (एएनसी मरीजों) का पंजीकरण कर उनकी सघन प्रसव पूर्व जांच की गई। इस जांच प्रक्रिया के दौरान 45 महिलाओं को 'हाई रिस्क' (उच्च जोखिम) गर्भावस्था की श्रेणी में चिह्नित किया गया है। जच्चा-बच्चा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन सभी उच्च जोखिम वाली महिलाओं का एक अलग डेटाबेस तैयार किया गया है। सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित होने तक अब इन महिलाओं को डॉक्टरों की विशेष निगरानी में रखा जाएगा और आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से इनका नियमित फॉलो-अप किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर में 69 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड भी किया गया, ताकि गर्भस्थ शिशु के विकास का सटीक आकलन हो सके। इसके अतिरिक्त, 107 एएनसी मरीजों के विभिन्न आवश्यक पैथोलॉजिकल लैब टेस्ट अस्पताल की प्रयोगशाला में तत्परता के साथ संपन्न कराए गए। अस्पताल प्रबंधक ठाकुर चंदन सिंह ने बताया गया कि महिलाओं के बीच ओआरएस पैकेट का वितरण किया गया। जांच के उपरांत चिकित्सा कर्मियों द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त आहार लेने, व्यक्तिगत साफ-सफाई रखने और आयरन-कैल्शियम की गोलियों के नियमित सेवन के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया, जो 'पासमा' के इस दस वर्षीय सफल सफर और सुरक्षित मातृत्व के प्रति अस्पताल प्रबंधन की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है।

## मारपीट में युवक घायल, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के बस स्टैंड में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में आलोक कुमार विश्वकर्मा घायल हो गए, जिसका इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। घायल आलोक ने भाई दीपक कुमार, पुतुल कुमारी उर्फ दुर्गा देवी को नामजद आरोपी बनाते हुए यह उल्लेख किया कि सोमवार को मेरे कमरे से कुछ सामान गायब था, उक्त व्यक्तियों से पूछा तो गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। मेरे कमरे के दरवाजा तोड़कर घुस के कमरे में रखें सामान को तहस नहस कर दिया और मुझे मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज मामले की तहकीकात की जा रही है।

# मंहगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद कार्यकर्ताओं का धरना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंहगाई व भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ राजद कार्यकर्ताओं ने धरना - प्रदर्शन के माध्यम से आवाज बुलंद किया। अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार ने की।जबकि संचालन राजद प्रवक्ता जितेन्द्र सिंह ने किया। धरना को संबोधित करते हुए राजद प्रवक्ता डा. संजय कुमार, महासचिव अशोक सिंह, भोला कुरैशी, माले नेता दिनेश राम, सादुल्लाह खां, पूर्व मुखिया सह किसान नेता अर्जुन सिंह यादव, राजद जिला सचिव मुन्ना यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश सिंह, लोरिक यादव, भोला राम ने कहा मंहगाई व भ्रष्टाचार चरम पर है। बगैर चढ़ावा का कही कोई काम नहीं होता है। बदहाल शिक्षा है, ध्वस्त कानून व्यवस्था है। गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा पाना मुश्किल हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर निशाना साधते हुए आंदोलनकारियों ने कहा मंहगाई आसमान छू रहा है। नौकरियां नीजी हो गया। देखा जाय तो सरकार नौकरी देने के नाम सिर्फ घोषणा किया जाता रहा है। मोदी जी ने दो करोड़ नौकरी देने की वादा किया था नौकरी कहां चली गई। लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू के लिए संघर्ष करना होगा। केन्द्र व राज्य सरकार गरीबों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। गैजमरूआ जमीन पर सैकड़ों वर्ष से गरीब बसे हुए हैं।लेकिन उसे पर्चा नहीं दे रही है। इसके लिए सड़क पर उतरना होगा। सीपीआई के विजय सिंह , जितेन्द्र राम, गौतम यादव,जुहैर अंसारी, साधु यादव,रीता देवी,निर्मला देवी, फुला देवी,सुरजनी कुँवर सहित अन्य राजद कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जम कर बरसे। धरना के अंत में अपनी मांगो का ज्ञापन प्रखंड के अधिकारी को सौंपा गया।

# उर्वरक उपलब्ध कराना बीएओ की जवाबदेही : प्रमुख



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** मंगलवार को प्रखंड कृषि कार्यालय में प्रमुख विपुल कुमार की अध्यक्षता में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक की गयी। जिसमें उर्वरक की उपलब्धता एवं कालाबाजारी पर विशेष चर्चा की गई। प्रमुख ने बताया कि खरीफ फसल के लिए किसानों को सही मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होना चाहिए। किसी तरह की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए। किसानों को सही तरीके से उर्वरक उपलब्ध हो इसकी पूर्ण रूप जवाबदेही प्रखंड कृषि पदाधिकारी की है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि प्रखंड में उर्वरक की उपलब्धता प्रयाप्त है। अंचल अधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि किसानों को किसी तरह उर्वरक की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, लोजपा आर के प्रखंड अध्यक्ष रमेश पासवान, किसान श्री बजरंगी सिंह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सुभाष राम, कृषि विभाग के अकाउंटेंट श्रीकांत कुमार सिंह, राकेश रंजन कुमार कृषि समन्वयक उपस्थित रहे। खुदरा उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बताया गया कि थोक विक्रेताओं द्वारा अधिक मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। जबरन अन्य प्रोडक्ट टैग किया जाता है। जिससे काफी परेशानी हो रही है। उर्वरक निगरानी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# इंटरनेशनल क्रिकेटर शोएब खान का रफीगंज में हुआ सम्मान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज निवासी बंगाल पोल्ट्री के संचालन जुमन खान के आवास पर इंटरनेशनल क्रिकेटर शोएब खान के आगमन पर स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें फूलों की माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि शोएब खान युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने छोटे से गांव कोठी से निकलकर क्रिकेट जगत में अपनी पहचान बनाई है, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए गर्व और प्रेरणा की बात है। लोगों ने उनके खेल जीवन की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर क्रिकेट के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह क्षेत्र के युवाओं के लिए एक संदेश है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शोएब खान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके खेल जीवन में निरंतर सफलता की शुभकामनाएं दीं।

# उर्वरक निगरानी समिति के सदस्यों की हंगामेदार बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई - किसान भवन के सभा कक्ष में प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति के सदस्यों की बैठक हंगामेदार हुई। सदस्यों के द्वारा बिस्कोमान विक्रेता का किसानों के साथ दुर्व्यवहार की आवाज उठाया गया। बताया गया कि लाइन में लगे किसानों को लौटा दिया जाता है। बैठक में बीएओ रंजीत कुमार सहित उर्वरक श्रवण समिति सदस्य के अलावा प्रखंड के सभी खाद विक्रेता उपस्थित थे।अध्यक्षता प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने की। संचालन प्रखंड कृषि समन्वयक ब्रजेश कुमार ने किया। बीएओ रंजीत कुमार ने खाद विक्रेताओं के बीच कहा पूरी पार्दशिता के साथ किसानों को खाद मुहैया कराएं। इसमें उदासीनता किसी तरह का बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कालाबाजारी या अधिक मूल्य पर खाद विक्री करने की शिकायत मिलने पर विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा। बैठक में शामिल उपप्रमुख सतेन्द्र चौधरी, भाजपा मंडल सह 20 सूत्री अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना, सदस्य कौशल शर्मा, रालोमो अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश सिंह, लोजपा अध्यक्ष गंगा देयाल पासवान, जदयू अध्यक्ष अरूण प्रसाद सिंह, राजद अध्यक्ष मनीष कुमार, सहित उर्वरक विक्रेताओं में बिस्कोमान से गौरव कुमार, श्याम किशोर सिंह,संजय प्रसाद, उपेन्द्र सिंह, लक्ष्मी नारायण शिव,आलोक कुमार, सिम्पी कुमारी, पुनम कुमारी, सविता कुमारी, प्रखंड कृषि समन्वयक धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, पृथ्वी राज चौधरी ने सहुलियत के साथ उर्वरक बिक्री संबधी चर्चा की।

# बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ राजद का धरना

**नवबिहार टाइमस संवाददाता**

**रफीगंज।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार बिहार में बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, गिरती शिक्षा व्यवस्था एवं बिगड़ती विधि-व्यवस्था के विरोध में रफीगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता नरेश यादव एवं संचालन युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव ने किया। धरना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी सह नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधी डा गुलाम साहिद, राजद प्रदेश महासचिव कौलेश्वर यादव, राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, पैक्स अध्यक्ष शंभू यादव,नगर अध्यक्ष डा योगेन्द्र यादव, राजद महासचिव उपेंद्र यादव , डा संजय यादव सहित कई वक्ताओं ने राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, शिक्षा व्यवस्था बदहाल होती जा रही है तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने सरकार से इन समस्याओं के समाधान हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की। धरना को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। किसानों, मजदूरों, छात्रों एवं युवाओं की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखाती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में राजद कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जनता की समस्याओं के समाधान की मांग की। धरना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पांच सदस्यीय टीम ने अपनी मांगो का बीडीओ के पास ज्ञापन दिया। इस अवसर पर रेखा कुमारी, सरिता कुमारी , मंडल यादव, पूर्व वार्ड पार्षद राजेंद्र यादव, शिवनंदन यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, राबिन यादव, दारोगा कुशवाहा, विरंची यादव,दीपक कुमार, जितेन्द्र यादव, सत्येंद्र कुमार, अजीत कुमार, सोनु कुमार, सेक्रेटरी कुमार, सिकन्दर यादव, रणधीर यादव, कोमल यादव, रामाशीष कुमार, सुदामा यादव, धर्मेंद्र दास गोविंद यादव, बिनय यादव, सूर्यदेव यादव, सत्येन्द्र यादव, प्रिस कुमार, मो मुख्तार, मो कुतुब, रवि कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# दो बच्चों का पालन पोषण करते हुए बनी पुलिस कर्मी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड के गोरडीहां के महाबीरगंज निवासी संजू कुमारी अपने दो बच्चों का बेहतर पालन- पोषण करते हुए बिहार पुलिस की तैयारी की और पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की। संजू की शादी 12 वर्ष पहले हुई थी वह लगातार नौ वर्ष तक पढ़ाई से दूर रही, लेकिन 2024 के बाद लक्ष्य कोचिंग सेंटर में पढ़ाई शुरू कर दी। संजू के साथ-साथ बिहार पुलिस की परीक्षा में अन्य सफल विद्यार्थियों के लिए मौलाबाग स्थित लक्ष्य कोचिंग सेंटर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कुल 11 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। निदेशक ओम प्रकाश कुमार ने संस्था की ओर से इन्हें सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में हसपुरा दक्षिणी क्षेत्र के जिला पार्षद पुष्पलता कुमारी उपस्थित हुई। बताया गया कि केशराड़ी निवासी आयुष कुमार ने अर्थाभाव झेलते हुए भी कठिन परिश्रम किया और बिहार पुलिस में सफलता हासिल की। सोनी निवासी ,आरती कुमारी को मात्र 20 वर्ष की उम्र में पहले ही प्रयास में यह सफलता प्राप्त हुई है। इस संस्थान की पूर्ववर्ती छात्र एवं जिला पार्षद पुष्पलता कुमारी ने संस्थान में बिताए गए अपने पलों को याद किया और कहा कि शिक्षकों का जो मार्गदर्शन उन्हें प्राप्त हुआ है, उसी के सहारे वह यहां तक पहुंची हैं।

# नाबालिग के अपहरण मामले का आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में रफीगंज थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना कांड संख्या 175/26 में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी सचिन कुमार, पिता स्वर्गीय रमेश पासवान, ग्राम शाहपुर मोहल्ला नगर, थाना एवं जिला औरंगाबाद निवासी को दाउदनगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बाबूगंज की एक नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोपी था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर लिया तथा विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत उसका बीएनएस की धारा 183 के अंतर्गत बयान दर्ज कराया। इसके बाद आरोपित को रफीगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक नजर

### भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष में मारपीट, प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के रजौड़ा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में प्रथम पक्ष से संतोष कुमार ने गांव के ही सुरेंद्र यादव, रविंद्र यादव, बूचानी, यादव , सुबोध यादव, प्रमोद यादव सहित नौ लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए यह उल्लेख किया कि सभी उक्त व्यक्ति मिलकर जबरन मिट्टी भराई कर रहे थे, उसे रोकने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वही दूसरे पक्ष से रविंद्र यादव ने विजय यादव, संतोष यादव, कन्हाई यादव, संजय यादव सहित सात लोगों को नामजद आरोपित बनाते हुए यह उल्लेख किया कि घर बनाने के लिए अपने हिस्से की जमीन पर मिट्टी भरवा रहे थे, तभी सभी उक्त व्यक्ति लोगे की तंगी लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, मामले की तहकीकात की जा रही है।

### अपहरण कांड में आरोपित गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना कांड संख्या 192/26 में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पचरिया गांव निवासी पिंस कुमार, पिता रामाशीष महतो पर एक नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोप था। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान रफीगंज रेलवे स्टेशन से नाबालिग लड़की को बरामद किया गया। इसके बाद विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत पीड़िता का बीएनएस की धारा 183 के अंतर्गत बयान दर्ज कराया गया। थाना पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई। इसके बाद मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### एक माह चलेगा खेग्रामस का सदस्यता अभियान

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भखरुआं मोड़ पटना रोड स्थित भाकपा माले अनुमंडल कार्यालय में खेत ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) जिला कमिटी की एकदिवसीय बैठक जिला अध्यक्ष अवधेश राजवंशी की अध्यक्षता व जिला सचिव चंद्रमा पासवान के संचालन में हुई। बैठक में राज्य उपाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान, भाकपा माले जिला सचिव मुनारिक राम भी शामिल हुए। पार्टी केंद्रीय कमिटी के निर्णय के आलोक में खेत ग्रामीण मजदूर सभा का सदस्यता अभियान 15 जून से 15 जुलाई तक चलाने का निर्णय लिया गया। औरंगाबाद जिले में 60 हजार सदस्य बनाने का जिला कमिटी ने संकल्प लिया। साथ ही मंगलवार से 13 जून तक प्रत्येक जिला कमिटी सदस्य 500 सदस्य बनाने का भी संकल्प लिया। ताकि 15 जून 26 को पार्टी राज्य कमिटी की होने वाली बैठक में सदस्यता भर्ती का रिपोर्ट दिया जा सके। बैठक में विनोद पासवान,विशु, कमलदेव पासवान, विदेशी यादव, लक्ष्मण भुइयां, विजय राम शामिल हुए।

# प्रखंड कार्यालय परिसर में राजद का धरना प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार तथा बिगड़ती कानून-व्यवस्था के विरोध में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कार्यकर्ताओं ने कुटुंबा प्रखंड कार्यालय के परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने की, जबकि संचालन पूर्व प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने किया। धरना को संबोधित करते हुए नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे आम लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों, पेट्रोल-डीजल और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने गरीब एवं मध्यम वर्ग की परेशानियां बढ़ा दी हैं। साथ ही उर्वरक और बीज के दाम बढ़ने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। राजद नेता सुबोध कुमार सिंह ने राज्य में भ्रष्टाचार बढ़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने महंगाई पर नियंत्रण, भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई तथा कानून-व्यवस्था में सुधार की मांग की। पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेश पासवान, नंदकुमार यादव और अजय मेहता ने चेतावनी दी कि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना के बाद राजद प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन बीडीओ प्रियांशु बसु को सौंपा। इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र कुमार, संजय यादव, वृजनंदन प्रजापति, नागेश्वर यादव, जितेंद्र यादव, रविशंकर कुमार, पप्पू कुमार सिंह, पंचम पासवान सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वालों को मिली 'देव रत्न' उपाधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव, औरंगाबाद।** सौर तीर्थ देव में धार्मिक गतिविधियों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में काली स्थान शिवालय समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार तथा अखंड कीर्तन कार्यक्रम को सफल बनाने वाले युवाओं को 'देव रत्न' उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें मां काली का प्रतीक चिह्न और अंगवस्त्र भेंट किया गया।

समारोह में आर्द्रा मेले के सफल आयोजन को लेकर भी चर्चा हुई। श्रद्धालुओं को सूर्य मंदिर मार्ग पर लगने वाली भीड़ से राहत दिलाने के लिए रानी तालाब परिसर में वाहन पूजन की व्यवस्था करने पर जोर दिया गया। साथ ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए विजय दास धर्मशाला को खुलवाने हेतु जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से संपर्क करने का निर्णय लिया गया। बैठक में थाना मोड़ पर काली स्थान प्रवेश द्वार निर्माण तथा रानी तालाब परिसर के विकास पर भी विचार-विमर्श हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक धनराज, सचिव राहुल सिंह, कोषाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी और संरक्षक दीपक गुप्ता ने पवन पांडेय, बलेश गुप्ता, मुकेश सिंह और मुकुल सिंह को ट्रस्ट में शामिल करने की घोषणा की। कार्यक्रम में समाजसेवी आलोक सिंह, पुजारी दिनेश दुबे, नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल, बिनोद यादव, राकेश राही, संतोष भारती, गोरख साव, उदय सिंह, मनीष कुमार और छोटू कुमार सहित कई धर्मानुरागियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने सनातन धर्म की एकजुटता और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

# घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने पर युवाओं में नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी को लेकर युवाओं और आम उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में समाजसेवी अलख निरंजन ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण विशेष रूप से महिलाओं, गरीब परिवारों, मजदूरों और छात्रों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अलख निरंजन ने बताया कि इससे पहले 7 मार्च 2026 को घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की वृद्धि की गई थी और अब फिर 29 रुपये बढ़ा दिए गए हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।


**बिहार सरकार**

**जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद।**

**औरंगाबाद जिला में अन्य राज्यो से प्रवेश करने वाले लघु खनिज लदे वाहनो हेतु महत्वपूर्ण आम सूचना**

सर्वसाधारण, वाहन स्वामियों, चालको, परिवहनकर्ताओं एवं खनिज व्यसायियों को सूचित किया जाता है कि खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्गत अधिसूचना के आलोक में दिनांक–10.06.2026 से बिहार राज्य की सीमा में अन्य राज्यों से प्रवेश करने वाले लघु खनिज यथा बालू, पत्थर इत्यादि लदे सभी वाहनों के लिए **Inter State Transit Pass (ISTP)** प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया गया है।

**ISTP हेतु निर्धारित दरें :–**

- ₹ 60 प्रति मीट्रीक टन (परिवहन चालान पर खनिज की मात्रा वजन में अंकित रहने पर)
- ₹ 85 प्रति घनमीटर (परिवहन चालान पर खनिज की मात्रा आयतन (Volume) में अंकित रहने पर)

**आवश्यक निर्देश :–**

- अन्य राज्यों से बिहार राज्य में प्रवेश करने वाले वाहने को **ISTP** पोर्टल पर पंजीकृत कराना अनिवार्य है।
- अपने वाहन का तत्काल पंजीकरण **https://istp.bihar.gov.in** पर करायें।
- पंजीकरण करने पर बने **Login id/Password** का उपयोग कर **Login** करें।
- अन्य राज्यों से आने बाले खनिज के स्त्रोत से परिवहन चालान निर्गत होने के 6 घंटे के अन्दर वाहन पर लदे खनिज की मात्रा के अनुरूप ट्रांजिट पास लेना अनिवार्य है।
- ट्रांजिट पास के लिए ऑनलाईन भुगतान पोर्टल के माध्यम से ही किया जायेगा।
- **ISTP** चालान की वैधता खनिज परिवहन चालान की वैधता के अनुरूप होगा।
- खनिज परिवहन के दौरान ट्रांजिट पास के साथ–साथ अन्य राज्यों से निर्गत वैध खनिज परिवहन चालान रखना अनिवार्य है।
- खनिज परिवहन के दौरान दोनो (ट्रांजिट पास एवं वैध खनिज परिवहन चालान) रखा जाना अनिवार्य है। जॉच के क्रम में उक्त दोनों चालान में से कोई भी एक चालान नहीं पाये जाने पर बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण)नियमावली, 2019 यथा संशोधित 2026 के अन्तर्गत दण्ड अधिरोपित किया जायेगा।
- अवैध खनिज परिवहन के लिए जब्त वाहन जुर्माना भुगतान के पश्चात ही विमुक्त हो सकेगा।
- बिहार सरकार द्वारा खनिज परिवहन हेतु जारी सभी नियामों का पालन करें एवं वैध खनिज परिवहन सुनिश्चित करें।

**अपीलः–**

जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद एवं जिला प्रशासन, औरंगाबाद सभी वाहन स्वामियों, चालकों, परिवहनकर्ताओं एवं खनिज व्यवसायियों से अपील करता है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए वैध खनिज परिवहन सुनिश्चित करें तथा अवैध खनिज परिवहन के रोकथाम में खनन विभाग / जिला प्रशासन का सहयोग करें।

PR- 005410 ( Mines ) 2026-27

**खनिज विकास पदाधिकारी, औरंगाबाद।**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# रांची के लिए नन एसी बस का किराया 350, एसी बस के लिए 425

## पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने बढ़े हुए किराए की नई लिस्ट की जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने बढ़े हुए किराए का नया लिस्ट जारी कर दिया है। इसकी जानकारी देते हुए पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बढ़े हुए किराया का लिस्ट पलामू के उपायुक्त व सदर एसडीएम को उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि 11 जून से किराया वसूल किए जाएंगे।



एसोसिएशन के सचिव सत्येंद्र सिंह उर्फ मंगल सिंह ने बताया डालटनगंज से रांची का किराया 300 की जगह अब 350, रूपए व एसी बस का कराया 425 रूपए लिए जाएंगे। चंदवा के लिए 160 की जगह अब 185, लातेहार 112 की जगह अब 130, मनिका 70 की जगह अब 80, सतबरवा 50 की जगह अब 58 रूपए वसूल किए जाएंगे। इसी तरह डालटनगंज से लेस्लीगंज 32 की जगह अब 37, पांकी 80 की जगह अब 92, लोहरसी 93 की जगह अब 107, बहेरा 96 की जगह अब 110 रूपए वसूल किए जाएंगे। इसी तरह डालटनगंज से पाटन 50 की जगह 58, नावाजयपुर 70 की जगह 80, किसुनपुर 52 की जगह 60, मनातू 105 की जगह 120, चक 122 की जगह 140, बगेईया 80 की जगह 92 रूपए किराया वसूल किए जाएंगे। इसी तरह डालटनगंज से छतरपुर 80 की जगह 92, जपला 131की जगह 150, हैदरनगर 142 की जगह 163, हरिहरगंज 122 की जगह 140, अम्बा 135 की जगह 155, औरंगाबाद 170 की जगह 195, डेहरी 215 की जगह 248, सासाराम 245 की जगह 282 रूपए किराया वसूल किए जाएंगे।

इसी तरह डालटनगंज से कुटमु 35 की जगह 40, बरवाडीह 52 की जगह 60 डालटनगंज से मंडल 105 की जगह 121, बेतला 45 की जगह 52, छिपादोहर 70 की जगह 80, गारु 100 की जगह 115, महुंआडांड 182 की जगह 210, चटकपुर 200 की जगह 230, नेतरहाट 250 की जगह 287 रूपए भाड़ा लिए जाएंगे।

इसी तरह डालटनगंज से पंड़वा 30 अब 35 रेहला 61 अब 71 गढ़वा 84 अब 96, पांडू 101 अब 116, कजरू 108 अब 124, उंटारी 122 अब 140, नगर 150 अब 172 रूपए लिए जाएंगे। डालटनगंज से नगर भाया शाहपुर 133 अब 153, भवनाथपुर 184 अब 212, डालटनगंज से खरौंधी 227 अब 261, डालटनगंज से खरौंधी भाया शाहपुर 210 अब 242, केतार 212 अब 244, केतार भाया शाहपुर 194 अब 223, पाचाडुमर 220 अब 253, डालटनगंज से पाचाडुमर भाया शाहपुर 201 अब 231, करीवाडीह 238 अब 274 रूपए लिए जाएंगे। इसी तरह डालटनगंज से गढ़वा भाया शाहपुर 61 अब 71, बेलहारा 131अब 151, बेलहरा से गढ़वा 84 अब 97, जपला 32 अब 37, उँटारी 56 अब 65, गढ़वा से पांडू 70 अब 80, कजरू 80 अब 92, डालटनगंज से पिपरा 131 अब 150 रूपए वसूल किए जाएंगे।

इसी तरह डालटनगंज से पटना 350 अब 400, डालटनगंज से रांची (वातानुकूलित) 350 अब 425, डालटनगंज से लातेहार 150 अब 185 रूपए लगेंगे। पलामू जिला ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिन जगहों का किराया अंकित नहीं किया गया है वहां पुराने किराया में 15 से 20 प्रतिशत बढ़ा कर राशि लिया जाएगा ।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनीं 100 से अधिक शिकायतें, कई मामलों का मौके पर हुआ समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 100 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पेंशन, राशन कार्ड, फोस्टर केयर, धान भुगतान, आवास, बिजली, पेयजल, भूमि विवाद समेत विभिन्न मामलों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर आवेदकों को राहत प्रदान की गई जनता दरबार में गादी श्रीरामपुर निवासी गुलबी देवी ने पिछले आठ माह से विधवा पेंशन बंद रहने की शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सामाजिक सुरक्षा विभाग को पेंशन पुनः चालू कराने तथा लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जमुआ प्रखंड की सविता देवी ने पति द्वारा दूसरी शादी किए जाने और राशन कार्ड से नाम हटाए जाने की शिकायत की। उन्होंने नया



राशन कार्ड बनवाने की मांग रखी। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, जमुआ को मामले की जांच कर प्राथमिकता के आधार पर नया राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया एक अन्य मामले में पिता विहीन बच्ची अनविया अहमद को फोस्टर केयर योजना से जोड़ने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया, ताकि उसे योजना का लाभ मिल सके वहीं पिंडातांड निवासी संतोष कुमार वर्मा ने धान अधिप्राप्ति की राशि का भुगतान नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा भुगतान में विलंब के कारणों की जानकारी देने का निर्देश दिया जनता दरबार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि, खाद्यान्न, म्यूटेशन, जमाबंदी, जमीनी विवाद, पारिवारिक कलह और मारपीट से संबंधित मामलों की भी सुनवाई की गई। उपायुक्त ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जनता दरबार शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहा है जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, डीसी ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश 100 से अधिक शिकायतों पर सुनवाई, कई मामलों का मौके पर निपटारा पेंशन, राशन कार्ड और धान भुगतान के मामलों में डीसी ने लिया त्वरित संज्ञान।

## केदारनाथ यात्रा पर निकले युवक की गोली मारकर हत्या

### करसो पुल के पास अपराधियों का तांडव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग/बरही।** बरही थाना क्षेत्र के करसो पुल के समीप अपराधियों ने ओकनी निवासी विक्की सोनी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विक्की सोनी केदारनाथ यात्रा पर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान करसो पुल के पास घात लगाए अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उपायुक्त ने किया माल्यार्पण

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वतंत्रता संग्राम, आदिवासी समाज की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उनकी प्रतिमा पर उपायुक्त हेमन्त सती ने माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक है। 'उलगुलान' आंदोलन के माध्यम से अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध जो अलख उन्होंने जगाई थी,वह आज भी जनजातीय समाज और सम्पूर्ण भारतवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान उप विकास आयुक्त रिया सिंह, नगर आयुक्त श्री ओम प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान अन्याय और शोषण के विरुद्ध : हृदयानंद मिश्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला राजीव गांधी विचार समिति के तत्वावधान में धरती आबा, अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक गोपाल सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हृदयानंद मिश्र, एडवोकेट, अध्यक्ष, झारखंड प्रदेश राजीव गांधी विचार समिति एवं सदस्य, हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक एवं चेयरमैन, झारखंड प्रदेश कांग्रेस शिक्षा विभाग के



श्याम नारायण सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं राजीव गांधी विचार समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात श्रद्धा-सुमन सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हृदयानंद मिश्र ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाली चेतना का नाम हैं। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद और शोषण के विरुद्ध आदिवासी समाज को संगठित कर स्वाभिमान और अधिकारों की लड़ाई का नेतृत्व किया। बिरसा मुंडा का जीवन हमें अन्याय, उत्पीड़न और असमानता के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। आज आवश्यकता है कि उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाया जाए और सामाजिक न्याय, समानता तथा भाईचारे के मूल्यों को मजबूत किया जाए। झारखंड की पहचान और गौरव के रूप में बिरसा मुंडा सदैव आने वाली पीढ़ियों के प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनका बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। विशिष्ट अतिथि बिट्टू पाठक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने अपने संघर्ष से यह सिद्ध किया कि संगठित जनशक्ति किसी भी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुनौती दे सकती है। उनका जीवन संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है। विशिष्ट अतिथि श्याम नारायण सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही जो वैचारिक और सामाजिक क्रांति का सूत्रपात किया, वह भारतीय इतिहास में अद्वितीय है। उनका संघर्ष वंचितों और शोषितों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित था। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख लोग हृदयानन्द मिश्रा श्याम नारायण सिंह जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक समीम अहमद राईन ईश्वरी प्रसाद सिंह राजकुमार सिंह सचितानन्द मिश्रा सुमन तिर्की सीटू पाठक अजय साहू सुरेश पाठक जतरु उरांव गिरजा राम विद्या सिंह चेरो मुंन्द्रिका तिवारी सन्नू खान खुर्शीद आलम बालेसवसर भगत मनीषा कुमारी हेमनती लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## अनिल चौरसिया की 14वीं पुण्यतिथि 16 को

### कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** डालटनगंज- भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रहे अनिल चौरसिया की 14वीं पुण्यतिथि 16 मई को मनाई जाएगी। उक्त निर्णय डालटनगंज के विधायक आलोक कुमार चौरसिया के शाहपुर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में ली गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में स्व.अनिल चौरसिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने उनके व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान व जनसेवा के प्रति समर्पण को स्मरण किया। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाने को लेकर पार्टी नेताओं ने अपने- अपने सुझाव दिए। विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि स्व अनिल चौरसिया का जीवन समाज सेवा, जनकल्याण व मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उनके आदर्श व विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि 16 जून को आयोजित होने वाली 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। उन्होंने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, समर्थकों व आमजन से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया। बैठक का का संचालन पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भीष्म चौरसिया, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य विकास चौरसिया, मंजू देवी, बबलू चौरसिया, शशिभूषण पांडेय, प्रेमलाल चौधरी सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एनपीसीआई महत्वपूर्ण सुझावों के साथ नागरिकों को कर रहा सशक्त

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डिजिटल भुगतान ने भारत भर में लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए रोज़मर्रा के लेनदेन को तेज़, आसान और अधिक सुलभ बना दिया है। जैसे-जैसे यह सुविधा बढ़ रही है, उपयोगकर्ताओं के लिए जागरूक और सतर्क रहना महत्वपूर्ण है। सुरक्षित भुगतान के तरीके अपनाना आसान है और यह सुरक्षित डिजिटल अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनपीसीआई नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल भुगतान के लिए 5 महत्वपूर्ण सुझावों के साथ सशक्त बनाता है जिनमें भुगतान करने से पहले हमेशा जांच करें, केवल विश्वसनीय भुगतान ऐप्स और वेबसाइटों का ही उपयोग करें, अपना पिन या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें, किसी भी भुगतान में जल्दबाज़ी न करें और भुगतान अलर्ट चालू रखें और उन्हें नियमित रूप से जांचते रहें जैसे सुझाव शामिल है। कुछ सतर्क आदतें अपनाकर हर उपयोगकर्ता अपनी डिजिटल सुरक्षा पर नियंत्रण रख सकता है। जागरूकता और जिम्मेदार उपयोग के साथ, डिजिटल भुगतान रोज़मर्रा की जिंदगी का एक भरोसेमंद और सशक्त हिस्सा बने रह सकते हैं। किसी भी संदिग्ध नंबर की रिपोर्ट राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करके या दूरसंचार विभाग के वेबसाइट के माध्यम से करें। संदेशों को सुरक्षित रखें, स्क्रीनशॉट लें और सभी बातचीत का रिकॉर्ड रखें। यह जानकारी आवश्यकता पड़ने पर रिपोर्ट दर्ज कराने में अधिकारियों की मदद कर सकती है।

## जनप्रतिरोध की धारा और रामेश्वर प्रशांत विषय पर व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** जनवादी लेखक संघ जिला इकाई द्वारा राजकीय कृत मध्य विद्यालय बारो में कविवर रामेश्वर प्रशांत के सातवें स्मृति दिवस पर 'जनप्रतिरोध की धारा और रामेश्वर प्रशांत ' विषय पर व्याख्यान सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ से पधारे लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार कौशल किशोर थे, जिन्हें जलेस के बिहार राज्य सचिव कुमार विनीताभ, कवि-आलोचक डॉ0 रामाज्ञा राय 'शशिधर' (बी0 एच0 यू0, बनारस), बरौनी नगर के वार्ड पार्षद अशोक ठाकुर ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जलेस के जिला उपाध्यक्ष डॉ0 चन्द्रशेखर चौरसिया ने की तथा उप सचिव डॉ निरंजन कुमार ने संचालन किया। रामेश्वर प्रशांत के साथ की अपनी यादों को साझा करते हुए कौशल किशोर ने कहा कि जनप्रतिरोध की धारा अपने समय-समाज के परिप्रेक्ष्य में परिभाषित होती है। कबीर अपने समय की अग्रमामी चेतना के रचनाकार हैं तो प्रशांत जी अपने समय के अग्रणी साहित्यकार हैं। उनका जीवन राजनीति और साहित्य के सहमेल से बना है। उनकी कविताओं की निर्मिति इसी से हुई है। सत्तर के दशक में कविता की जमीन बदलती है। जहाँ धूमिल, रघुवीर सहाय व्यवस्था की आलोचना करते हैं। वहीं प्रशांत जी कविता में इसके आगे सर्वहारा के पक्ष में बदलाव की बात करते हैं। इसी मकसद के लिए उन्होंने अपने जीवन को समर्पित कर दिया। ये वैचारिक कवि हैं। इनकी कविता में उसका स्थूल नहीं, सृजनात्मक रूप सामने आता है।कवि-आलोचक डॉ रामाज्ञा राय 'शशिधर' ने रामेश्वर प्रशांत को याद करते हुए कहा कि हमारे बनने में प्रशांत जी की भूमिका है। उन्होंने कविता में कभी रोने-धोने का काम नहीं किया बल्कि संघर्ष के द्वारा उम्मीद की लौ को हमेशा जलाए रखा। वे 70 के दशक के अग्रणी कवि हैं। उन्होंने कविता के विभिन्न रूपों में रचना की। कला के प्रति सजगता देखने को मिलती है। भले ही उनकी कर्मभूमि बेगूसराय जनपद रही हो लेकिन वैचारिक परिप्रेक्ष्य वैश्विक था। पाब्लो नेरुदा पर जब लिखते हैं तो भारत में अभिव्यक्ति पर बढ़ते संकट को भी लाते हैं।

## नमन दिवस पर बिरसा मुंडा युवा प्रशिक्षण केंद्र में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड-एसबीआई ग्राम सेवा परियोजना के तहत एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से ऐडेंट संस्था द्वारा चुकुरु गांव में स्थापित बिरसा मुंडा युवा प्रशिक्षण केंद्र में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के नमन दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। नमन दिवस पर पलामू प्रमंडल के रम्यभूमि त्रिबल सैन्यपरिवार कल्याण फाउंडेशन के पूर्व सैनिकों, आईडेंट टीम के सदस्यों व स्थानीय युवाओं ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पूर्व सैनिकों ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, साहस व समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के लिए आगे आना चाहिए। बताते चलें कि केंद्र भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में स्थापित किया गया है। आदिवासी युवाओं को निशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण व थ्योरी कक्षाओं के माध्यम से रक्षा सेवाओं के लिए सर्वांगीण तैयारी प्रदान कराता है।

केंद्र में युवाओं को सेना, अर्धसैनिक बलों, पुलिस व अन्य सुरक्षा सेवाओं में भर्ती हेतु आवश्यक फिटनेस, अनुशासन, मार्गदर्शन और परीक्षा-उन्मुख प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है। यह पहल पलामू जिले के आदिवासी एवं ग्रामीण युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बनकर उभर रही है। इस अवसर पर रम्यभूमि त्रिबल सैन्यपरिवार कल्याण फाउंडेशन के सदस्य पूर्व सैनिक सुनील कुमार सिंह, विकास तिवारी, नवल किशोर पांडेय, पंकज तिवारी, जितेंद्र तिवारी व सेवारत सैनिक शशिकांत ओझा, टीम आईटेंट के नीतीश कुमार सिंह, डॉ सुनील कुमार, अभिषेक आनंद सहित कई सहयोगी सदस्य, छात्र- छात्राएं व ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## अंडर-18 एशिया कप की गोल्ड और कांस्य पदक विजेता बालक-बालिका टीम का स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम ने कोरिया को तीन शून्य से हराकर कांस्य पदक जीता और उस टीम में खूंटी की बेटी श्रुति कुमारी शामिल थी। वहीं भारतीय हॉकी टीम के अंडर-18 एशिया कप में गनालोया और ऑस्केया गांव के दो बेटों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिया। हॉकी के बालक और बालिका दोनों टीमों को जिला प्रशासन ने बुके, शॉल और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।



हॉकी खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में जिले के उपायुक्त मो. जावेद हुसैन, पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग, डीडीसी प्रवीण कुमार प्रकाश समेत खेल पदाधिकारी, खूंटी जिला हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव, हॉकी ओलंपिक संघ समेत खेल से जुड़े अन्य पदाधिकारी और खिलाड़ियों के कोच, अभिभावक समेत बड़ी संख्या में जिलावासी उपस्थित थे। सम्मान समारोह में उपस्थित हॉकी कोचों ने हॉकी नर्सरी की अपनी स्मृतियों को साझा किया और बताया कि शुरुवाती दिनों में हॉकी किट बॉल की कमी के बावजूद लगातार मैदान पर प्रैक्टिस से खिलाड़ियों में खेल क्षमता का विकास हुआ। लगातार खुले मैदान एवं एस्ट्रो टर्फ में प्रैक्टिस की बदौलत खूंटी, सिमडेगा और रांची के खिलाड़ियों को अंडर-18 के भारतीय टीम में जगह मिली। एक साथ अंडर 18 के बालक बालिका टीम ने स्वर्ण पदक और कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। यह खूंटी समेत राज्य और देश के लिए गौरव का पल है। जिले के उपविकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाईयां दी और कहा कि खूंटी जिले का नाम शुरू से ही हॉकी से जुड़ा था है जयपाल सिंह मुंडा की कप्तानी में देश ने ओलंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किया था। बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए यहां के बच्चे सीनियर टीम में भी अपनी जगह बनाकर देश का नाम रोशन करेंगे। जिले के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने चक दे इंडिया फिल्म का उदाहरण देते हुए खिलाड़ियों को विपक्ष की टीम के नकारात्मक अटैकिंग से बचने की सलाह दी। साथ ही कहा कि लगातार मेहनत और लगन के बल पर ही राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक टीम में अपनी जगह बना सकते हैं। जिले के उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने हॉकी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शारीरिक फिटनेस पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। शारीरिक फिटनेस से ही खेल क्षमता में लगातार सुधार होता रहेगा। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली के फिटनेस का उदाहरण दिया और बताया कि बढ़ती उम्र के बावजूद फिटनेस के कारण खिलाड़ी लंबे समय तक सफल बने रह सकते हैं।

## जमशेदपुर के रसीले आम का स्वाद अब पहुंचा लंदन

### डेढ़ टन आमों की पहली अंतरराष्ट्रीय खेप रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। जिले में उत्पादित रसीले आम अब देश की सीमाएं पार कर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच रहे हैं। एग्रीकल्चर एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी के सहयोग से जिले से करीब डेढ़ टन आमों की पहली अंतरराष्ट्रीय खेप यूनाइटेड किंगडम के लंदन के लिए रवाना की गई। समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त राजीव रंजन ने आमों से लदे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले के किसानों की उपज का वैश्विक बाजार तक पहुंचना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिससे किसानों को बेहतर बाजार और उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, वैज्ञानिक खेती और निर्यात मानकों का पालन कर जिले के अन्य कृषि उत्पादों को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं एपीडा के डायरेक्टर शशिकांत मंडल ने कहा कि झारखंड के आमों की गुणवत्ता और स्वाद को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छी पहचान मिल रही है। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ राज्य के कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जिले से आमों के निर्यात की यह पहली खेप किसानों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने वाली है और आने वाले समय में कृषि निर्यात को और विस्तार मिलने की उम्मीद है।

## जनता दरबार में भूमि विवाद का छाया रहा मामला

**लोहरदगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं पुलिस-जनता संवाद को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को कुडू थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसपी सादिक अनवर रिजवी, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सीओ सह बीडीओ संतोष उरांव, थाना प्रभारी अजित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जनता दरबार में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण, अनुकंपा नियुक्ति समेत विभिन्न मामलों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। सर्वाधिक मामले जमीन विवाद से संबंधित रहे। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि प्रशासन जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अधिकांश भूमि विवाद पारिवारिक प्रकृति के हैं, जिन्हें आपसी समझदारी से सुलझाया जा सकता है।

# जिला प्रशासन ने की सहयोग शिविर में अधिकाधिक नागरिकों से भाग लेने की अपील

## ग्रामीणों ने समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन सौंपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** बिहार सरकार के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिले की विभिन्न पंचायतों में चौथे 'सहयोग शिविर' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।बरौनी प्रखंड की बथौली एवं मैदाभनगामा पंचायत, सदर प्रखंड की चिलमिल एवं लरुआरा पंचायत, वीरपुर प्रखंड की वीरपुर पूर्व एवं जगदर पंचायत, मटिहानी प्रखंड की मटिहानी-1 एवं मटिहानी-2 पंचायत, बलिया प्रखंड की बृहत्संगपुर पंचायत, साहेबपुर कमाल प्रखंड की सनहा पश्चिम एवं सनहा पूर्वी पंचायत, डंडारी प्रखंड की डंडारी पंचायत, चेरिया बरियारपुर प्रखंड की सकरबासा पंचायत, खोदावंदपुर प्रखंड की बरियारपुर पूर्वी पंचायत, छौड़ाही प्रखंड की अमारी पंचायत, बछवाड़ा प्रखंड की भगवानपुर, चमथा-3 एवं विशनपुर पंचायत, गढ़पुरा प्रखंड की रजौड़ एवं कोरियामा पंचायत, नावकोठी प्रखंड की इकरपुर पंचायत, तेघड़ा प्रखंड की गौड़ा-2 पंचायत, भगवानपुर प्रखंड की तकिया पंचायत तथा मंसूरचक प्रखंड की मंसूरचक पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विद्युत, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, आपूर्ति, मनरेगा, आवास योजना सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। प्राप्त आवेदनों का विभागवार पंजीकरण किया गया तथा अनेक मामलों का निष्पादन मौके पर ही किया गया। शेष आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।सहयोग शिविरों के दौरान आम नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा लोगों की शिकायतों, सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।जिला प्रशासन ने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही नागरिकों को सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। प्रशासन द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सके।

# सहयोग शिविर में आए 59 आवेदनों में से 35 का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** डफरपुर पंचायत के पंचायत भवन पर 'सहयोग शिविर' का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता नोडल पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी राजीव कुमार ने की। नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि आम लोगों की समस्या के त्वरित समाधान हेतु सहयोग शिविर का प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाना है। इसमें आनलाइन तथा आफ लाइन आवेदन लिया जाएगा। प्राप्त आवेदन को एक सप्ताह के अंदर निष्पादन किया जाना है। यदि आवेदन कुछ लंबे तहकीकात का है, तो उसको भी 30 दिन के अंदर निष्पादित करना है। यदि निष्पादन योग्य आवेदन नहीं है तो इसका उचित कारण बताते हुए आवेदक को सूचना दे दी जाएगी। इसमें पूर्व से आनलाइन 59 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदन में से 35 आवेदन का निष्पादन शिविर के पूर्व ही कर दिया गया है, एवं 24 आवेदन लंबित रह गया है जिसमें कुछ जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व विभाग, बिजली विभाग एवं नल जल योजना से संबंधित है। समाज कल्याण विभाग का 6 आवेदन, राजस्व एवं भूमि सुधार के 6 आवेदन, योजना एवं विकास विभाग के 16 आवेदन, पंचायती राज विभाग के 4 आवेदन, कृषि विभाग से 1 आवेदन, आरटीपीएस से 11 आवेदन, विद्युत विभाग का 3 आवेदन, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग 9 आवेदन, पीएचईडी विभाग से 3 आवेदन ऑनलाइन एवं आफलाइन आवेदन प्राप्त किए गए। इस तरह से कुल 59 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें विभिन्न विभाग के 35 आवेदन का निष्पादन हो चुका है। लंबित 24 आवेदन राजस्व विभाग, कृषि विभाग, आरटीपीएस, पंचायती राज विभागों से संबंधित है। विभिन्न विभाग से आज के शिविर में नए 30 आवेदन प्राप्त किया गया है। इस आवेदन में सबसे अधिक नल जल योजना , विधुत विभाग आदि से संबंधित है। प्राप्त आवेदन को संबंधित विभाग को भेजकर एक सप्ताह के अंदर निष्पादन कर अगले शिविर में आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी आवेदक को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर नोडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी राजीव कुमार ने शिविर में लाभुकों को राशन कार्ड, बासगीत पर्चा, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र भी हाथों हाथ बाटे। नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मेघा वर्मा ने रामबाबू कुमार एवं विनोद साव को अपने हाथों से श्रम कार्ड बांटे। मौके पर बीडीओ राहुल रंजन, सीओ सूरज कुमार, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, बीएओ रौशन कुमार, एम ओ मनोज कुमार, एलईओ मेघा वर्मा, राजस्व अधिकारी लवली कुमारी, एलएस सुनीता कुमारी, थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस, बीपीआरओ जितेंद्र कुमार, मुखिया सुनैना देवी, मुखिया प्रतिनिधि इंजीनियर रंजीत कुमार पम पम, उपमुखिया राजकुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# जयपुर की बटन फैक्ट्री से रेस्क्यू किए गए आठ मासूम पहुंचे अररिया

## बाल संरक्षण इकाई ने कराया सुरक्षित पुनर्वास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** राजस्थान के जयपुर में एक बटन फैक्ट्री में कार्य कर रहे आठ बाल श्रमिकों को रेस्क्यू कर उनके गृह जिला अररिया लाया गया। जानकारी के अनुसार करीब आठ माह पूर्व इन बच्चों को काम कराने के लिए जयपुर भेजा गया था, जहां उनसे फैक्ट्री में मजदूरी कराई जा रही थी। छापेमारी के दौरान सभी बच्चों को मुक्त कराया गया और बाद में उन्हें जयपुर से पटना लाया गया। इसके बाद अररिया जिला प्रशासन एवं बाल संरक्षण इकाई की पहल पर बच्चों को उनके घर पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी की गई। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार के निर्देश पर बाल संरक्षण पदाधिकारी बबलू पॉल ने निजी वाहन से सभी बच्चों को पटना से अररिया लाकर सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया। सभी बच्चे अररिया जिले के जोकीहाट प्रखंड के निवासी बताए जा रहे हैं, जिनकी उम्र लगभग 8 से 12 वर्ष के बीच है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार बच्चों को दलालों के माध्यम से कुछ हजार रुपये के लालच में काम के लिए बाहर भेजा गया था। आर्थिक तंगी और गरीबी के कारण कई अभिभावक ऐसे प्रस्तावों को स्वीकार कर लेते हैं, जिसके कारण मासूम बच्चे शिक्षा और बचपन से दूर होकर श्रम में धकेल दिए जाते हैं। बाल संरक्षण अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की काउंसलिंग और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। यह मामला बाल श्रम और मानव तस्करी के खिलाफ सतर्कता की आवश्यकता को भी उजागर करता है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे बच्चों को काम पर भेजने के बजाय उनकी शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

# नोएडा से गुवाहाटी जा रहा मोबाइल से भरा कंटेनर अररिया में बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** नोएडा से गुवाहाटी के लिए रवाना हुआ मोबाइल हैंडसेट और एसेसरीज से लदा एक कंटेनर रहस्यमय परिस्थितियों में अररिया के जीरो माइल स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप लावारिस अवस्था में बरामद किया गया है। कंटेनर से बड़ी संख्या में मोबाइल गायब पाए गए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया है। उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले के बेगीकोल निवासी राणा रामजय सिंह के ऑनलाइन आवेदन पर नगर थाना में कांड संख्या 314/26 दर्ज की गई है। आवेदन में बताया गया है कि कंटेनर में रियलमी, ओप्पो और वनप्लस कंपनी के मोबाइल हैंडसेट लदे थे। कंटेनर 6 जून को ग्रेटर नोएडा स्थित वेयरहाउस से लगभग 1100 मोबाइल हैंडसेट लेकर गुवाहाटी के लिए रवाना हुआ था। वाहन कंपनी द्वारा राम सिंह से किराए पर लिया गया था। वाहन के चालक पलवल साहिब तथा दूसरे चालक तालिम थे। 7 जून तक चालक से लगातार संपर्क हो रहा था, लेकिन इसके बाद उसने जवाब देना बंद कर दिया। फास्टैग विवरण की जांच में पता चला कि 7 जून की शाम करीब 7 बजे कंटेनर की अंतिम टोल कटौती अररिया के हरियाबाड़ा टोल नाका पर हुई थी। इसके बाद वाहन का कोई पता नहीं चला। कंपनी की सूचना पर खोजबीन के दौरान 8 जून को कंटेनर अररिया के जीरो माइल क्षेत्र में लावारिस हालत में बरामद हुआ। जांच में पाया गया कि कंटेनर में रखे 1143 बॉक्स में से 612 बॉक्स गायब हैं। वहीं चालक और खलासी का भी कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि कंटेनर नोएडा से मोबाइल सेट एवं एसेसरीज लेकर गुवाहाटी जा रहा था। मालिक की सूचना पर वाहन को जीरो माइल के पास से बरामद किया गया।

# ड्यूटी के दौरान मरीज छोड़कर जाने वाले चिकित्सक निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कार्रवाई**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने के मामले में जिला पदाधिकारी ने बड़ी कार्रवाई की है। इस संबंध में जिलाधिकारी की अनुशंसा पर स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बंदरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि 4 जून को प्रसाद क्लिनिक के आईसीयू में घटित अग्निकांड के समय डॉ पंकज कुमार आईसीयू में ड्यूटी पर थे तथा आगलगी के दौरान मरीज को छोड़कर फरार हो जाने का आरोप है। साथ ही सरकारी सेवा में रहने के बावजूद उनके द्वारा निजी अस्पताल में सेवाएं देना तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंदरा से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का भी उनके विरूद्ध आरोप है। प्रसाद हॉस्पिटल जैसे संवेदनशील मामले में उनकी जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण थी। इसके बावजूद उनके द्वारा ड्यूटी छोड़ने को गंभीर प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी लापरवाही माना गया है। कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं मरीजों के प्रति संवेदनहीनता को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 9(1)(क) के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्धारित किया जाएगा तथा उन्हें नियमानुसार केवल जीवन-निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों की विस्तृत विभागीय जांच भी कराई जाएगी।

इधर जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर निजी अस्पतालों और नर्सिंग होमों के विरुद्ध लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है तथा सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अब तक 25 स्वास्थ्य संस्थानों को सरकारी प्रोटोकॉल के उल्लंघन के मामले को गंभीरता से लेते हुए सील कर दिया गया है। जाँच अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर की लापरवाही को गंभीरता से ली जाएगी। उन्होंने कहा कि मरीजों के जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और आपातकालीन परिस्थितियों में तैनात चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से पूर्ण जवाबदेही की अपेक्षा की जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जिले मे एईएस एवं आपदा के संभावित खतरे को देखते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया है कि वे अपनी ड्यूटी के प्रति पूर्णतः सजग एवं उत्तरदायी रहें तथा आपदा या आपातकालीन स्थिति में निर्धारित प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें।


**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: 42-एमएलडीटी-26-27 एवं 45-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 02.06.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पबं) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: 42-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के अधीन मालदा मंडल के तहत नाथनगर, अकबरनगर, धरहरा, अभयपुर तथा बोनीडांगा स्टेशनों में पुराने फूट ओवर ब्रिज के प्रतिस्थापन कार्य के लिए खुली ई-निविदा; निविदा मूल्य: रु. 11,95,92,668.60; **क्रमांक 2, निविदा सं.: 45-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के अधीन मालदा मंडल के तहत दशरथपुर, कजरा एवं बाकुडी स्टेशनों में फूट ओवर ब्रिज के प्रावधान कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्यः** रु. 7,50,76,745.01; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 25.06.2026 को 15.30 बजे; **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/एमएलडीटी।

(MLD-82/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EastemRailway @easternrailwayheadquarter


# भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का धरना

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, खराब विधि व्यवस्था एवं संगठित भ्रष्टाचार समेत विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रव्यापी धरना कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बलिया प्रखंड मुख्यालय के समीप एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरना की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार दास ने की, जबकि संचालन राजद नेता मोतीलाल यादव ने किया।धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने राज्य एवं केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं तथा भ्रष्टाचार और अपराध की घटनाओं में वृद्धि से जनता परेशान है। नेताओं ने सरकार से जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि किसानों, मजदूरों, छात्रों एवं बेरोजगार युवाओं की समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण लोगों में व्यापक असंतोष है। उन्होंने जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी दोहराया।धरना कार्यक्रम में राजद नेता रामविलास यादव, युवा राजद के उपाध्यक्ष गौतम कुमार, नगर परिषद के मुख्य पार्षद मोहम्मद जमालुद्दीन, महेंद्र यादव, शिवजी शाह, छोटेलाल यादव, अमर कुमार यादव, बहादुर यादव, साड़ी ब्राह्मण, संजय यादव, मोहम्मद खालिद सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ राजद ने आवाज की बुलंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के आह्वान पर मंगलवार को राज्यव्यापी प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन बखरी प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव ने की। धरना-प्रदर्शन के दौरान राजद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि बिहार में हत्या, बलात्कार, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रही है। वक्ताओं ने कहा कि जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है, जबकि सरकार मूल समस्याओं से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है तथा अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए एनडीए सरकार लगातार राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी पर राजनीतिक हमला कर रही है।धरना-प्रदर्शन में अनुसूचित जनजाति जनजाति के जिला अध्यक्ष शिवनारायण राम, राजद प्रदेश के नेता मनोहर केशरी, बखरी नगर अध्यक्ष रंजीत राम, राजद के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दीपक आजाद, कट्टर राजद व प्रखंड सचिव दिलीप यादव, रजनीश कुमार, शंकर महतो,जयकांत यादव, मनोज सहनी, जावेद अख्तर, मो जब्बार के

# खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत का डीएम ने दिया निर्देश

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में मृत एवं खराब चापाकलों के निष्पादन तथा मरम्मत कार्यों में तेजी लाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि विभागीय मानकों के अनुरूप मृत चापाकलों का निष्पादन तथा मरम्मत योग्य चापाकलों की पहचान कर उनका शीघ्र मरम्मत कार्य सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए पंचायतवार तैयार माइक्रो-शेड्यूल के अनुसार सभी कार्यों का समयबद्ध निष्पादन किया जाएगा। संबंधित कनीय अभियंता अपने-अपने कार्यक्षेत्र में निर्वाचित मुखिया, उप-मुखिया तथा विगत पंचायत चुनाव के मुख्य निकटतम प्रतिद्वंद्वी अभ्यर्थियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों की जानकारी साझा करेंगे। इससे स्थानीय स्तर पर जनसहभागिता बढ़ेगी तथा कार्यों की पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी। निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार के राजनीतिक अथवा सामाजिक मतभेद से ऊपर उठकर जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल व्यवस्था से संबंधित कार्यों का निष्पादन करें।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मोदी सरकार के 12 वर्ष ...

प्रमुख उपलब्धियों में शामिल किया। वर्ष 2015 में शुरू हुए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के बाद डिजिटल भुगतान व्यवस्था में उल्लेखनीय विस्तार हुआ। वहीं 2014 में शुरू की गई प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को पहली बार बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया। सरकार का दावा है कि जनधन, आधार और मोबाइल आधारित व्यवस्था ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण को अधिक प्रभावी बनाया। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सरकार ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने का दावा किया। उरी हमले के बाद 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक को सरकार ने भारत की नई सुरक्षा नीति का प्रतीक बताया। इसके अतिरिक्त जनवरी 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। वहीं लगभग 34 वर्षों बाद नई शिक्षा नीति लागू कर शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की शुरुआत की गई। सरकार ने भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह नए आपराधिक कानून लागू करने को भी न्यायिक सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)**

टेलीफोन– 6327–299903, ई–मेल : ulb.rafiganj@gmail.com

**अल्कालीन अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण**

**सूचना सं०– 04/2026–27**

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग पटना का ज्ञापांक–5564, न०वि० एवं आ०वि० दिनांक – 19.05.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष– 2026–27 के लिए नगर पंचायत, रफीगंज के क्षेत्राधीन आकस्मिक/अत्यावश्यक कार्य हेतु राज्य सरकार के वर्तमान अनुसूचित दर (संवेदक लाभ एवं ओभरहेड रहित) पर निर्माण सामाग्रियों/श्रमिकों/मशीनरी इत्यादि के आपूर्ति/सेवा हेतु संवेदकों/आपूर्तिकर्त्ता/सेवा प्रदाताओं से निम्नांकित शर्तों पर अभिरूचि की अभिव्यक्ति (expression of interest) आमंत्रण किया जाता है।

1. संवेदकों/आपूर्तिकत्ताओं/सेवा प्रदाताओं का संबंधित जिला में चतुर्थ वर्गीण श्रेणी में निबंधन अनिवार्य होगा।
2. निर्माण सामग्रियों/श्रमिकों/मशीनरी के आपूर्ति से संबंधित राज्य सरकार/विभागीय नियम/ दिशा–निर्देश लागू होंगे।
3. सभी प्रकार के टैक्स/रॉयल्टी/मालीकाना फीस/जी०एस०टी/इनकम टैक्स/लेवर शेष इत्यादि की कटौती नियमानुकूल की जाएगी।
4. अभिरूचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) के साथ निम्न दस्तावेजों की अभिप्रमाणित प्रति अद्योहस्ताक्षरी के पद नाम से सम्बोधित आवेदन पत्र के साथ बन्द लिफाफा में जमा करना होगा।

(i) वैध निबंधनपत्र। (ii) पैन कार्ड की प्रति।
(iii) जी०एस०टी० नं० की प्रति (iv) GST Return 3B latest 3 Month
(v) आधार कार्ड की छायाप्रति। (vi) वैध आचरण प्रमाण–पत्र
(vii) Whatsapp मोबाईल नं0 (viii) ई–मेल आई०डी०
(xi) पूर्ण स्थाई एवं अस्थाई पता

| क्र० सं० | कार्य का नाम | संवेदक द्वारा अभिरूचि (हॉ/नहीं) |
|---|---|---|
| 1 | मजदुर सप्लाई कार्य (श्रम संसाधन विभाग द्वारा दर पर भुगतान) | |
| 2 | (A) मशीन सप्लाई कार्य (ट्रैक्टर, जे0सी0बी0, ग्राम कटर, कंक्रीट मिक्सचर मशीन) वर्तमान अनुसूचित दर<br>(B) सामग्रियों की सप्लाई कार्य/असैनिक कार्य (बालू, गिट्ट, सीमेन्ट, ईट, मिट्ट ई0सी0 बैग, बॉस फिल्टर इत्यादि। (वर्तमान अनुसूचित दर) | |

**नगर कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत, रफीगंज।**

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 005278 (B&C) 2026-27

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**



**बिहार सरकार**

**कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद**

**पुर्नः सैरात बन्दोवस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना**

**(वित्तीय वर्ष 2026–27)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के द्वारा जिला परिषद औरंगाबाद के नियंत्राधीन विभिन्न बस स्टैण्ड/हाट बाजार एवं तालाब आदि की वित्तीय वर्ष 2026–27 में (01.07.2026 से 31.03.2027 तक) की बंदोबस्ती जिला परिषद कार्यालय में दिनांक 10.06.2026, 11.06.2026 एवं 13.06.2026 को 11 बजे पूर्वाहन् में खुली डाक प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी। यदि उक्त निर्धारित तिथि को बंदोबस्ती शेष रह जाती है , तब पुनः दिनांक 15.06.2026, 16.06.2026 एवं 17.06.2026 को एवं उसमें से शेश रह जाने पर पुनः दिनांक–20.06.2026, 22.06.2026 एवं दिनांक–23.06.2026 को जिला परिशद कार्यालय में 11 बजे पूर्वाहन् में बन्दोबस्ती की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित तिथियों को डाक में भाग ले सकते हैं। यदि सुरक्षित जमा राशि में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह लेसी को स्वीकार करना होगा।

| | सैरात | सुरक्षित राशि 09 माह के लिए (01.07.2026 से 31.03.2027) | अग्रधन की राशि (कुल सुरक्षित राशि का 20%) |
|---|---|---|---|
| **बस स्टैण्ड** | | | |
| 1 | टण्डवा बस स्टैण्ड | 303341.00 | 60668.00 |
| **हाट बाजार** | | | |
| 2 | जम्होर रेलवे स्टेशन पथ बाजार | 264616.00 | 52923.00 |
| 3 | नबीनगर रेलवे स्टेशन पथ बाजार | 95390.00 | 19078.00 |
| 4 | हसपुरा बाजार | 294975.00 | 58995.00 |
| 5 | देव बाजार (राजस्व) | 302738.00 | 60548.00 |
| 6 | अम्बा बाजार (जि0प0 नियंत्राधीन) | 129375.00 | 25875.00 |
| 7 | जम्होर बाजार | 39616.00 | 7923.00 |
| 8 | खुदवॉ बाजार | 23393.00 | 4679.00 |
| 9 | सुन्दरगंज बाजार | 21994.00 | 4399.00 |
| 10 | चरण बाजार | 38080.00 | 7616.00 |
| 11 | ग्राम मेह, नरारी खुर्द में पुरईन घास की बन्दोबस्ती। | 282030.00 | 56406.00 |
| 12 | ओबरा बाजार (राजस्व) | 292215.00 | 58443.00 |
| 13 | बारूण बाजार (राजस्व) | 376611.00 | 75322.00 |
| 14 | अम्बा बाजार (राजस्व) | 172500.00 | 34500.00 |
| 15 | देव कार्तिक छठ मेला | 503298.00 (पूर्ण वर्ष) | 100660.00 |
| 16 | शिवगंज बाजार (राजस्व) | 173363.00 | 34673.00 |
| 17 | मदनपुर बाजार (राजस्व) | 527419.00 | 105484.00 |
| 18 | भदवा बाजार (राजस्व) | 150170.00 | 30034.00 |
| 19 | खराटी पशु मेला (राजस्व) | 250374.00 | 50075.00 |
| 20 | देव अदरा नक्षत्र मेला (राजस्व) | 185955.00 (पूर्ण वर्ष) | 37191.00 |
| 21 | जम्होर बंसत पंचमी मेला। | 152088.00 (पूर्ण वर्ष) | 30418.00 |
| **तालाब** | | | |
| 22 | लेम्बोखाप सिन्दुरिया तालाब | 74813.00 | 14963.00 |

नोट – इसके लिए वेबसाईट www.auranabad.bih.nic.in देखा जा सकता है एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**उप विकास आयुक्त,**
**–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,**
**जिला परिषद, औरंगाबाद**

PR. No. 005283 (B&C) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।**





# सहयोग शिविर में प्राप्त वादों का समय पर करें निष्पादन : सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविर के प्रभावी एवं सफल आयोजन तथा शिविरों में प्राप्त वादों के निष्पादन की प्रगति को लेकर मुख्यमंत्री के सचिव की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सिविल सर्जन, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिविरों में प्राप्त सभी वादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से ऐसे मामलों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया गया जिनका निष्पादन 10-20 दिनों के भीतर नहीं हो पाया हो। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि प्राप्त सभी वादों का अधिकतम 30 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत निष्पादन किया जाए। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि यदि किसी स्तर पर 30 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर मामलों का निष्पादन नहीं किया जाता है तो संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पंचायत सरकार भवन अथवा उसके समीप स्थित उपयुक्त सार्वजनिक स्थल पर शिविर का आयोजन सुनिश्चित करें तथा निर्धारित पंचायतवार रोस्टर के अनुसार तिथि एवं स्थल का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। साथ ही शिविर स्थल पर आवश्यक मानव संसाधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट किया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। विशेष रूप से राजस्व एवं न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल देते हुए निर्देश दिया गया कि शिविर तिथि से पूर्व लंबित मामलों का निष्पादन कर लिया जाए।

# औरंगाबाद के विकास कार्यों को लेकर सुशील कुमार सिंह ने सम्राट चौधरी से की मुलाकात

## एनएच-139 को फोर लेन करने और बटाने जलाशय परियोजना पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने पटना स्थित लोक सेवक भवन में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर लोकसभा क्षेत्र और औरंगाबाद जिले के विकास तथा राजनीतिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग-139 के फोरलेन निर्माण और बिहार-झारखंड की अंतरराज्यीय बटाने जलाशय सिंचाई परियोजना प्रमुख विषय रहे। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि पटना-अरवल-औरंगाबाद-हरिहरगंज (झारखंड सीमा) होते हुए पड़वा मोड़ (पलामू) तक जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-139 के चौड़ीकरण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को विस्तृत तकनीकी प्रतिवेदन के साथ भेजा जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 5 जून को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सचिव से हुई मुलाकात में बताया गया था कि बिहार सरकार की ओर से केवल लागत और दूरी का विवरण भेजा गया है, जबकि विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन अपेक्षित है। इस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने सचिव लौकेश कुमार सिंह को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से समन्वय स्थापित कर आवश्यक प्रतिवेदन तैयार कर भेजने का निर्देश दिया। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि यह मार्ग बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों को पटना तथा उत्तर बिहार से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय राजमार्ग है। बैठक में बटाने जलाशय परियोजना पर भी चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि लगभग 14 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई क्षमता वाली इस योजना की बाईं नहर जर्जर है, जबकि दाईं नहर अधूरी है। डैम और बराज का निर्माण पूरा होने के बावजूद तकनीकी कारणों से सिंचाई प्रभावित है। मौके पर देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक और भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह भी मौजूद थे।

# हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में 41 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 5, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 7 तथा अन्य मामलों में 29 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 270 लीटर देसी शराब, 1 कार, 1 ट्रैक्टर तथा 20 सीएफटी बालू बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1166 वाहनों की जांच की गई जिसमें 33500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 71 वारंट एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# निगरानी समिति की बैठक में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के ई-किसान भवन के सभागार में प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख ज्ञानती देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रमन सिन्हा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी निकिता कुमारी, कृषि समन्वयक, उर्वरक निरीक्षक तथा प्रखंड के सभी उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे। बैठक में किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। प्रखंड प्रमुख ज्ञानती देवी ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और निर्धारित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी निकिता कुमारी ने बताया कि सभी खुदरा उर्वरक विक्रेता उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दर पर ही की जाएगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पोस मशीन के जरिए ही उर्वरक की बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के साथ जैविक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खाद विक्रेता अपने अपने दुकानों के आगे दुकान का नाम एवं मूल्य तालिका बोर्ड लगाने तथा स्टॉक क्लियर रखेंगे। उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। किसानों को उर्वरक वितरण से पहले भूमि पता कर लेंगे और उसके अनुरूप संबधित किसान को उर्वरक का वितरण करें। किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की ओर से दो अभियान चलाया जा रहा है जिसमें एक खेत बचाओ अभियान और दूसरा धरती माता बचाओ अभियान है, जो मिट्टी की सेहत और किसानों के हित के लिए है। बिहार कृषि ऐप के बारे में किसानों को बताया गया है ताकि उन्हें पता चल सके। विभाग के पास उर्वरकों की क्या स्थिति है। पारदर्शिता को लेकर विभाग पूरी कोशिश कर रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किसानों के खेतों की मिट्टी की नियमित जांच कराने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसाओं के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे खेती की लागत कम होगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। इस कृषि समन्वयक राज कुमार, मनोहर कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# व्यावसायिक प्रयोजन में उपयोग नहीं होगा घरेलू गैस सिलेंडर

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने मंगलवार को एलपीजी गैस कंपनियों के सेल्स मैनेजरों के साथ एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता, आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी द्वारा घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की रोकथाम एवं घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर विशेष रूप से समीक्षा करते हुए दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक प्रयोजन में नहीं होने दिया जाए तथा इसकी नियमित अनुश्रवण एवं जांच सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि जिले में सभी कंपनियों के पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सामान्य रूप से बनी हुई है।

# एसपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मियों से किया संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पुलिस केंद्र में लाइन डे पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समस्या गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी समस्याएं सामने आई हैं, उनका शीघ्र समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस केंद्र में मौजूद अधिकारियों और कर्मियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान कई पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी, आवास, अवकाश, स्वास्थ्य सुविधा और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की समस्याओं का समाधान करना विभाग की प्राथमिकता है। पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सेवा और सुरक्षा में लगे रहते हैं, इसलिए उनके कार्य करने की परिस्थितियां बेहतर होना बेहद जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिसकर्मियों की हर उचित समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस बल का मनोबल ऊंचा रहना बहुत जरूरी है। इसके लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि जवानों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों और जवानों से कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की।

# विधायक ने ग्रामीणों को बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** 'बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने देव मंडल के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी लोगों के साथ साझा की। कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक ने देव प्रखंड की बेढनी पंचायत के गोपालपुर, बनिया और एरकी तथा केताकी पश्चिमी पंचायत के गोजराया, खेमचंद बीघा, तेजुबिघा, फुलवरिया, केताकी और केताकी बाजार गांवों का भ्रमण किया। इसके अलावा पूर्वी केताकी पंचायत के चेता बीघा, नकटी, खुशहालपुर और पड़रिया सहित अन्य गांवों में भी लोगों से मुलाकात की। क्षेत्र भ्रमण के दौरान त्रिविक्रम नारायण सिंह ने विशेष रूप से महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने सिंचाई सुविधा, सड़क विस्तार, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया तथा समाधान की मांग की। विधायक ने विभिन्न स्थानों पर लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनभागीदारी और सरकार की प्रतिबद्धता से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

# बटाने नदी पर डायवर्सन व पुल निर्माण को ले प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बटाने नदी स्थित पुल के डायवर्सन एवं पुल निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में प्रारंभ कराने एवं आवागमन को सुचारु बनाए रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सहायक अभियंता, एनएच-139 द्वारा अवगत कराया गया कि डायवर्सन निर्माण से संबंधित निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जानकारी दी गई कि 13 जून को तकनीकी बीड तथा 14 जून को वित्तीय बीड खोली जाएगी तथा नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण करते हुए 15 जून से डायवर्सन निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा के क्रम में बताया कि पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) से पुल निर्माण हेतु आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा विभाग द्वारा कार्य प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित पुल क्षेत्र में भारी वाहनों का परिचालन होने के कारण निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित निविदा प्रक्रिया का अनुपालन किया जा रहा है। पुल निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्माण के तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली गई।

# नीट री-एग्जाम को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नीट परीक्षा 2026 को सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े एनटीए डायरेक्टर जनरल द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाएं तथा परीक्षा संचालन के दौरान विधि-व्यवस्था की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, अभ्यर्थियों की प्रवेश पूर्व सघन जांच, प्रवेश एवं निकास की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में अधिकतम 24 परीक्षार्थियों को बैठाने तथा उनके मध्य निर्धारित दूरी बनाए रखने को अनिवार्य बताया गया। साथ ही सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पंखा, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। परीक्षा को पूर्णतः कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# महंगाई, बेरोजगारी व कानून व्यवस्था को लेकर राजद का धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर मंगलवार को जिले के सभी प्रखंड कार्यालय परिसर में एकदिवसीय राज्यव्यापी धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। सदर प्रखंड परिसर में धरना के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान में विफल रही है और जनहित के मुद्दों की लगातार अनदेखी की जा रही है। राजद नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी एवं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की सुरक्षा में कटौती को भी गलत बताते हुए कहा कि सरकार मनमाने ढंग से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का जवाब जनता आगामी समय में देगी। बिहार में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है जबकि स्वास्थ्य व्यवस्था भी बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। राजद नेता सह विरासत बचाओ संघर्ष परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने कहा कि बिहार में हत्या, बलात्कार, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। बेरोजगारी और महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन कठिन होता जा रहा है। धरना प्रदर्शन में शामिल डॉ रमेश यादव, वरीय नेता ओमप्रकाश उर्फ बादशाह यादव, सोनू मुखिया, राजू यादव, राजेश गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार, विकास यादव, विकास राय, जितेन्द्र यादव, संजय यादव सहित अन्य नेताओं ने जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी लिया।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269



BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus In 60,000 Sq.Ft.

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) | MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 | Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।


CMYK